ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • कार्तिक शुक्ल पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 18 नवम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-33 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

सलमान खान ने लगाई अनुराग की ... पेज 10 पर



### रानीताल डैम से निकलने वाली नदी में पानी का प्रवाह बंद

## पलामू में नदी का अस्तित्व मिटने के कगार पर

**संजय कुमार पांडेय**



**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर के रानीताल डैम से होकर निकलने वाली दशकों पुरानी नदी का अस्तित्व मिटने के कगार पर पहुंच गया है। इससे छठ पूजा ही नहीं नदी के घाट पर किये जाने वाले सनातनी धार्मिक कार्यक्रमों के संपादन पर भी संकट खड़ा हो गया है। विडंबना तो यह है कि जल संरक्षण के प्रयासों के इस दौर में भी नदी के अस्तित्व को बचाने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। बता दें कि रानीताल डैम के सहारे चैनपुर की इकलौती नदी का अस्तित्व दशकों से कायम थी। सूखा व अकाल की स्थिति में भी डैम के पानी ने नदी के अस्तित्व कों बचाये रखा। लेकिन हाल के वर्षो में डैम का जब जीर्णोद्धार किया गया तो सम्बंधित इंजीनियरों ने नदी के अस्तित्व की अनदेखी की। डैम से नदी में पानी प्रवाह के सभी रास्ते बंद कर दिये गये। डैम से पानी निकास के लिए बनाये गये आउटलेट की ऊंचाई बढ़ा दी गई। जिससे भविष्य में नदी को पानी मिलने की कोई संभावना ही नहीं बची है। डैम की नई व्यवस्था में पानी सीधा नहर को मिलता है। जिसके माध्यम से पानी खेतों व अलग-अलग आहर जैसे जलस्त्रोतों तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। बताया जाता है की पर्याप्त बरसात नहीं होने से सूखी नदी सिमटकर नाले में बदल गई है। इसका फायदा तटीय बासिंदो ने उठाया व कई स्थानों पर नदी भूमि पर कब्जा कर भवन बना दिये गये। भूमि माफियाओं ने तो पदाधिकारियों की शेष पृष्ठ 11 पर

## नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू, खरना आज



## गागर में सागर

### फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से 4 लाख रुपये की लूट, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** क्षेत्र में स्थित माइक्रोफाइनेंस कंपनी के कर्मी से बुधवार की रात अनुमंडल के आईटीआई मैदान के समीप अपराधियों ने 4 लाख 278 रुपए छीन लिये। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के पथरा पंचायत के पीपरडीह गांव निवासी कर्मी प्रेम कुमार चौधरी ने थाने में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने अवगत कराया है कि वे शहर के विभिन्न स्थानों से आरबीएल ,बजाज, आईडीएफसी फाइनेंस कंपनी का चार लाख दो सौ अठहत्तर रुपए कलेक्शन अपने बैग में लेकर बाइक से घर लौट रहें थे। इसी क्रम में दो लोग एक बाइक पर सवार होकर आए और पीछे से खींच कर उन्हें गिरा दिया। इसके बाद पिस्टल दिखाकर रूपये से भरा बैग छीन कर फरार हो गए। उस बैग में विभिन्न कंपनियों के चार मोबाइल फोन भी था। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि केस पंजीकृत कर मामले की अनुसंधान की जा रही है।

### झारखंड में 20 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके शिक्षक बनेंगे प्रिंसिपल

**रांची।** स्कूलों में लंबे समय से शिक्षा दे रहे प्राथमिक शिक्षकों के लिए खुशी की खबर है। काफी समय से लंबित चल रहे प्रोन्नति के मामले पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने फैसला लिया है। अब जो प्रारंभिक शिक्षक अपनी सेवा के 20 साल पूरे कर चुके हैं, उन्हें सीधे प्रिंसीपल के पद पर प्रोन्नति दी जाएगी। इसके लिए सभी उपायुक्त और जिला शिक्षा अधीक्षकों को आदेश जारी किया गया है। जो प्रारंभिक शिक्षक जिनकी सेवा 20 वर्ष पूरी हो चुकी है। उन्हें सीधे प्रिंसिपल के पद पर प्रमोशन मिल जाएगी। अब प्रिंसीपल के पद पर प्रोन्नति के लिए स्नातक प्रशिक्षित पद पर पांच वर्षों की सेवा पूरी करने की बाध्यता नहीं होगी।इस वक्त राज्य के मध्य विद्यालय के प्रिंसिपल के पद पर 97 प्रतिशत रिक्तियां हैं। इस फैसले से इन पदों को भरा जा सकेगा।

### चाईबासा ब्लास्ट - बम निरोधक दस्ते के कांस्टेबल शहीद, दो जवान घायल



**रांची।** झारखंड के चाईबासा जिले में हुए आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ 60 बटालियन के बम निरोधक दस्ते के कांस्टेबल संतोष उरांव वीरगति को प्राप्त हो गए। संतोष उरांव सीआरपीएफ के 60 बटालियन के बम निरोधक स्कॉड में कार्यरत थे। वही इस ब्लास्ट में सीआरपीएफ 60 बटालियन के ही सेकंड इन कमान एजेतो तिने और कांस्टेबल जयंता नाथ घायल हुए है। दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है।

**क्या है पूरा मामला :** झारखंड के चाईबासा जिला के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के हाथीबेड़ा में हुए आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ 60 बटालियन के एक कांस्टेबल शहीद हो गए हैं जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। घायलों में सीआरपीएफ 60 बटालियन के सेकंड इन कमांड एजेतो तिने और कांस्टेबल जयंता नाथ शामिल है।दोनो घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है।

आईईडी क्लीन करने निकले थे जवान : मिली जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ 60 बटालियन के सेकंड इन कमान एजेतो तिने अपने साथ बम निरोधक स्कॉयड को लेकर चाईबासा के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के हाथी बेड़ा जंगल में आईईडी क्लीन करने के लिए निकले थे। सूचना मिली थी कि इस इलाके मैं नक्सलियों के द्वारा बड़े पैमाने पर आईईडी जमीन के नीचे लगा कर रखा गया है। सूचना पर कारवाई करते हुए आईईडी निकालने का काम चल ही रहा था कि अचानक एक आईईडी में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट की वजह से मौके पर मौजूद बीडीडीएस टीम के सन्तोष उरांव को गंभीर चोटें आई। जबकि दो अन्य भी इसमें घायल हो गए।

**जंगल से निकाल किया गया एयरलिफ्ट :** विस्फोट की सूचना मिलते हैं आनंद-फानन में सीआरपीएफ के जवानों ने तीनों घायलों को जंगल से सुरक्षित बाहर निकाल कर हेलीपैड तक पहुंचाया, जहां हेलीकॉप्टर के माध्यम से दो सीआरपीएफ जवानों को रांची भेज दिया गया जबकि एक घायल का इलाज चाईबासा में ही किया जा रहा है।

**गुमला के रहने वाले है संतोष :** आईईडी ब्लास्ट में शहीद होने वाले संतोष उरांव झारखंड के गुमला जिले के रहने वाले हैं। वैसे सीआरपीएफ 60 बटालियन में बम निरोधक दस्ते में कार्यरत थे।

### सीएम हेमंत सोरेन ने लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियों का किया निरीक्षण, कहा

# व्रतधारियों व श्रद्धालुओं को छठ घाटों पर मिले पूरी सुविधा

**सभी नदियों, तालाबों, डैमों और अन्य जलाशयों के छठ घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लोक आस्था और उपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व आज से शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राजधानी के कांके डैम और हटनियां तालाब छठ घाटों की साफ- सफाई, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी छठ घाटों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का निर्देश अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने नदी, तालाबों, डैमों और अन्य जलाशयों में जलस्तर और गहराई वाले स्थानों को चिन्हित कर वहां सुरक्षा की विशेष व्यवस्था और सभी घाटों पर विद्युत की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि व्रतधारियों और श्रद्धालुओं को छठ घाटों पर पूरी सहूलियत और सुविधा मिले। उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा और रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार और अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### मुख्यमंत्री ने छठ पूजा की दी शुभकामनाएं

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को आस्था के महापर्व छठ पूजा के प्रथम अनुष्ठान नहाय-खाय की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। भगवान भास्कर और छठी मैया आप सभी छठव्रतियों की मनोकामना पूर्ण करें। सभी का जीवन सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण हो, यही कामना करता हूं।

## भाकपा माओवादी का सक्रिय सदस्य जितेंद्र नगेसिया ने किया आत्मसमर्पण

**उपायुक्त ने कहा, अच्छी बात है कि बंदूक छोड़ मुख्य धारा में लौट रहे हैं उग्रवादी**

**एसपी की चेतावनी, मुख्यधारा में लौटें वरना पुलिस की गोलियों का शिकार बनेंगे उग्रवादी**



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

माओवादी संगठन के सक्रिय उग्रवादी जितेंद्र नगेसिया उर्फ जितेंद्र किसान (41) ने झारखंड सरकार की उग्रवाद आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर शुक्रवार को आत्मसमर्पण किया। जितेंद्र नगेसिया वर्ष 2018 के दिसंबर माह में माओवादी संगठन से जुड़ा और करीब 4 वर्षों तक माओवादी संगठन में सक्रिय उग्रवादी के रूप में जुड़ा रहा। इस क्रम में जितेंद्र नगेसिया छिपादोहर थाना, बारेसाढ़ थाना एवं महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई घटनाओं में अपने संगठन की टीम के साथ शामिल रहा। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सुरक्षा बलों द्वारा लगातार चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के कारण माओवादी संगठन कमजोर हुए एवं पुलिस के बढ़ते दबिश के डर से कई सारे माओवादियों द्वारा किए गए आत्मसर्पण तथा साथ ही हाल में चतरा जिले में माओवादी के शीर्ष नेता नवीन यादव उर्फ नवीन जी द्वारा किये गये आत्मसमर्पण से प्रभावित होकर जितेंद्र नगेसिया ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन एवं उपायुक्त हिमांशु मोहन तथा जिले के अन्य पुलिस पदाधिकारियों के समक्ष अपने परिवार वालों की सलाह से अपनी पत्नी की उपस्थिति में आत्मसमर्पण किया। इस अवसर पर उपायुक्त हिमांशु मोहन ने कहा कि यह अच्छी बात है कि उग्रवादी बंदूक छोड़ मुख्य धारा में लौट रहे हैं। उन्होंने आत्मसमर्पण कर रहे जितेंद्र नगेसिया को बधाई देते हुए समाज का अच्छा नागरिक बनने की सलाह दी। वहीं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति के तहत कई उग्रवादी बंदूक छोड़ मुख्य धारा में लौटे हैं। इसी कड़ी में जितेंद्र नगेसिया ने भी आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने उग्रवादियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अभी भी वक्त है उग्रवादी जंगल छोड़ मुख्यधारा में लौटें। नहीं तो वे पुलिस की गोलियों का शिकार बनेंगे।

### पांच की संख्या में पहुंचे नक्सलियों ने मजदूरों को धमकाया

## टावर निर्माण कार्य बंद करने की दी धमकी, एक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना अंतर्गत अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के लोहबंधा गांव में एयरटेल कंपनी का टावर निर्माण करा रही कंपनी से नक्सलियों द्वारा लेवी मांगे जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि इस मामले में राजेश भुईयां नामक एक नक्सली को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वह हुसैनाबाद के नासो जमालपुर गांव का निवासी है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि लोहबंधा गांव में सत्येंद्र यादव के घर के बगल में एयरटेल टावर का निमार्ण कार्य चल रहा है। जहां लेवी को लेकर माओवादी संगठन के चार-पांच की संख्या में नक्सली 14 नवंबर की रात करीब साढ़े सात बजे पहुंचकर निमार्ण कार्य को बंद करा दिया। उन्होंने मजदूरों को धमकी दी कि बगैर लेवी दिये अगर काम करोगे तो अंजाम बुरा होगा। उन्होंने गांव वालों को भी धमकाया कि जो लोग टावर निर्माण कार्य में मदद करेंगे। उन्हेंं भी किसी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। इस मामले को लेकर पुलिस ने पांच नामजद और अन्य अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### मधुबन के होटल में रसोइया की गला रेत कर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**गिरिडीह।** जैन धर्मावलंबियों के तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर मधुबन के होटल शिखर में गुरुवार देर रात होटल के रसोइया राजेश कुमार की हत्या गला काट कर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप होटलकर्मी रमेश कुमार पर लगा है। मधुबन थाना पुलिस ने आरोपित रमेश कुमार को गिरफ्तार करने के साथ उसके पास रखे चाकू को भी बरामद कर लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद घटनास्थल पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए है। जानकारी के अनुसार राजेश कुमार यूपी का रहने वाला था और नौ नवंबर को मधुबन के होटल में काम करने आया था। इसी होटल में रमेश भी काम कर रहा था। बताया जाता है कि गुरुवार रात राजेश और रमेश अपने कुछ दोस्तों के साथ शराब पी रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट में बदल गया। हालांकि कुछ और दोस्तों ने दोनों के बीच मध्यस्थता कराया, लेकिन मामला इतना बढ़ा की रमेश ने राजेश की चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी।

## विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो ने की स्थापना दिवस की तैयारी की समीक्षा

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने अपने कार्यालय कक्ष में 22 नवंबर एवं 23 नवंबर को होने वाली झारखंड विधान सभा की स्थापना दिवस समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के संबंध में विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। नक्सल मुठभेड़ों में शहीद होने वाले झारखंड के जवानों तथा खेल से जुड़े लोग जिन्हें 22 नवंबर 2023 को सम्मानित किया जाना है। संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कार्यक्रम के लिए अपने नोडल पदाधिकारियों के माध्यम से कि हुए उन्हें कार्यक्रम स्थल तक पहुँचाने में सहयोग करेंगे। इसी प्रकार से चंद्रयान मिशन 3 से जुड़े झारखंड के वैज्ञानिक ,झारखंड के टॉपर छात्र छात्राओं जिन्हें पुरस्कृत किया जाना है उनकी यातायात सुरक्षा एवं आवासन के संबंध में भी जिला प्रशासन राँची को बैठक में निर्देश दिए गए।


### भव्य रूप से मनाया जाएगा झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस

**रांची।** साल 2023 के झारखंड स्थापना दिवस को भी भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा. जिसमें पिछले साल की तरह ही देश के नामी हस्तियों को बुलाया जाएगा . वहीं इस भव्य समारोह को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की उन्हें विधानसभा स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है. इसके साथही इस समारोह में विशिष्ठ अतिथि के तौर पर राज्य के सीएम हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी समेत सभी विधायकों को आमंत्रित किया गया है 22 नवंबर को मनाया जाएगा स्थापना दिवस।

### मूर्खों का सरदार, कंस मामा, गद्दार जैसे बयानों का असर पता चलेगा 3 को, जनता का निर्णय इवीएम में बंद

# किसके सर सजेगा ताज ?

**सुनील बादल**



छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव का शोर थम गया है और आज मतदान के बाद छत्तीसगढ़ की 70 सीटों में लगभग 67% तो मध्यप्रदेश की 230 सीटों पर 71% से भी अधिक मतदान के बाद प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम में सील भी हो गई है। हर चुनाव के समय जैसी उठापटक और राजनैतिक बयानबाजी होती है उससे भीड़ के साथ अन्य लोगों को भी मजा आता है जिस प्रकार रिंग में लड़ते तो दो पहलवान हैं पर उनके लाखों समर्थक या विरोधी उनकी एक-एक गतिविधि को अपनी मान लेते हैं। कई बार ऐसी बयानबाजी लंबी बहस का रूप ले लेती है और उसपर प्रतिक्रिया या पलटवार काफी दिनों तक चलती है। इस बार मध्य प्रदेश का चुनाव चार ग्रुप ए,बी,सी और डी में बांटकर एक ही दिन कराया गया उसी प्रकार इन बहसों में भाग लेने वाले लोग भी बंटे हुए हैं पहले तो वे जो एक बार सुनकर भूल जाने वाले, दूसरे घर से लेकर दोस्तों और परिजन तक चर्चा करने वाले, तीसरे इस पर लंबी बहस से लेकर चौक चौराहों तक में लड़ाई करने वाले और चौथे बहुत ही व्यावसायिक तरीके से उन बयानों को भुनाने या अपनी छवि सुधारने वाले। मध्य प्रदेश का चुनाव प्रचार कई मायनों में काफी रोचक रहा। जहां पीएम मोदी से लेकर कांग्रेस नेता प्रियंका शेष पृष्ठ 11 पर

### जब प्रियंका गांधी ने कहा गद्दार!

प्रियंका गांधी ने केंद्रीय मंत्री और अपनी पार्टी के पूर्व सहयोगी ज्योतिरादित्य सिंधिया पर हमला बोलते हुए उन्हें 'गद्दार' करार दिया। जिसपर सिंधिया ने जवाब देते हुए प्रियंका गांधी ने को पार्ट टाइम नेता करार दे दिया। इस तरह के और भी कई सियासी बयान थे जिन्हें मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान काफी प्रमुखता से प्रचारित किया गया। अब देखना है कि प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना कि मूर्खों के सरदार को सच का पता ही नहीं कि हर प्रोडक्ट या मोबाइल पर मेड इन चाइना नहीं लिखा होता बल्कि भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे मोबाइल उत्पादक देश है को लोग मानकर मामा यानी शिवराज सिंह चौहान को फिर से अवसर देते हैं या प्रचंड बहुमत को देखकर शेष पृष्ठ 11 पर

### जमशेदपुर में फायरिंग : अपराधियों ने युवक को मारी गोली, पुलिस हिरासत में तीन युवक

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में शुक्रवार को दिनदहाड़े फायरिंग हुई है। शहर में अपराधियों ने एक युवक पर गोली चलाई, जिससे वो जख्मी हो गया। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए तीन लड़कों को हिरासत लिया है। शहर के बमामाईंस थाना क्षेत्र के ईस्ट प्लांट बस्ती में अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। इस घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गयी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने घायल युवक को तत्काल टीएमएच अस्पताल पहुंचाया, जहां गंभीर हालत में उसका इलाज किया जा रहा है। घायल युवक का नाम परवेज बताया जा रहा है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है।जमशेदपुर में फायरिंग को लेकर बमामाईंस थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि फायरिंग की सूचना पर वो दलबल के साथ वहां पहुंचे और घायल लड़के को अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद मामले की जांच शुरू की। गोलीबारी की घटना को लेकर मौका-ए-वारदात पर अन्य लोगों से पूछताछ की। इस मामले में शक की बिनाह पर तीन युवक को हिरासत में लिया गया है, थाना में उन तीनों से लगातार पूछताछ की जा रही है।

## गागर में सागर

### एसडीओ-एसडीपीओ ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

**हरिहरगंज।** छठ महापर्व पर व्रतियों की सुविधा को लेकर हरिहरगंज नगर पंचायत व ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत कई छठ घाटों का शुक्रवार को अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान हरिहरगंज, सियरभूंका, कटैया आदि छठ घाटों का छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार, एसडीपीओ अजय कुमार, हरिहरगंज सीओ यामुन रविदास के साथ पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने छठ घाटों पर किए जा रहे सफाई कार्य पर संतोष व्यक्त किया. अधिकारियों ने कहा कि छठ लोक आस्था का महापर्व है। क्षेत्र के सभी छठ घाटों को युद्धस्तर पर साफ-सफाई कराई जा रही है।

### पूजा समिति ने कराई छठ घाट की साफ-सफाई

**पांकी।** प्रखंड के मंगलपुर गांव में शुक्रवार को छठ पूजा समिति के कार्यकताओं द्वारा छठ घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान पूजा समिति के लोगों ने छठ घाट की सीढ़ियों, घाट के रास्तों एवं नदी की साफ-सफाई की गई। अध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि बीते कई वर्षों से अंबा नदी छठ घाट पर भगवान सूर्य एवं छठ माता की विधिवत पूजा अर्चना बड़े ही धूमधाम से की जाती है। इस वर्ष भी भव्य तैयारी की जा रही है। प्रखंड क्षेत्र के सभी छठ घाटों की साफ-सफाई का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। लेकिन इस वर्ष बारिश कम होने की वजह से जलाशय सूख चुके हैं एवं छठ घाट पर पानी की किल्लत देखी जा रही है। जिसे लेकर छठ पूजा समिति के लोग पानी की व्यवस्था करने में लगे हुए हैं। शुक्रवार को नहाय खाय के साथ छठ महापर्व की शुरूआत हो चुकी है।

छठ महापर्व को लेकर प्रखंड प्रमुख व प्रशासन ने किया दौरा

# ट्रैफिक जाम के मद्देनजर पांकी बाजार में वाहन रूट का बदलाव

**मुख्य बाजार क्षेत्र में दो पहिया वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई**

**पांकी से मेदिनीनगर जानेवाले बस कपूरी चौक से ही वापस होंगे**



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** छठ पूजा को लेकर पांकी प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह, थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह सहित चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष एनामुल हक ने शुक्रवार को पांकी बाजार क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने हेतु वाहनों के रूट में बदलाव भी किया गया। वहीं मुख्य बाजार क्षेत्र में दो पहिया वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई। छठ पर्व तक लोहरसी से आने वाले वाहन मुख्य बाजार चौक की जगह बनखेता होकर पांकी कपूरी चौक निकलेंगे। नूरु मंझौली की तरफ से आने वाले वाहन अम्बेडकर चौक से जरही मोड़ की तरफ से निकलेंगे। पांकी से मेदिनीनगर जानेवाले बस कपूरी चौक से ही वापस होंगे। इसके साथ ही ऑटो चालक अपने वाहन सिंचाई विभाग मैदान के अंदर ही लगाएंगे। पांकी मेन रोड को छठ पूजा तक ट्रैफिक मुक्त रखा जाएगा। चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष एनामुल आजाद ने छठ पर्व को लेकर अंडा, मुर्गा, मांस, मछली के दुकानदारों को शनिवार एवं रविवार को दुकान बंद रखने का निर्देश दिया है। मौके पर उपप्रमुख अमित कुमार चौहान, पांकी मुखिया प्रेम प्रसाद, संजीव प्रसाद भी मौजूद रहे।

जिप सदस्य ने किया उद्घाटन

# देवरी खुर्द में 2.49 लाख से छठ घाट का होगा निर्माण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत में छठ घाट निर्माण कार्य का उद्घाटन उतरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता द्वारा किया गया। जिला परिषद के 15वें वित्त आयोग योजना मद की 2.49 लाख रुपये की लागत से छठ घाट का निर्माण हो जाने से व्रत धारियों को काफी सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि जिला परिषद मद से आगे भी प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य किया जाएगा। इस मौके पर देवरी खुर्द पंचायत समिति अरविंद कुमार मेहता,समाजिक कार्यकर्ता उपेंद्र मेहता, सुरेश मेहता, रमेश मेहता, उदय यादव, अमित विश्वकर्मा, अजीत मेहता, धर्मेंद्र मेहता, दीपक चौधरी, श्याम किशोर चौधरी, आशनी पांडे, पंकज मेहता,बसंत मेहता, मंटू शर्मा, सिद्धार्थ दुबे, संजय विश्वकर्मा, अवधेश पांडेय मौजूद थे। छठ घाट का निर्माण शुरू होने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है।

### हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है : राजीव



**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के ढाब कला गांव में लक्ष्मी पूजा के उपलक्ष्य पर बाल मंडली समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर राजीव रंजन ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। सनातन धर्म के सभी त्योहार भारत के संस्कृति को उजागर करते है। मौके पर शिक्षक अर्जुन, पंसस वासुदेव राम, समाजसेवी अर्जुन गुप्ता, जितेंद्र कुमार उर्फ सोनू, शिक्षक कृष्णा साव, मृत्युंजय सिंह, विजय प्रजापति, शम्भू यादव, टंटू मिश्रा, दिनेश के अलावे अध्यक्ष रामजी राम, सचिव महेंद्र भुइयां, कोषाध्यक्ष अखिलेन्द्र कुमार मौजूद थे।

# निवर्तमान अध्यक्ष व कार्यपालक पदाधिकारी पहुंचे छठ घाट



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** चारदिनी छठ पूजा को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में तैयारी अंतिम चरण मे है। शुक्रवार को छठ व्रतियों ने नहाय-खाय के साथ बिन-बरौना की प्रक्रिया पूरी की। छठ को लेकर छठ पूजा सामग्री की खरीदारी जोरों पर है। शहर के भगवान भाष्कर छठ घाट,जमुहारी माई छठ घाट, पंच सरोवर छठ घाट समेत सभी छठ घाटों को विशेष रूप से सजाने को लेकर समिति के लोग सक्रिय हैं। भगवान भास्कर छठ घाट पर साफ-सफाई, रंग रोगन व रौशनी को लेकर निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने स्थिती का अवलोकन किया। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि छठ व्रतियों के लिए हर सुविधा मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर नपं कर्मी तत्पर हैं। निवर्तमान अध्यक्ष ने बताया कि पूर्व की तरह इस बार भी व्रतियों के लिए जरूरत की सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व को सफल बनाने में सबकी सहभागिता जरूरी है। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल, समाजसेवी मनोज शर्मा,राज अली, सुनील गुप्ता,संजीत कुमार,सुनील चौधरी आदि मौजूद थे।

बीडीओ, सीओ व प्रखंड प्रमुख ने की मंत्रणा

# आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर विमर्श



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रभारी बीडीओ रणबीर कुमार ने अधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक की। जिसमें सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के सफल संचालन को लेकर विमर्श किया गया। बैठक में प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी व अंचलाधिकारी धनंजय गुप्ता भी मौजूद रहे। बीडीओ ने कहा कि अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। प्राथमिकता के आधार पर योग्य लाभुकों का चयन करते हुए अबुआ आवास योजना का आवंटन करें। उन्होंने स्थानीय प्रतिनिधियों से भी इस योजना का प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों को जागरूक करके योजना का लाभ दिलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम हुसैनाबाद प्रखंड में 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसमें अलग अलग स्टॉल लगा कर लोगों से आवेदन प्राप्त किये जाएंगे। साथ ही लोगों की शिकायतों का ऑन स्पॉट निष्पादन भी किया जाएगा। प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि सरकार की विकास योजनाओं से ग्रामीणो को लाभान्वित करना योजना का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने उपस्थित कर्मियों से योजनाओं के चयन में पारदर्शिता बरतने की बात कही। मौके पर बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा,सहायक मो. शमीम, आवास कोआर्डिनेटर विपिन कुमार सिंह,प्रभारी एमओ मनोज कुमार, पंचायत सेवक सूर्यदेव राम, वशिष्ठ तिवारी, मनरेगा सहायक अभियंता अमित मेहता,कनीय अभियंता अभिषेक कुमार, नीरज गुप्ता, शिवनाथ राम, प्रखंड कोआर्डिनेटर राजू रंजन मौजूद थे।

# धरहरा में छठ व्रतियों के बीच गेहूं का किया गया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय दिनेश चौक स्थित उत्तर कोयल नहर के जमुहारी माई छठ घाट परिसर में छठ व्रतियों के बीच गेहू का वितरण किया गया। भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता आदि ने 100 छठ व्रतियों के बीच गेहूं का वितरण किया। रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि छठ महापर्व पर व्रतियों के बीच गेंहू का वितरण कर श्री चार धाम मंदिर व जमुहारी माई छठ पूजा समिति ने सराहनीय कार्य किया है। शशि कुमार ने इस कार्य को प्रसंशनीय बताया। अजय गुप्ता ने बताया कि जमुहारी माई में छठ घाट पर पिछले सात वर्षों से छठ पूजा व मेला का आयोजन होता आ रहा है। शनिवार खरना के दिन व्रतियों के बीच फलाहार व सोमवार को भव्य भंडारा का आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा। सत्येंद्र गुप्ता, मुकेश पटेल, पवन चन्द्रवंशी, शिवपूजन प्रसाद, दीनानाथ कुमार, उपेंद्र यादव, प्रदीप पटेल, प्रवीण पटेल, जयश्री बैठा, शिवरतिया देवी, बिंदा देवी, देवनारायण भगत, सोमारू राम मौजूद थे।

### दुर्घटना में बाइक सवार की मौत



**पाटन।** पाटन-पंडवा मुख्य पथ पर माधुरी जंगल के पास सड़क हादसे में बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पाटन थाना क्षेत्र के केल्हार पंचायत के पुरनी पाटन निवासी अजय प्रसाद के पुत्र रंजन प्रसाद के रूप में हुई है।। मौके पर पहुंची पाटन व पड़वा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर अस्पताल भेजवाया।


## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या :– 02/2023-24/EE/RWD/LATEHAR — दिनांक : 17.11.2023

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR2/ SRPKG-16/2023-24 | (1) पी0डब्लू0डी0 रोड से गुमला बार्डर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 2.250 कि0मी0) | 1292.093 | रू0 बारह करोड़ बानवे लाख नौ हजार तीन सौ रूपये मात्र। | 09 माह |
| | | (2) पी0डब्लू0डी0 रोड से करकट तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 6.900 कि0मी0) | | | |
| | | (3) पी0डब्लू0डी0 रोड आराहंस से ग्राम माईल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 5.500 कि0मी0) | | | |
| | | (4) पी0डब्लू0डी0 रोड से केवरकी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 6.600 कि0मी0) | | | |
| 2 | RWD/LATEHAR3/2023-24 | आर0ई0ओ0 रोड से अविराम नर्सिंग कॉलेज तक पथ निर्माण कार्य। (लम्बाई – 0.900 कि0मी0) | 99.906 | निनान्वे लाख नब्बे हजार छः सौ रूपये मात्र। | 06 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 29.11.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 09.12.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 11.12.2023 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 311541 REO (23-24)_D

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
### जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू

Email – dddopalamu@gmail.com Contact No- 8210813662

**–:इच्छा की अभिव्यक्ति:–**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान(इग्नू शिक्षार्थी सेवा केन्द्र 32023), धुर्वा, राँची के माध्यम से IGNOU द्वारा संचालित APDF प्रशिक्षण हेतु इस जिला के अभ्यर्थियों/पशुपालकों से दिनांक–19.11.2023 तक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है, जिसका विवरणी निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | प्रशिक्षण कार्यक्रम | वांछित योग्यता | प्रशिक्षण लक्ष्य | अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अवेयरनेश प्रोग्राम इन डेयरी फार्मिंग (APDF) | प्रगतिशील डेयरी कृषक | 06 | 02 माह | |

नोंट– अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दिवस के उपरोक्त वर्णित तिथि में जिला गव्य विकास कार्यालय, सुदना, डालटेनगंज से मोबाईल सं0– 9835586928 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
पलामू

PR.NO.311489 Palamu(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

**रद्द संबंधी सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित Expression of Interest No.–RDD/SD/CHATRA/EOI-20/2023-24 (Rate Contracts for the Supply and installation of Medical Equipment/ Appliances Accessories etc. OF CHILD CARE WARD AT NAWADIH, G.P NAWADIH OF BLOCK HUNTERGANJ IN CHATRA) कार्य जिसका PR 310674 को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा।

PR.NO.311569 Rural Development(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

**रद्द संबंधी सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित Expression of Interest No.–RDD/ SD/ CHATRA/EOI-18/2023-24 (Rate Contracts for the Supply and installation of Medical Equipment /Appliances Accessories etc. OF CHILD CARE WARD AT SAJNA OF PANCHAYAT PARADIH IN CHATRA) कार्य जिसका PR 310730 को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा

PR311566 (Rural Development)23-24*D

## Office of the Executive Engineer
### Drinking Water and Sanitation Division, Latehar

**शुद्धि– पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार का ई0–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/GPT-09/23-24 (1st Call) दिनांक– 09.11.23 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR 311130 Drinking Water and Sanitation(23-24)_D से प्रकाशित है। जिसे निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है।

**प्रकाशित सूचना**

Detail of work;-

| Sl No | Name of work | Group No | No of T/Well | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const. of 300x125 mm dia and **60 mtrs deep GPT T/Well** with installation of Im-II Hand pump with 32 mm dia. GI Medium class riser pipe by DTH Rig Machine with 125 mm dia Blue Casing UPVC pipe with drain & Platform on Turn key basis in Different location in Latehar Dist for the Year 23-24. | LTR/GPT/60-01 | 45 | 6574112.00 | 132000 | 10000 | 90 days |

**संशोधित सूचना**

Detail of work;-

| Sl No | Name of work | Group No | No of T/Well | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const. of 300x125 mm dia and **60 mtrs deep GPT T/Well** with installation of Im-II Hand pump with 32 mm dia. GI Medium class riser pipe by DTH Rig Machine with 125 mm dia Blue Casing UPVC pipe with drain & Platform on Turn key basis in Different location in Latehar Dist for the Year 23-24. | LTR/GPT/60-01 | 45 | 6627608.00 | 133000 | 10000 | 90 days |

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR.NO.311505 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

## जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा।

**आम सूचना**

राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण हाने के उपलक्ष्य में इस वर्ष भी दिनांक 24 नवम्बर, 2023 से 26 दिसम्बर, 2023 तक "आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम का आयोजन चतरा जिला के सभी पंचायत में किया जाना है। इस निमित पूर्व की भांति सभी पंचायतों में शिविर लगाया जायेगा, जिसमें आम जनता/ग्रामीण अपना आवेदन जमा कर सकेगे तथा आवेदन पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

अतः जिला प्रशासन चतरा जिला के वासियों से अपिल करता है कि अपने अपने पंचायतों में आयोजित शिविर कार्यक्रम में भाग ले तथा अपनी समस्याओं को आवेदन के माध्यम से अवगत करायें। दिनांक 24.11.2023 से 07.12.2023 तक का कार्यक्रम विवरणी तिथिवार निम्न प्रकार है, जिसे प्रखण्डों से भी प्राप्त किया जा सकता है या चतरा जिले के वेबसाईट–www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

| क्र0 | शिविर आयोजन की तिथि | पंचायत |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | 24-11-2023 | घोरीघाट, नावाडीह पनारी, बेंगोकला, मोकतमा, कोनी, कदगांवाकला, नावाडीह (पत्थलगड्डा) जिरवाखूर्द एवं पदमपुर, |
| 2 | 25-11-2023 | रिमी, जबडा एवं मझगांवा |
| 3 | 28-11-2023 | भरही, मीरपूर, नावाडीह, कोल्हैया, डाढा, धूना, फुलांग, जबडा एवं धनगडा |
| 4 | 29-11-2023 | सिलदाग, खुटी केवाल खुर्द, बारीसाखी एवं बरवाडीह |
| 5 | 30-11-2023 | हुमाजांग, डाहा, सिकीद, ईटखोरी, कसारी एवं नावाडीह उर्फ तेलियाडीह |
| 6 | 01-12-2023 | सिकीदाग एवं गेरूवा |
| 7 | 02-12-2023 | एघारा, मधनिया, लेंजवा, तुलबुल, बरैनी, टोनाटांड़, पेटादरी, सेरनदाग एवं मिश्रौल |
| 8 | 04-12-2023 | डुमरवार, गेंजना, पाण्डेयपुरा खुर्द, पाराडीह, पितिज सिंघानी, कबरा एवं बगरा |
| 9 | 05-12-2023 | बलूरी एवं गिद्धौर |
| 10 | 06-12-2023 | बरूरा, मरगडा, औरू, राजपुर, आरा, हलमता, सोकी, जांगी एवं पोकला उर्फ कसियाडीह |
| 11 | 07-12-2023 | लावालौंग एवं डुमरी कला |

उप विकास आयुक्त,
चतरा।

PR 311529 (Rural Development) 23-24 (D)

## गागर में सागर

### नींद खुली तन्हाई है का लोकार्पण आज

**मेदिनीगर।** एमजे अजहर की शख्सियत व शायरी पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार सह नींद खुली तन्हाई है का लोकार्पण समारोह होटल शांति पैलेस जेलहाता में 18 नवंबर को किया जाएगा। सुबह10:30 बजे से आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन प्रथम महापौर अरुणा शंकर करेंगी। अध्यक्षता प्रो.जफर कमाली (सीवान) जबकि संचालन शिक्षक नेता परशुराम तिवारी करेंगे। कार्यक्रम में बज्म ए सदफ के निदेशक प्रो.सफदर इमाम कादरी (पटना) भाग लेंगे। उक्त जानकारी अदबी संसार के अध्यक्ष इमरान शाद ने दी।

### सड़क दुर्घटना में दंपति घायल, पत्नी गंभीर

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के गांव गड़ेरिया डीह निवासी अशोक राम व उनकी पत्नी कविता देवी उम्र 35 वर्ष सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। हादसे में घायल अशोक ने बताया कि गुरुवार की शाम वे दोनों बाइक से मेदिनीनगर जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में बाइक अनियंत्रित हो जाने से दोनों गिर पड़े। स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद भी कविता की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### समाजसेवी ने किया ईख का वितरण



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नम्बर 5 निवासी मेयर प्रत्याशी समाजसेवी प्रयागराज चंद्रवंशी ने छठ पूजा के पावन अवसर पर छठ व्रतियों के बीच ईख का वितरण किया। कार्यक्रम के मौके पर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, वार्ड पार्षद नीरा देवी ने छठ व्रतियों को ईख प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी। प्रयागराज ने बताया कि छठ व्रतियों में वितरण के लिए 20 पिकअप ईख मंगवाया गया है। उन्होंने बताया कि शहर के विभिन्न इलाकों में भी वितरण किया जाएगा।

### रेल यूनियन व टीटीई स्टाफ ने किया आम की लकड़ी का वितरण

**मेदिनीनगर।** रेल यूनियन एवं टीटीई स्टाफ द्वारा शुक्रवार को टीओपी-2 थाना के सामने माता कमला देवी चिल्ड्रन शेड में छठ व्रतधारियों के बीच आम की लकड़ी का वितरण किया गया। इस दौरान एडिशनल कलेक्टर सुजीत कुमार सिंह, टीटीई स्टाफ व रेल यूनियन के पदाधिकारियों ने 10 क्विंटल लकड़ी का वितरण किया। एडिशनल कलेक्टर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि छठ महान पर्व है। इस व्रत में आम की लकड़ी की विशेष आवश्यकता पड़ती है। व्रतियों के लिए आम की लकड़ी उपलब्ध कराना बड़ा पुण्य का काम है। उन्होंने खासतौर पर डीटीई इंस्पेक्टर बीएम पांडे की इस कार्य के लिए सराहना की। टीटीई धनबाद मंडल के उपाध्यक्ष सह रेल यूनियन के संयुक्त महासचिव इंस्पेक्टर बीएम पांडेय ने कहा कि व्रतियों को प्रसाद बनाने व हवन के लिये जितनी आम की लकड़ी की जरूरत होगी। उन्हें उपलब्ध कराई जाएगी।

### छठ पूजा सामग्री का वितरण

**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा छठव्रतियों के बीच सूती साड़ी, नारियल, केला, सेव, अगरबत्ती, कपूर, सिंदूर एवं अन्य पूजा सामग्रियों का वितरण किया गया। वितरण स्थल पर सुबह से ही छठव्रतियों का तांता लगा रहा। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि ट्रस्ट हर साल इस तरह का अभियान संचालित करता है। वितरण कार्य में विवेक वर्मा, सुनील पांडे,अर्पणा पांडे, शुभम बिहारी, लक्ष्य श्रेष्ठ, सौभाग्य, सृजन, सुमन, रौशनी, काजल, रागिनी आदि ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई।

### छठ व्रतियों में फलों का वितरण

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी व अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष सह सदर प्रखंड सचिव उमेश सिंह चेरो ने सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम सुआ के जामुन टोला में छठ व्रतियों के बीच पूजा सामग्री व फल का वितरण किया। अपने संबोधन में श्री तिवारी ने कहा कि छठ पर्व हमें मिलकर खुशी मनाने का संदेश देता है। उन्होंने नागरिकों को महापर्व की शुभकामनाएं दीं। मौके पर विरेंद्र सिंह चेरो, कांति सिंह, प्रकाश सिंह, सुमन देवी, आशा देवी, नीलम देवी, दिनेश सिंह उपस्थित थे।

### सफाईकर्मी की मौत से शोक

**मेदिनीनगर।** सेवा सदन सफाई कर्मियों के मोहल्ला में रहने वाले सफाई कर्मी विजय राम की मौत हो गई। बताया जाता है कि वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। सफाईकर्मी कर्मी का राजा हरिश्चंद्र घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा व्यवसाय प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दीपू चौरसिया ने मोहल्ले में जाकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने परिजनों को खाद्यान्न देकर उन्हें राजा हरिश्चंद्र घाट से प्रमाण पत्र भी लाकर दिया।

# कार दुर्घटना में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेहला थाना क्षेत्र के सुलुमदाग निवासी हरिहर राम के पुत्र उपेंद्र चंद्रवंशी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि उपेंद्र अपने ससुर सीताराम राम के उपचार के लिए गुरुवार को मेदिनीनगर स्थित डा. अरुण शुक्ला के पास गये थे। इसी दौरान क्लीनिक के पास एक वैगन आर कार की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद शहर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस ने संबंधित कार को अपने कब्जे में ले लिया है। टाइगर मोबाइल के जवान संतन कुमार व राकेश कुमार सिंह ने भी अस्पताल पहुंच आवश्यक जानकारी हासिल की।

#### चाय दुकान के बगल में प्रतिमा स्थापित किये जाने से जताया रोष

# राजा मेदिनीराय की प्रतिमा के अपमान पर भड़का राजपरिवार



अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** पलामू के ख्यातिलब्ध शासक राजा मेदिनीराय के अपमान पर राजपरिवार के सदस्य भड़क उठे हैं। कचहरी परिसर में चाय दुकान के बगल में कूड़ेदान के समीप मेदिनी राय सहित शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा स्थापित किये जाने पर गहरा रोष जताया है। नावा जयपुर के वीर विक्रम बख्श राय, अश्विनी राय, सुरेश बख्श राय आदि ने कहा कि पलामू के राजा मेदिनीराय अपनी उपलब्धियों के लिये प्रसिद्ध हैं। उन्हीं के नाम पर डालटनगंज शहर का नाम बदलकर मेदिनीनगर किया गया है। जबकि शहीद नीलांबर-पीतांबर के नाम पर राजकीय विश्वविद्यालय का संचालन किया जा रहा है। पलामू ही नहीं समस्त झारखंड में उक्त महापुरूषों का नाम आदर के साथ लिया जाता है। जबकि पिछले दिनों कचहरी परिसर में उक्त सभी महापुरूषों की प्रतिमा ह्यूम पाइप पर स्थापित किया जाना महापुरूषों का अपमान है। प्रतिमा के पीछे ही कूड़ादान रखा है। जिसमें चाय पीने के बाद नागरिक कुल्हड़ फेंकते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

## पहले दिन कद्दू-भात प्रसाद का व्रतियों ने लगाया भोग

# नहाय-खाय के साथ महापर्व शुरू, व्रतियों ने नदी में लगाई डुबकी

**शनिवार को छठ व्रती घाट जगाने के साथ शाम में करेंगे खरना**

**अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ महापर्व का समापन**





नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनार।** लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ शुक्रवार से शुरू हो गया। पहले दिन व्रतियों ने सुबह नदी व अन्य पवित्र जलाशयों में स्नान कर भगवान भास्कर को जल अर्पित किया। इसके उपरांत नेम-निष्ठा के साथ अरवा चावल का भात व कद्दू की सब्जी बनाकर ग्रहण किया। इसी के साथ चार दिनी सूर्योपासना का महापर्व प्रारंभ हो गया। शनिवार को छठ व्रती घाट जगाने के साथ शाम में खरना करेंगे। रविवार को छठ घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ व्रती महापर्व का समापन करेंगे। शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी छठ पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। व्रतियों के परिजन फल व पूजा सामग्री की अंतिम रूप से खरीदारी करने में जुटे हैं। जगह-जगह बज रहे छठ गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। पूजा को ले मन्नत मांगने वाले भारी संख्या में छठ व्रती भिक्षाटन करते देखे जा रहे हैं। छठ घाटों की साफ्र-सफाई का काम गुरुवार को भी जारी रहा। विभिन्न कमेटी व स्वयंसेवी संगठन के लोग इस कार्य में लगे रहे। समाजसेवी संगठन समेत स्थानीय ग्रामीणों ने अपने स्तर पर मेदिनीनगर कोयल नदी स्थित विभिन्न छठ घाटों, अमानत नदी छठ घाट समेत जिले के तालाब, नदी व सरोवरों की सफाई की। साथ ही प्रमुख घाटों पर सजाने-संवारने का काम भी युद्धस्तर पर जारी है।

### छठ पूजा सामग्रियों की कीमतों में इजाफा

पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष छठ पूजन सामग्रियों की कीमतों में इजाफा नजर आ रहा है। सूप 150 से 400 रुपए जोड़ा,दौरी एकहरा 200 से 250 रुपए प्रति पीस,दौरा दोहरा 250 से 300 रुपए प्रति पीस,पंखा 30 रुपए प्रति पीस,झाड़ू 30 से 40 रुपए प्रति पीस,गुड़ 45 रुपए प्रति किलो,घी 550 से एक हजार रुपए प्रति किलो,लौकी 30 से 40 रुपए प्रति किलो,कच्चा केला 40 रुपए प्रति किलो,आंवला 25 रुपए प्रति किलो,मूली 30 रुपए प्रति किलो,शक्करकंद 40 रुपए प्रति किलो,बादाम 70 से 80 रुपए प्रति किलो,कंदा 50 रुपए प्रति किलो,पका केला 50 से 60 रुपए प्रति दर्जन,सेव 100 से 160 रुपए प्रति किलो,इलाहाबादी अमरूद 160 रुपए प्रति किलो,अनार 180 रुपए प्रति किलो,कीवी 120 रुपए प्रति किलो,मौसमी 60 रुपए प्रति किलो,रामफल 160 रूपए प्रति किलो,आलू बुखारा 280 रुपए प्रति किलो,अंगूर 160 रुपए प्रति किलो,अन्नानास 140 रुपए प्रति पीस,गरी गोला 200 रुपए प्रति किलो,ताल मखाना 500 रुपए प्रति किलो,किशमिश 200 रुपए प्रति किलो,छोहाड़ा 200 रुपए प्रति किलो,नारियल 25 रुपए प्रति पीस,ढकना-दीया सहित 70 रुपए प्रति जोड़ा,ढकना बगैर दीया के 60 रुपए प्रति जोड़ा,चना दाल 80 से 85 रुपए प्रति किलो,गेहूं 45 से 50 रुपए प्रति किलो,चावल कतरनी 40 से 50 रुपए प्रति किलो,चावल सोनम 60 रुपए प्रति किलो,चावल सोनाचुर 90 रुपए प्रति किलो,चना 80 रुपए प्रति किलो की दर से बिक रहा है। यह पिछले वर्ष से 20 से 30 प्रतिशत अधिक बताया जा रहा है।

#### इंकलाबी नौजवान सभा ने धरना देकर जताया विरोध

# बिना मीटर रीडिंग के आ गये लाखों रुपए के बिजली बिल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) ने 16 नवंबर को मेदिनीनगर बिजली कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना दिया। धरने की अध्यक्षता आरवाईए जिला सचिव पवन विश्वकर्मा ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरवाईए नेत्री दिव्या भगत ने आरोप लगाया कि इस वर्ष अचानक पूरे जिले में ग्रामीणों को हजारों-लाखों रुपए के बिल के नोटिस जारी कर दिए गए। जिन गांवों में बिजली कनेक्शन नहीं गया है। वहां भी बिल का नोटिस दिया जा रहा है। कई गांवों में एक किसान के नाम पर दो से तीन बिल जारी किया गया है।



इससे ग्रामीणों के होश फाख्ता हो गये हैं। उन्होंने कहा कि पलामू में वैसे ही विद्युत आपूर्ति की स्थिति बदहाल है। ऊपर से बिना मीटर रीडिंग के भारी भरकम बिल जारी किया जाना पूरी तरह से अव्यवहारिक है। दो वर्ष से भीषण सुखाड़ की मार झेल रहे किसानों के तो बिल देखकर होश उड़ गये हैं। किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बीएन सिंह ने कहा की लोन की वजह से आये दिन किसानों की आत्महत्या की खबरें आती रहती हैं। खेती करना घाटे का सौदा हो गया है। उस पर से पलामू में पिछले दो सालों से अकाल पड़ रहा है। ऐसे समय में हजारों -लाखों रुपए किसान कहां से देंगे। उन्होंने जिला प्रशासन से बिजली बिल माफ करने की मांग की। मौके पर जिला कमेटी सदस्य अखिलेश यादव, अभिषेक रंजन, कबीर मियां, सुमित्रा देवी, प्रमिला देवी, गणेश पासवान, अनंत राम, कांति देवी, देवांति देवी, जाहिर मियां आदि मौजूद रहे।

### पर्यावरणविद् को मिला सम्मान

**मेदिनीनगर।** उड़ीसा के दो दिवसीय प्रवास के दौरान विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल को सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों में आयोजित पर्यावरण संरक्षा कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि सहभाग किया। जहां छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के महत्व से परिचित कराते हुए पर्यावरणविद् ने उन्हें पेड़-पौधों का संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। सभी को जल, जंगल व जमीन को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए।

# हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर तरहसी थाना की पुलिस ने दो युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में लेस्लीगंज डीएसपी आलोक कुमार टूटी ने बताया कि 16 नवंबर की रात में गश्त के दौरान पुलिस ने सेलारी पंचायत भवन के बगल स्थित शिव मंदिर के सामने देशी पिस्तौल एवं गोली के साथ दो युवकों को धर दबोचा। युवकों ने अपना नाम करण सिंह उर्फ सूरज सिंह पिता स्व० लखराज सिंह व सौरभ कुमार पासवान पिता संजय कुमार पासवान दोनों निवासी छकनाडीह तरहसी बताया। पुलिस ने बताया



कि आरोपी हथियार से लोगों को डराने-धमकाने का काम करते थे। दोनों आरोपी कहीं लूटपाट करने के इरादे से अवैध पिस्तौल के साथ घूम रहे थे। पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस दल का नेतृत्व तरहसी थाना प्रभारी जयप्रकाश पासवान व पुअनि सुमित कुमार ने किया।

# बगैर गारंटी के विद्यार्थी पा सकते हैं 15 लाख तक लोन



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार की गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के लिए वरदान से कम नहीं है। इस योजना के तहत राज्य सरकार ने विद्यार्थियों के लिए बैंक लोन की व्यवस्था की है। जिसके लिए धारक छात्र या छात्रा को किसी भी तरह की बैंक गारंटी देने की आवश्यकता नहीं है। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना में सरकार महज चार प्रतिशत ब्याज पर जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को15 लख रुपए तक की राशि ऋण के रूप में देगी। इसके लिए विद्यार्थी को गारंटर के साथ पैतृक जमीन का दस्तावेज भी देने की आवश्यकता नहीं है। लोन भी कोर्स की समाप्ति के बाद भरना होगा। झारखंड राज्य ने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना पश्चिम बंगाल की तर्ज पर लागू किया है। इसके लिए सरकार ने वर्ष 2022–23 के राजकीय बजट में 26 करोड़ से भी ज्यादा राशि आवंटित की है। योजना की बड़ी विशेषता यह है कि इसमें आय प्रमाणपत्र की कोई बंदिश नहीं है। इसके तहत इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट कोर्स के साथ लॉ की पढ़ाई के लिए भी लोन की सुविधा दी जा रही है। पलामू के उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि निश्चित रूप से इस योजना से छात्र-छात्राओं को काफी राहत मिलेगी। लोन की 30 प्रतिशत राशि विद्यार्थी व शेष 70 प्रतिशत राशि संबंधित संस्थान के खाते में जाएगी।

#### नगर निगम बागवानी को करेगा प्रोत्साहित

# दिवाली व छठ पूजा के वेस्ट से तैयार होगा कंपोस्ट



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छठ व दिवाली पर्वों के दौरान फेंके गए वेस्ट से कंपोस्ट खाद तैयार किया जाएगा। इस खाद से बागवनी व पौधरोपण को बढ़ावा दिया जाएगा। दरअसल दिवाली व छठ पूजा के उपरांत प्रयोग में लाये जाने वाले केला के थम एवं गन्ना के वेस्ट को श्रद्धालुओं द्वारा फेंक दिया जाता है। मेदिनीनगर नगर निगम ने पहल करते हुए केला व गन्ना के वेस्ट से कंपोस्ट तैयार करने की योजना तैयार की है। इसके तहत नगर निगम सबसे पहले सभी प्रकार के कचरा को एक जगह जमा कर रहा है। उसके बाद एकत्रित कचरा में से प्राकृतिक वेस्ट केला, गन्ना व अन्य फल सामग्रियों को छांटा जा रहा है। कंपोस्ट तैयार करने के लिए नगर निगम ने चार बड़े गड्ढे तैयार करवाये हैं। इन्हीं गड्ढों में सभी वेस्ट को डाला जा रहा है। कचरों की मात्रा बढ़ने के साथ ही और गड्ढे तैयार करवाये जा रहे हैं। जिनमे अवशेष कचरों को भरा जा रहा है। नगर निगम के आयुक्त जावेद हुसैन ने बताया कि वेस्ट से तैयार कंपोस्ट को बागवानी पौधरोपण में इस्तेमाल किया जायेगा।

**उपासना** | नागरिक मंच ने किया छठ व्रतियों में पूजन सामग्री का वितरण

# भगवान सूर्य परिवार व शहर पर कृपा बनाये रखें : अरुणा शंकर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर एवं प्रथम महापौर अरुणा शंकर के सौजन्य से शुक्रवार को नागरिक मंच के नेतृत्व में चैनपुर सूर्य मंदिर तालाब प्रांगण व कोयल रिवर फ्रंट में हजारों श्रद्धालुओं के बीच छठ सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि श्रद्धा एवं आस्था से मनाया जाने वाला यह हिंदुओं का सबसे महान पर्व है। हम सब सूर्य की आराधना कर अपने परिवार एवं समाज पर कृपा बनाये रखने की आराधना करते हैं। चैनपुर नागरिक मंच के सदस्य काशी प्रसाद कमलापुरी, विरेंद्र प्रसाद, दिनेश प्रसाद,सुरेश कुमार,अशोक दास, दिनेश कमलापुरी, पप्पू कुमार, चंदू कमलापुरी



आदि ने कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रथम महापौर को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन उमेश गुप्ता ने किया। कोयल रिवर फ्रंट में वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के रीजनल उपाध्यक्ष आकर्ष आनंद, विक्रम सिंघानिया, पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष आनंद शंकर, भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा, चेंबर उपाध्यक्ष कृष्ण प्रसाद अग्रवाल, सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल, आलोक माथुर, रितेश कुमार, प्रदीप कुमार बाबुल, रिंकू दुबे, सुधांशु शेखर, सुनील गुप्ता, सुबोध गुप्ता आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि सह चैंबर सदस्य विजय ओझा ने किया।

## गागर में सागर

### 20 सूत्री अध्यक्ष ने की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेने की अपील



**खरौंधी।** 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने प्रखंड में आयोजित होने वाले सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्रखंडवासी को भाग लेकर सफल बनाने की अपील की है। साथ ही 20 सूत्री अध्यक्ष ने बताया प्रखंड में 24 नवंबर से सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम आयोजित होने वाले हैं, जिसमें ग्रामीण पंचायत के विकास से संबंधित आवेदन दे सकते हैं। कार्यक्रम में हर विभाग के अलग-अलग स्टॉल लगाकर लोगों से आवेदन लिया जायेगा। प्रत्येक स्टॉल पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन का कार्यक्रम में ही रजिस्ट्रेशन कर दिया जायेगा। आवेदन के निष्पादन के लिए पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिया गया है। साथ ही बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने योग्य लाभुकों को अबुवा आवास देने की घोषणा की है, जिसका रजिस्ट्रेशन उक्त कार्यक्रम में किया जायेगा। कार्यक्रम में प्राप्त आवेदन से ही अबूवा आवास के लिए लाभुकों का डाटा तैयार किया जायेगा। इसके पश्चात ही योग्य लाभुकों को अबुवा आवास का लाभ मिल सकता है। इस लिए प्रखंडवासी पहले से ही इसकी तैयारी करके रखे ताकि सत प्रतिशत योग्य लाभुकों को इसका लाभ मिल सके।

### कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव माली मंत्री मिथिलेश से मिले

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली ने गुरुवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर उनसे मुलाकात की। माली ने मंत्री को 101 कन्याओं के सामूहिक विवाह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। साथ ही सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था कराने का आग्रह किया। माली ने कहा कि मंत्री ने आश्वासन दिया है कि कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। साथ ही कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भी रहेंगे। मौके पर डॉक्टर यासीन अंसारी मौलाना हुमर नूरानी, आसिफ खान विभूति पांडे रमजान हाशमी आदि उपस्थित थे।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के आमवाडीह गांव निवासी चमन साह का पुत्र अर्जुन साह (25) शुक्रवार को बघमनवा जंगल में महुआ के पेड़ में रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने इसकी सूचना केतार थाना को दी। घटना की जानकारी के पश्चात एसआई उस्मान सेख घटनास्थल पर पहुंचकर शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। मृतक का एक पुत्र और एक पुत्री है। इस घटना से गांव में छठ की खुशी मातम में बदल गयी है। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस उक्त मामले की जांच कर रही है।

### चिनिया थाना क्षेत्र के विलैती खैर गांव में हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात

**चिनिया।** थाना क्षेत्र में 15 दिनों बाद फिर से हाथियों का आगमन शुरू हो गया है। गुरुवार रात करीब 2:00 बजे दर्जनों की संख्या में हाथियों ने विलैती खैर गांव में पहुंचकर कई किसानों के खेतों में लगी धान की फसल व काट कर रखे गए खलिहान में धान के बोझे को सफाचट कर तहस-नस कर दिया। पीड़ित किसानों में मुरटंगी टोला निवासी राम परीखा भूइहर के खलिहान में रखे हुए लगभग 10 बोझा धान को हाथियों ने सफाचट कर दिया, जबकि लगभग 50 बोझा धान को हाथियों ने तहस-नस कर दिया है। हाथियों ने एक शौचालय व घर के बाहर रखा हुआ एक खटिया को भी तोड़ दिया। वहीं संजय शाह, नंदू सिंह, भगवानी कुंवर के खेतों में पककर तैयार धान की फसल को हाथियों ने सफाचट कर दिया। पीड़ित किसानों ने बताया कि छठ पर्व बाद से फसल को काटने की तैयारी में थे लेकिन हाथियों ने फसलों को सफाचट कर दिया। हम लोग विभाग से यह मांग करते हैं कि बर्बाद हुई फसलों का मुआयना कर हम लोगों को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाए। पूछे जाने पर चिनिया प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि वन विभाग की टीम उक्त स्थलों पर पहुंचकर मुआयना कर चुकी है। सभी पीड़ित किसानों को सरकारी प्रावधान के हिसाब से मुआवजा जरूर दिया जाएगा।

### पुलिस ने खुरी बॉर्डर पर दंडाधिकारी की मौजूदगी में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई

**चिनिया।** पुलिस ने छत्तीसगढ़ से सटे झारखंड के खुरी बॉर्डर पर दंडाधिकारी की मौजूदगी में सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ा दिया है। पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर खुरी गांव में चिनिया पुलिस के द्वारा बैरीकेडिंग लगाकर सभी तरह के वाहनों की जांच की जा रही है। उपायुक्त शेखर जमूवार के निर्देश के बाद दंडाधिकारी की भी नियुक्ति की गई है। वहीं शुक्रवार को पूछे जाने पर दंडाधिकारी अनुज कुमार रवि ने बताया कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड के चिनिया थाना क्षेत्र के खुरी गांव में बॉर्डर पर पुलिस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस दौरान आने सभी वाहनों की जांच गहू पूर्वक की जा रही है।

## खरना आज, कल दिया जाएगा अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य, छठ घाटों को अंतिम रूप देने में जुटे लोग

# नहाय-खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व शुरू





**नवीन मेल संवाददाता। केतार/श्रीबंशीधर नगर /भवनाथपुर/मेराल/ गढ़वा**

नहाय-खाय के साथ ही लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार से शुरू हो गया। शनिवार को खरना होगा। रविवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। इसके बाद सोमवार को उदीयमान सूर्य को छठ व्रती अर्घ्य देंगे। इसके साथ ही छठ महापर्व संपन्न हो जायेगा। छठ महापर्व के पहले दिन छठ व्रतियों ने पंडा, ढाढ़रा और सोन नदी में स्नान कर पूजा अर्चना की। इसके पश्चात अपने-अपने घरों में पवित्रता के साथ पीतल के बर्तन में कद्दू, भात और चना की दाल को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। छठ महापर्व को लेकर केतार प्रखंड क्षेत्र में खास उत्साह देखा जा रहा है। मुकुंदपुर गांव के सुप्रसिद्ध नारायण वन छठ घाट, अमराहीदह छठ घाट, बत्तों कला छठ घाट, केतार छठ घाट, बांसडीह के बुढ़ी खाड़ छठ घाट और मेरौनी छठ घाट सहित विभिन्न गांवों के पंडा और सोन नदी किनारे छठ घाट बनाया गया है। स्थानीय कमेटी द्वारा साफ सफाई और विधि -व्यवस्था की गयी है। इधर, प्रखंड के मुकुंदपुर के सुप्रसिद्ध नारायण वन छठ घाट पर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सूर्य नारायण वन मंदिर और मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है। छठ घाट और मेला परिसर पर निगरानी रखने के लिए 25 सीसीटीवी कैमरे लगाये जा हैं, जबकि ड्रोन कैमरा से भी निगरानी रखी जायेगी। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार की शाम तक सभी तैयारियां पूरी कर ली जायेगी। यहां पर छठ व्रतियों को किसी भी तरह की कठिनाइयां नहीं होंगी। उल्लेखनीय है कि नारायण वन छठ घाट पर झारखंड के अलावा सीमावर्ती राज्य बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और बंगाल से हजारों छठ व्रती छठ पर्व करने आते हैं। ऐसे में छठ व्रतियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो मंदिर कमेटी ख्याल रख रही है।

**सिपाहियों ने की साफ-सफाई :** केतार थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो के नेतृत्व में थाना के सिपाहियों ने नारायण वन छठ घाट पर मंदिर परिसर और पार्किंग स्थल की साफ सफाई की। थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने कहा कि नारायण वन की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। यहां पर छठ व्रतियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। छठ घाट पर जगह-जगह पर वाच टावर लगाकर पुलिस छठ घाट और मेला परिसर पर नजर रखेगी। उन्होंने कहा कि छठ घाट व मेला परिसर में तैनात परुष व महिला पुलिस और अधिकारियों का मोबाइल नंबर पर जगह-जगह पर चिपकाया जायेगा। किसी भी तरह की सूचना देने के लिए लोग इस पर कॉल कर सकते हैं।

**छठ पर्व को लेकर सक्रिय नहीं हैं बीडीओ :** केतार प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास पूर्वक लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा मनाया जा रहा है, लेकिन अब तक बीडीओ छठ पर्व को लेकर सक्रिय नहीं दिख रहे हैं। प्रखंड के मुकुंदपुर के सुप्रसिद्ध नारायण वन, अमराहीदह, बूढ़ी खाड़, मेरौनी सोन नदी, खैरवा सोन नदी, पाचाडुमर सोन नदी, बत्तों कला सूर्य मंदिर छठ घाट, परती कुशवानी सोन नदी छठ घाट, बलीगढ़ ढाढ़रा नदी छठ घाट, केतार पंडा नदी छठ घाट सहित अन्य गांवों के पंडा और सोन नदी तट पर बड़ी संख्या में छठ व्रती छठ पूजा करते हैं, लेकिन अभी तक प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने एक भी छठ घाटों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा नहीं लिया है। अभी भी कई छठ घाटों पर तैयारी अधूरी है और न ही मजिस्ट्रेट की नियुक्ति हुई है।

**थाना प्रभारी ने घाटों का निरीक्षण किया : मेराल।** थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने शुक्रवार को विभिन्न छठ घाटों को निरीक्षण किया। इस दौरान सरस्वतीया नदी शिव मंदिर छठ घाट, स्टेशन रोड शिव मंदिर तालाब छठ घाट, नेनुआ मोड छठ घाट, मुड़ल टोला युरिया नदी छठ घाट के अलावे अन्य कई छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना राम आदि मौजूद रहे।

### पिछले वर्ष की तुलना में 20 से 40 प्रतिशत बढ़े पूजा सामग्रियों के दाम



**गढ़वा।** नहाय-खाय के साथ ही शुक्रवार से सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ शुरू हो गया है। महापर्व के के पहले दिन व्रतियों ने अरवा चावल, चना का दाल और कद्दू की सब्जी खाने की रसम पूरी की। बता दें कि पूरी दुनिया में छठ व्रती उगते हुए सूरज के साथ डूबते हुए सूर्य की भी पूजा करते हैं। वहीं नगर परिषद ने वार्ड 21 स्थित जागृति संघ टंडवा, वार्ड 18 व 19 स्थित जय देवी संघ व दबगर मोहल्ला टंडवा तथा वार्ड नंबर आठ स्थित भास्कर क्लब नगवां छठ घाट की सफाई कराई। छठ पूजा को लेकर शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर अस्थाई दुकानें लगाई गई हैं। इस क्रम में शहर के मझिआंव मोड़ स्थित सरस्वतीया नदी पुल के पास छठ पूजा को लेकर सड़क के किनारे अस्थाई दुकानें लगाई गई हैं। दुकानदारों ने बताया कि कि पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष पूजन सामग्री के दामों में 20 से 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि बांस से निर्मित सूप 140 रुपये से लेकर 180 रुपये प्रति पीस की बिक्री की जा रही है।

### आज खरना के साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ होगा

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड में लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। छठ व्रतधारी सुरेखा गुप्ता एवं शालिनी गुप्ता ने कहा कि जो भी निष्ठा भाव से विधिपूर्वक पर्व करता है, वह संतान सुख से कभी अछूता नहीं रहता। छठी मईया में इतना सत्य है कि मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। माना जाता है कि छठ पर्व पर संतान की सुख समृद्धि और दीघार्यु की कामना के लिए सूर्य देव और षष्ठी माता की स्तुति की जाती है। वहीं श्री बंशीधर मंदिर सूर्य घाट पर छठ पूजा को लेकर तैयारी अंतिम चरण पर है। समाजसेवी के साथ-साथ कमेटी के पदाधिकारी जोर शोर से कार्य कर रहे हैं। यह पर्व झारखंड और बिहार के लोगों के लिए खास माना जाता है। शनिवार को खरना के साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ होगा।

**छठ की पूजा सामग्री :** छठ पूजा में विशेष सामग्रियों का इस्तेमाल होता है, जिनमें टोकरी, लोटा, फल, मिठाई, नरियल, गन्ना और हरी सब्जियां प्रमुख हैं। दूध-जल के लिए एक ग्लास, शकरकंदी और सुथनी, पान, सुपारी और हल्दी, अदरक का हरा पौधा, बड़ा मीठा नींबू, शरीफा, केला और नाशपाती का इस्तेमाल होता है। साथ ही कई लोग पानी वाला नारियल, मिठाई, गुड़, गेहूं, चावल और आटे से बना ठेकुआ, चावल, सिंदूर, दीपक और शहद भी प्रसाद के तौर पर देते हैं।



### मंत्री आवास पर छठ का आयोजन प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे श्रद्धालु



**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर छठ महापर्व का आयोजन किया जा रहा है। मंत्री के परिजन छठ महापर्व कर रहे हैं। शुक्रवार को मंत्री के आवास पर नहाय-खाय का प्रसाद ग्रहण करने जिले के सभी आला अधिकारियों सहित काफी संख्या में प्रबुद्ध जन पहुंचे। मंत्री ने सभी का स्वागत करते हुए प्रसाद ग्रहण कराया। महापर्व के लिए आवास परिसर में कृत्रिम तालाब का निर्माण किया गया है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिला सहित संपूर्ण झारखंड राज्य आस्था के समुद्र में डुबकी लगा रहा है। मंत्री ने भगवान भास्कर, छठी मईया से गढ़वा जिला सहित पूरे राज्य वासियों एवं समस्त देशवासियों के खुशहाली की कामना की। मौके पर बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, अनिता दत्त, संतोष केशरी, कंचन साहु, दिलीप गुप्ता, मुन्ना झा, आशीष अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, गुरू दत्त सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भंडरिया के कपरफुटी छठ घाट पर युवाओं ने की नदी की सफाई



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया**

प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को युवा लोगों द्वारा कपरफुटी छठ घाट स्थित नदी की साफ सफाई की शुरुआत की गई। इस दौरान जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर के सहारे भी गंदगी की सफाई की गई। युवा सदस्यों ने बताया कि छठ व्रतियों की सुविधा के लिए सफाई कार्य किया जा रहा है। वहीं सदस्यों का कहना है कि आस्था का महापर्व छठ प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से आयोजित होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इसके लिए सभी सदस्य तन-मन-धन से सक्रिय सहयोग करेंगे। छठ घाट की सफाई कर दी गई है। घाट पर विशेष रूप से लाइटिंग की भी व्यवस्था की जाएगी। घाट पर विशेष रूप से भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वॉलिंटियर की भी तैनाती की जाएगी। इस मौके पर सुनील यादव, संतोष वर्मा, उपेंद्र कुमार, शेखर जयसवाल, विनोद प्रजापति, रिंकू कुमार, अनिल केसरी, रूपेश बैठा, चंदू कुमार, चंदन जायसवाल, नीरज गुप्ता राहुल कश्यप, राहुल सिन्हा, रंजन गुप्ता रामजी ठाकुर, रवि प्रजापति, आनंद प्रजापति, भोला गुप्ता आदि मौजूद थे।

## नेत्र जांच शिविर में 175 रोगियों का हुआ उपचार

**भवनाथपुर।** वनसानी पंचायत भवन और हाई स्कूल झगराखांड़ में आयोजित हुए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पुरणेंदु विमल ने 175 मरीजों की निःशुल्क जांचकर दवा दी। साथ ही जिन मरीजों को ऑपरेशन की आवश्यकता थी, उन्हें मेराल स्थित रौशनी अस्पताल में बुलाया गया, ताकि उनकी आंखों की रौशनी ऑपरेशन के पश्चात लौटाया जा सके। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि सतीश कुमार पाठक ने बताया कि भवनाथपुर विस क्षेत्र में आंखों के मरीजों का घर बैठे इलाज हो सके, इसके लिए विधायक भानु प्रताप शाही की पहल पर पंचायत स्तर पर शिविर लगाया जा रहा है। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के जिला विधायक प्रतिनिधि सतीश कुमार पाठक, भाजपा नेता निरंजन पाठक, हाई स्कूल के प्राचार्य मिथिलेश दुबे, वरुण सिंह, अमित कुमार सिंह, घनश्याम गुप्ता, रामाश्रय पाल, जनक राम आदि उपस्थित थे।

## मझिआंव को आकांक्षी प्रखंड घोषित करने को लेकर संयुक्त सचिव ने किया जनसंवाद



**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

केंद्रीय नीति आयोग द्वारा मझिआंव प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड घोषित किए जाने को लेकर शुक्रवार को प्रखंड के खरसोता पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम के मौके पर पहुंचे भारतीय प्रशासनिक सेवा संयुक्त सचिव सह निदेशक जितेंद्र श्रीवास्तव स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय जन संवाद किया गया।

इस दौरान उन्होंने पंचायत में चल रहे विभिन्न बुनियादी ढांचे की जानकारी ली और विकासात्मक कार्य को तेजी लाने को सख्त निर्देश दिया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत साफ सफाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, पेंशन, राशन, बाल विकास, समाज कल्याण, कृषि, किसानों के लिए केसीसी लोन, स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्गत गोल्डन कार्ड, पीएम आवास, सहित सरकार की सभी तरह की महत्वाकांक्षी योजनाओं की बिंदुवार जानकारी ग्रामीणों से रूबरू होकर प्राप्त की। उन्होंने कई विभागों का जायजा लिया तथा योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी जिला उपायुक्त शेखर जमुआर से प्राप्त की। उन्होंने आकांक्षी कार्यक्रम को सफल संचालन के लिए आगे की रन नीतियों के बारे में बताया और साथ ही गरीबी उन्मूलन, मानव विकास, सामाजिक विकास, आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात उन्होंने सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा चंद्री पहुंचे और किसानों के लिए केसीसी लोन के लंबित आवेदनों की समीक्षा की। साथ ही बुढ़ीखांड़ उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहुंचे। प्रधानाध्यापक को आधुनिक ढंग से शौचालय का निर्माण कराने, विद्यालय के अंदर एवं आसपास स्वच्छता पर व एमडीएम भोजन की गुणवत्ता पर ध्यान देने सहित कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर उपयुक्त शेखर जमुआर, डीआरडीए के निदेशक दिनेश सुरीन, डीडीसी राजेश कुमार राय, पंचायत मुखिया रीता देवी, सीडीपीओ अवध बिहारी यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर, सीएचसी केंद्र के स्वास्थ्य प्रभारी डॉक्टर गोविंद प्रसाद सेठ, बीईईओ विद्यासागर मेहता, थाना प्रभारी विवेक पंडित उपस्थित थे।

## परेशानी — रमना भाया सिलिदाग, बुलका सड़क का हो रहा मरम्मती कार्य, नहीं हो रहा पानी का छिड़काव

# सड़क पर उड़ती धूल से आसपास के लोग व राहगीर परेशान









**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

वर्ष 2005 में बनी रमना भाया सिलिदाग, बुलका सड़क 18 साल से अपनी दुर्दशा के कारण हमेशा सुर्खियों में रहा है। अंततः इस बार इस सड़क का मरम्मती कार्य प्रारंभ हो चुका है। बाबुडीह -झुरहा मोड़ से सिलिदाग-गम्हरिया बुलका होते हुए विशुनिया सिवाना तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 10.650 किलोमिटर सड़का का मरम्मत कार्य करीब दस करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इसका ऑनलाइन शिलान्यास मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और बादल पत्रलेख की उपस्थिति में 3 मई को श्री बंशीधर महोत्सव के दौरान किया था। इसी सड़क का सांसद विष्णुदयाल राम और विधायक भानुप्रताप शाही ने बड़े ही तामझाम से बुलका में भूमि पूजन किया था। सड़क के दोनों किनारे झाड़ियों को साफ कर मिट्टी भर कर सड़क चौड़ा किया गया है। इस कार्य को किये तीन करीब तीन सप्ताह हो गया है, लेकिन पानी का छिड़काव नहीं होने के कारण राहगीरों एवं सड़क किनारे के घर वालों का जीना मुहाल हो गया है। सड़क पर उड़ती धूल के कारण बड़े, बुजुर्ग एवं बच्चे को सांस लेने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन ग्रामीणों एवं राहगीरों की इस समस्या से किसी जनप्रतिनिधि अधिकारी का कोई लेना देना नहीं है।

ग्रामीण रुपनारायण राम (78) ने बताया कि सड़क किनारे घर है, जिसमें रहना मुश्किल हो गया है। धूल से घरों का सामान गंदा होता है। साथ में लोग चैन से नहीं रह पा रहे हैं। ब्रजेश कुमार (42) ने बताया कि पूरे दिन धूल उड़ते रहते हैं, जिस कारण घर की खिड़की और दरवाजा के साथ ही साथ घर की रौशनदानी को भी बंद कर दिया है। इसके बावजूद धूल से राहत नहीं है, जब से सड़क किनारे मिट्टी डाली गई है कभी भी पानी का छीड़काव नहीं हुआ, जिससे सड़कों पर धूल उड़ती रहती है और बच्चों और बड़ों को सांस लेना मुश्किल हो गया है। अमित सिंह (35) ने बताया कि घर से रमना जाने में ऐसा लगता है जैसे धूल भरी आंधी के बीच से होकर जा रहा हूं। सामने से कोई गाड़ी आ जाये या कोई पीछे से गाड़ी आगे पार हो जाये तो धूल से आंखों के सामने अंधेरा छा जाता है। अगर इस सड़क पर पानी का छिड़काव जल्द से जल्द नहीं किया जाता है तो सड़क किनारे रहने वालों एवं राहगीरों को फेफड़ा से संबंधित गंभीर बीमारी हो सकती है। सड़क से सैकड़ों स्कूली बच्चों का आना जाना होता है जो खासी की बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं।

## 2 बाइक की टक्कर में जीजा साली सहित 5 लोग घायल

**एनएच 75 स्थित गढ़वा-मुड़ीसेमर मार्ग पर मेराल थाना क्षेत्र के गोंदा गांव के समीप हुआ हादसा, सभी का सदर अस्पताल में चल रहा उपचार**

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

एनएच 75 स्थित गढ़वा-मुड़ीसेमर मार्ग पर मेराल थाना क्षेत्र के गोंदा गांव के समीप शुक्रवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में एक वर्षीय बालिका समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों में एक मोटरसाइकिल पर सवार मेराल थाना क्षेत्र के गोंदा गांव निवासी रंजन कुमार प्रजापति, उसकी पत्नी आरती देवी व एक वर्षीय पुत्री आराध्या कुमारी तथा दूसरे मोटरसाइकिल पर सवार धुरकी थाना क्षेत्र के पुतुर गांव निवासी नागेंद्र प्रजापति एवं उसकी साली मेराल थाना क्षेत्र के रजहरा गांव की रेणु कुमारी पिता अवधेश बैठा शामिल हैं। सभी घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार रंजन कुमार प्रजापति अपनी पत्नी व पुत्री के साथ मोटरसाइकिल से मेदिनीनगर जाने के लिए घर से निकला था, जबकि दूसरे मोटरसाइकिल सवार नागेंद्र कुमार बैठा अपने ससुराल रजहरा गांव से साली को लेकर पुतुर गांव जा रहा था। इस दौरान गोंदा गांव में ही अनियंत्रित होकर दोनों मोटरसाइकिलों में टक्कर हो गई। इस घटना में दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार पांच लोग घायल हो गए। बीडीसी कृष्णदेव बैठा ने सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से सदर अस्पताल भेजवाया।

## गागर में सागर

### अबुआ आवास योजना के प्रचार रथ को मंत्री, उपायुक्त ने दिखाई हरी झंडी

**चतरा।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण ने शुक्रवार को अबुआ आवास योजना के बृहद प्रचार प्रसार हेतु जागरूकता रथ को रवाना किया गया। रथ को राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता, उपायुक्त अबु इमरान व उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अन्तर्गत दिनांक 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक प्रत्येक पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत स्तरीय शिविर में ही योग्य परिवारों से अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन प्राप्त किये जाएंगे। बताया गया कि इस योजना का लाभ कच्चे घरों में रहने वाले, आवासविहीन एवं निराश्रित, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह, प्राकृतिक आपदा के शिकार, कानूनी तौर पर रिहा किये गये बंधुआ मजदूर, वैसे परिवार, जिन्हें राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित आवास योजना यथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजना, बिरसा आवास योजना, इंदिरा आवास योजना आदि का लाभ नहीं दिया गया हो।

### उपायुक्त ने आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर जागरूकता रथ को किया रवाना

**लातेहार।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों के प्रति आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को उपायुक्त हिमांशु मोहन ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उपायुक्त ने बताया कि जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के सभी 10 प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों तथा नगर पंचायत लातेहार के वार्डों में 24 नवंबर से 23 दिसंबर तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राजस्व से जुड़े मामले जैसे म्युटेशन, मापी, लगान रसीद तथा ऑनलाइन रिकार्ड्स में सुधार करने से संबंधित मामले, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक और व्यक्तिगत वनपट्टा से संबंधित मामले के लिए संबंधित वन अधिकार समिति द्वारा आवेदन, सामाजिक-आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े परियोजनाओं के लिए आवेदन, 15वें वित्त आयोग, जनजातीय कल्याण, मनरेगा व अतिरिक्त योजनाओं से छूटे हुए व्यक्तियों से आवेदन जैसे सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आधार कार्ड संबंधित आवेदन प्राप्त कर योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। आवेदन का ऑन दी स्पॉट निस्तारण किया जाएगा।

### ब्रेन हेमरेज के बाद जिंदगी की जंग लड़ रहा चंदवा का मनोज, मदद की अपील

**चंदवा।** प्रखंड के अलौदिया निवासी मनोज कुमार बीते दिनों ब्रेन हेमरेज का शिकार हो गया। आनन फानन में उसे रांची के राज हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती किया गया। इलाज के बाद डॉक्टर ने मनोज की स्थिति चिंताजनक बतायी है। इलाज में हुए खर्च के बाद मनोज के घर की माली स्थिति भी खराब हो चुकी है। मनोज की पत्नी सीमा ने लोगों से मदद की अपील की है। इधर जानकारी मिलने के बाद से युवाओं की पहल पर लोगों ने ऑनलाइन पैसा मनोज के भाई के खाते में डालना शुरू कर दिया है। मनोज के दो अबोध बच्चे हैं। मनोज साउंड लगाने का काम करता था। अचानक से ब्रेन हेमरेज होने के बाद से ही मनोज के परिजनों का बुरा हाल है।

### नाली का गंदा पानी सड़क पर बहाने के विरोध में ग्रामीणों ने किया मार्ग जाम

**बालूमाथ।** गोविंद नगर के पास स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर पानी बहाए जाने के विरोध में सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे रहने वाले लोग घर का गंदा पानी सड़क पर बहाते हैं। अभी लोक आस्था एवं पवित्रता का महापर्व छठ प्रारंभ हो गया है जिससे पूजा में अपवित्रता आएगी। ग्रामीणों ने इस मामले से जनप्रतिनिधि को अवगत कराया था, लेकिन आश्वासन के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों ने सड़क जाम का मार्ग अपनाया है। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पुलिस-प्रशासन के आश्वासन के बाद जाम हटा दिया गया।

### ओपीएस के लिए 21 व 22 की हड़ताल को लेकर ईसीआरकेयू ने की बैठक

**चंदवा।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन एवं ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली हेतु होनी वाली हड़ताल को लेकर 21 व 22 नवंबर को होने वाले गुप्त मतदान के समर्थन में शुक्रवार को ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन बरकाकाना शाखा के टोरी युवा समिति द्वारा टोरी स्टेशन परिसर में गेट मीटिंग की गई। इसकी अध्यक्षता रंजीत कुमार ने की। ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा के संगठन मंत्री विकास कुमार ने कहा कि फेडरेशन के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली हेतु संयुक्त फोरम का गठन किया गया है जो नये पेंशन प्रणाली को समाप्त कर पुराने सुनिश्चित पेंशन बहाली के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन कर रहा है। 10 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में कर्मचारियों ने उप्रदर्शन किया इसके बाद भी केंद्र सरकार की नींद नहीं टूटी है। उन्होंने अपील की कि 21 और 22 नवंबर को आपके पास यह मौका है कि आप मतदान द्वारा इस हड़ताल का समर्थन करें। मौके पर सुबोध कुमार,धीरज कुमार,निरज कुमार, विनित कुमार, अकलेशवर महतो, डी.पी. महतो, सतेंद्र कुमार, प्रणव बिहार, विजय, टिंकू, कमलेश, वरूण, रंजय, बालमीकि, चंदन, रमेश, अंसारी, रविन्द्र कुमार, सोनू आदि उपस्थित रहे।

# छठ व्रतियों के लिए सज-धज कर तैयार है चुंदरु धाम, खरना आज

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा/प्रतापपुर/कुंदा/मयूरहंड(चतरा)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर व्रतधारियों के लिए जिले के टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित चुंदरु धाम सूर्य मंदिर परिसर सजधज कर तैयार है। जबकि प्रखंड क्षेत्र में पर्व को लेकर छठव्रतियों द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। सूर्य उपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व का अनुष्ठान शुक्रवार को नहाई खाई के साथ शुरू हो गया, शनिवार को खरना का महाप्रसाद का भोग लगेगा। इसी के साथ छठवर्ती निर्जला उपवास कर सूर्य नारायण की आराधना में रहेंगे। रविवार को अस्तगामी सूर्य और सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित की जाएगी। पूजा को लेकर छठ व्रतियों के घरों में नित्यदिन शाम सुबह छठ गीत एवं भजन गायन से माहौल भक्तिमय हो गया है। वही हर गांव के तालाब, नदी की साफ सफाई जनप्रतिनिधियों,



समाजसेवियों एवं ग्रामीणों के द्वारा कराई जा रही है। प्रखंड प्रशासन भी लगातार छठ घाटों का निरीक्षण करते नजर आ रहे है। प्रखंड क्षेत्र के टंडवा स्थित एकमात्र सूर्य मंदिर को पूजा समिति के द्वारा साफ सफाई के साथ विद्युतसजा एवं पेयजल की व्यवस्था कराई गई है। पूजा समिति द्वारा बाहर से आने वाले छठव्रतियों के ठहरने की समुचित व्यवस्था की गई है।

**घाटों की सफाई जोरों पर : कुंदा।** छठ महापर्व को लेकर स्थानीय पत्रकार सह समाजसेवी संतोष यादव के नेतृत्व में कुंदा प्रखंड अंतर्गत कुंदा पंचायत क्षेत्र के नावाडीह छठ घाट की सफाई की गई। मौके पर संतोष कुमार, राहुल सिंह, विजेंद्र भोक्ता, पिन्टु भोक्ता, उपेन्द्र साव, सुरेन्द्र भारती, सागर विश्वकर्मा, रवि साव, दीपक गंझू व जयराम साव आादि शामिल थे।

### सुख नदिया छठ घाट सज-धज कर तैयार, सूखे छठ घाट में भरा पानी

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड के रामपुर बभने एवं प्रतापपुर पंचायत के छठ घाट सुख नदिया के सूखने के कारण छठ वर्तियों की परेशानी बढ़ गई थी। वहीं दूसरी स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासन की उदासीनता व छठ व्रतियों की चिंता को देखते हुए स्थानीय युवाओं ने खुद अपने खर्चे से छठ घाट को सजाने का बीड़ा उठाया और मात्र दो से तीन दिनों में व्रतियों को कपड़े बदलने के लिए केबिन और डैम से बड़ा वाला जनरेटर पंप चलकर सुख नदिया नदी में पानी की व्यवस्था करके सारी सुविधाएं बहाल कार्रवाई। इस कार्य में प्रतिसुगंध कुमार, ऋषि कुमार, आकाश कुमार, राजन कुमार



गुप्ता, गोलू कुमार, प्रेम कुमार, मनीष कुमार, इंद्रजीत कुमार, सुमित अग्रवाल संतोष कुमार, कुंदन कुमार, पवन कुमार आदि युवाओं ने योगदान दिया।

**बीडीओ व थाना प्रभारी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण : मयूरहंड।** लोक आस्था के महापर्व छठ के मद्देनजर प्रशासनिक महकमा चौकस नजर आ रहा है। शुक्रवार को मयूरहंड प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा व थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने परोरीया, मयूरहंड, बेलखोरी आदि छठ घाटों का निरीक्षण किया। पदाधिकारियों ने निरीक्षण के क्रम में छठ घाट की साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था व व्रतियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जांच की। बीडीओ ने कहा कि व्रतियों को छठ घाटों में किसी तरह की परेशानी न हो इस पर कार्य किया जा रहा है। बीडीओ ने बच्चों को नदी से दूर रखने की अपील की। मौके पर अनिल सिंह आदि मौजूद थे।

**फुलांग में छठघाट का पंसस ने करवाया निर्माण :** वहीं प्रखंड क्षेत्र के फुलांग पंचायत समिति सदस्य पूनम कुमारी ने पंद्रहवें वित्त से छठ घाट का निर्माण करवाया। ग्रामीणों ने बताया कि छठ घाट नहीं रहने से पूजा अर्चना व अर्घ्य अर्पित करने के साथ व्रतियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणो ने पंसस व समाजसेवी गुड्डू रजक का अभार व्यक्त किया है।

### खरना आज, छठ व्रती 36 घंटे निर्जला उपवास कर भगवान भास्कर को देंगे अर्घ्य

# चार दिवसीय लोक आस्था का छठ महापर्व नहाय-खाय के साथ शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ/बरवाडीह/महुआडांड़/चंदवा/बारियातु/लातेहार**

नहाय-खाय के साथ शुक्रवार को लोक आस्था का महापर्व शुरू हो गया। छठ के पहले दिन व्रतियों ने स्नान कर नियमानुसार कद्दू भात का सेवन किया। शनिवार को खरना पर खीर भोजन के साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। रविवार को पहला अर्ध्य एवं सोमवार को द्वितीय अर्ध्य भगवान भास्कर को दिया जाएगा। बालूमाथ में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हिंद भारती स्वयंसेवी संस्था द्वारा मुख्य छठ तालाब में सफाई के साथ-साथ छठ व्रतियों के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। अध्यक्ष रवि सिंह ने बताया कि संस्था की ओर से इस बार भी छठ घाट में सभी तरह की व्यवस्था की गई है। वहीं झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष औरंगजेब खान ने क्षेत्रीय विधायक बैधनाथ राम एवं जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के दिशा निर्देश पर विभिन्न छठ घाटों की सफाई के साथ-साथ उचित व्यवस्था की है। वहीं झरिवा टोला छठ घाट की पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा ने सफाई कराई है। बड़का बालूमाथ स्थित छठ तालाब में स्थानीय समिति द्वारा सभी व्यवस्था की जा रही है। वहीं शेरेगड़ा स्थित छठ घाट में भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा और विसर्जन की व्यवस्था की गई है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो ने बताया कि पूजा में किसी प्रकार की कोई असुविधा



न हो इसके लिए सड़क से लेकर छठ घाट तक पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। अगर कोई शांति व्यवस्था भंग करने का कोशिश करेगा तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं विधि व्यवस्था को लेकर हिंद भारतीय स्वयं सेवी संस्था के अध्यक्ष के अलावे रवि रजक, संजू ओझा, लाल देव गंझु, पिंटू साव, अखिलेश भोक्ता, प्रमोद कुमार, रंजय सिंह, सोनू सिंह, कैलाश यादव, विशेष कुमार, उपेंद्र रंगीला, संदीप प्रजापति, शैलेश सिंह आदि भी सक्रिय हैं।

**समाजसेवी ने किया आम की लकड़ी का वितरण : लातेहार।** शहर के शहीद चौक में समाजसेवी अशोक प्रसाद उर्फ बुट्टा ने शुक्रवार की सुबह छठ महापर्व को लेकर आम की लकड़ियों का वितरण किया। बता दें कि छठ महापर्व में खीर भोजन का प्रसाद बनाने के लिए आम की लकड़ियों की जरूरत होती है। लोगों ने प्रसाद के इसकी सराहना की है।

**लागत मूल्य पर दूध उपलब्ध कराया :** वहीं श्रीराम टेंट हाउस, अमावटीकर लागत मूल्य पर दूध का वितरण करेगा। श्याम अग्रवाल ने बताया कि दूध का वितरण 18 नवंबर की सुबह 6:00 बजे से उनके प्रतिष्ठान के पास किया जाएगा। अभी तक 2500 लीटर दूध की बुकिंग हो चुकी है। अग्रवाल ने बताया कि 20 सालों से अधिक समय से श्रीराम टेंट हाउस ने यह कार्य कर रहा है। बाईपास चौक के आनंद टी स्टाल भी लागत मूल्य पर दूध उपलब्ध करा रहा है।

**समिति ने आम की लकड़ी का किया वितरण : बरवाडीह।** महापर्व छठ पूजा सहायतार्थ समिति के सदस्यों ने शुक्रवार को बस स्टैंड के महावीर मंदिर के सामने छठ व्रत करने वाले परिवार के लोगों के बीच आम की लकड़ी का निःशुल्क वितरण किया। समिति के सदस्यों द्वारा बीते 10 वर्ष से अधिक समय से आपसी सहयोग से जमा की हुई आम की लकड़ी वितरण की जाती रही है। लकड़ी वितरण की शुरुआत पूर्व उप प्रमुख सह आदर्श नगर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने की। इस दौरान लगभग 200 लोगों को लकड़ी वितरण की गई। मौके पर छठ पूजा समिति के दीपक गुप्ता, दीपलेश सिंह, हेमंत कश्यप, नरेश चौरसिया, मयंक विश्वकर्मा, बड़ा बाबू, अशोक कुमार गौतम कुमार, उत्तम कुमार आदि मौजूद थे।

**पूर्व विधायक ने कराई छठ घाट की सफाई : बारियातु।** सालवे पंचायत अंतर्गत जबरा ग्राम स्थित छठ घाट की पूर्व विधायक प्रकाश राम ने निजी कोष से जेसीबी मशीन से सफाई कराई। सोनू प्रजापति ने बताया कि छठ घाट व श्रद्धालुओं को आने जाने के लिए डस्ट और मिट्टी से भरावट भी किया गया। मौके पर राकेश प्रजापति, विकास प्रजापति, दिलीप सिंह आनंद प्रजापति, राजकुमार, सत्येंद्र, कुलदीप, रोहित ठाकुर आदि उपस्थित थे।

**रोल छठ घाट की सफाई की गई : चंदवा।** शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों के छठ घाटों अंतिम रूप दिया जा रहा है। शुक्रवार को झामुमो युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डब्लु प्रजापति के नेतृत्व में जमीरा के रोल छठ घाट की सफाई की गई। मौके पर छोटु घटवार, राकेश कुमार, बबलु कुमार, पीयूष कुमार, प्रिंस कुमार आदि मौजूद थे।

# कोल वाहन के धक्के से युवक की दर्दनाक मौत विरोध में सड़क जाम



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

बालूमाथ मैक्लुस्कीगंज के बारा ग्राम के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। बाइक सवार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल को धक्का मार दिया। मृत युवक की पहचान शिवदयाल कुमार महतो (20), पिता अर्जुन महतो, ग्राम जिलांगा, थाना बालूमाथ के रूप में हुई है। इस घटना के विरोध में ग्रामीणों व परिजनों ने बालूमाथ-मैक्लुस्कीगंज मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिससे गाड़ियों की दोनों ओर लंबी कतारें लग गईं। वहीं ट्रक ड्राइवर थोड़ी दूर में गाड़ी खड़ा कर भागने में सफल रहा। घटना की जानकारी मिलते ही मुरपा पुलिस पीकेट प्रभारी मनोज मुर्मू दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच ट्रक को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गए हैं।

### छठ पूजा को लेकर कोल वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने की मांग

**गिद्धौर(चतरा)।** थाना प्रभारी गुलाम सरवर से शुक्रवार को प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर छठ पूजा को लेकर दो दिनों तक कोल वाहनों का परिचाल बंद रखने की मांग की। छठ घाट संचालन समिति सचिव मुकेश कुमार व निगरानी समिति सदस्य राजेश कुशवाहा के नेतृत्व में सदस्यों ने बताया कि चतरा-हजारीबाग गिद्धौर मुख्य पथ से ही छठ व्रतियों का आवागमन होता है। 19 व 20 नवंबर को दूसरी अर्घ्य के दिन मुख्य पथ में कोल वाहनो की नो एंट्री लगाने की मांग किया। थाना प्रभारी ने चतरा की तरफ से आने के समय में जवाहर फुटबॉल मैदान व कटकमसांडी से वापस आने के क्रम में जपुआ स्थित मैदान में कोल वाहन को दो दिनों के लिए बैरिकेटिंग करने का अस्वशन दिया। प्रतिनिधिमंडल में मनोज कुमार वर्मा, डब्लू उर्फ सुमित कुमार, उपेंद्र कुमार शामिल थे।

# टीम ने की 20 दुकानों के ट्रेड लाइसेंस की जांच

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** प्रशासक नगर पंचायत के निर्देशानुसार जांच टीम ने थाना चौक के आसपास की कुल 20 दुकानों के ट्रेड लाइसेंस की जांच की। जांच क्रम में सारिणी सिलाई मशीन, खुशी शू हाउस, रोशन किराना स्टोर, अंशु सिंगर कॉस्मेटिक, नवीन मोबाइल एंड म्यूजिक, सागर बूट हाउस, रांची ऑटो पार्ट्स, साजन गिफ्ट कॉर्नर इत्यादि का ट्रेड लाइसेंस नहीं पाया गया। संबंधित प्रतिष्ठानों के मालिकों को 2 दिन के भीतर ट्रेड लाइसेंस बनाने का निर्देश दिया गया। विदित हो कि नगर पंचायत द्वारा मेकिंग के जरिए ट्रेड लाइसेंस बनाने की अपील की गई है।




प्रशासक नगर पंचायत लातेहार प्राप्त निर्देश के आलोक में छठ महापर्व के बाद जिन प्रतिष्ठानों ने ट्रेड लाइसेंस नहीं लिया है वैसे प्रतिष्ठानों को सील कर दिया जाएगा। जांच टीम में नगर प्रबंधक राज कुमार बर्मा, कनिया अभियंता संदीप बेदिया एस एस पीएल के टीम लीडर आदित्य सिंह टैक्स कलेक्टर बिरसा उरांव मौजूद थे।

# पुलिस ने फरार आरोपी को हथियार के साथ किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**टंडवा।** पुलिस ने थाना कांड के लंबे समय से फरार आरोपी को प्रतिबंधित हथियार के साथ गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। उपरोक्त कार्रवाई पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के सिदालु निवासी 22 वर्षीय अशोक यादव पिता कलेश्वर यादव को गुप्त सूचना के आधार उपकापानी मोड़ के समीप छापेमारी के दौरान एक देशी कट्टा व एक जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया है। आगे बताया कि गिरफ्तार युवक केरेडारी थाना कांड संख्या 186/2023 में फरार चल रहा था और न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी की गई थी। वहीं टंडवा थाना में दर्ज कांड 105/2017 का भी आरोपी है। इस मामले में कांड 263/2023 में आर्म्स एक्ट समेत सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में इंस्पेक्टर के साथ पुअनि अभिनव आनंद व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# अबुआ आवास योजना व अबुवा बीर दिशोम अभियान को लेकर कार्यशाला

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में अबुआ आवास योजना तथा अबुवा बीर दिशोम अभियान अंतर्गत वन अधिकार पट्टा दिए जाने को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ उपायुक्त हिमांशु मोहन ने किया। उपायुक्त ने कहा कि अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। प्राथमिकता के आधार पर योग्य लाभुकों का चयन करते हुए अबुआ आवास योजना का लाभ दें। कार्यशाला में उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि इस योजना के बारे में जागरूक करके लोगों को योजना का



लाभ दिलायें। आगे उन्होंने कहा कि जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम 24 नवंबर से 23 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। कैम्प में अलग स्टॉल लगाया जाएगा और उसी स्टॉल में लाभुकों से इस बाबत आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप ने अबुआ बीर दिशोम अभियान के संचालन एवं लाभुकों को योजना के माध्यम से लाभान्वित करने के लिए पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में उप निदेशक पलामू व्याघ्र परियोजना दक्षिणी प्रमंडल ब्रजेश कांत जेना, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, निदेशक डीआरडए प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार आदि पदाधिकारी मौजूद थे।

**घटना** | महागठबंधन के नेताओं ने घटनास्थल का लिया जायजा, पीड़ित परिवारों को मदद का दिया भरोसा

# झाबर के डेम्बू में जंगली हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** वन क्षेत अंतर्गत झाबर पंचायत के डेम्बू वन क्षेत्र में गुरुवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। किसान बैजनाथ यादव, गणू यादव, अभय यादव, प्रकाश यादव, ननकु यादव, शिवनारायण यादव के धान की फसल को नुकसान हुआ है।

वहीं नरेश यादव के गन्ना की फसल, विनोद यादव के सिंचाई के लिए रखे हुए पंप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पीड़ित ने वन विभाग से हुई क्षति का



मुआवजा मांगा है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव ने घटनास्थल का जायजा लिया एवं पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग करने का अश्वासन दिया। मौके पर यादव ने वन विभाग अधिकारी को फोन के माध्यम से तत्काल पीड़ित परिवार को हुए नुकसान का उचित मुआवजा देने का आग्रह किया। यादव ने कहा कि इस क्षेत्र में हाथियों के आतंक से वन क्षेत्र से सटे ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है। वर्षों से किसान जंगली हाथियों के आतंक से ग्रसित हैं और भय के माहौल में जीने को भी विवश हैं। विभाग से जंगली हाथियों को दूर घने जंगल में खदेड़ने का आग्रह किया। मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष बरियातु राजेंद्र गंझू, राजद प्रखंड अध्यक्ष हेरहंज विश्वनाथ उरांव, प्रखंड महासचिव जितेंद्र यादव, राजद नेता जीतेश यादव, डेंबु वन विभाग के अध्यक्ष सह राजद नेता सरयू यादव, वन विभाग के सचिव विनोद यादव, अरविंद यादव, गणु यादव, अभय यादव, प्रकाश यादव, रूपेश यादव, सीताराम यादव, युगल किशोर यादव, गणेश यादव, हरिनंदन यादव, जितेंद्र यादव विनोद राम, भोला यादव, आशीष यादव, दिलीप यादव आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा** प्रखंड अंतर्गत नवादा पंचायत क्षेत्र के बनियाडीह गांव में शुक्रवार को मुख्यमंत्री फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन मुखिया भरत यादव की अध्यक्षता में किया गया। मुखिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए सरकारी निर्देशानुसार पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें चयनित खिलाड़ियों को प्रखंड स्तर पर शनिवार को खेलने का अवसर प्रदान किया जाएगा। सरकार की इस पहल से खेल के माध्यम से बच्चों में शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास होता है।

## गागर में सागर

### बिजली चोरी मामले में 3 पर प्राथमिकी

**सेन्हा।** विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध बिजली विभाग द्वारा दंडाधिकारी की उपस्थिति में पुलिस बल के सहयोग से सेन्हा थाना के विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त रूप से सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान कल्हेपाट चौक के समीप अजीज अंसारी उम्र करीब 50 वर्ष पिता रहीमुद्दीन अंसारी के फर्नीचर दुकान में दो केवी उपभोक्ता द्वारा विद्युत चोरी मीटर से बाईपास कर किया जा रहा था तथा रामबिलास ठाकुर उम्र लगभग 41 वर्ष पिता बन्धु ठाकुर द्वारा सैलून दुकान में घरेलू स्थापित मीटर से बाईपास कर लगभग एक केवी विद्युत उड़ना चोरी किया जा रहा था। इसके अलावे बक्सीडीपा पेट्रोल पम्प के समीप नितेश कुमार उम्र करीब 30 वर्ष पिता स्व.जयप्रकाश साहु द्वारा घरेलू स्थापित मीटर से बाईपास कर भोला बाबू फैमिली रेस्टोरेंट में व्यवसायिक कार्य हेतु 3 केवी विद्युत ऊर्जा चोरी कर इन तीनो द्वारा विभाग के राजस्व में छती पंहुचाने का कार्य किया जा रहा। जिसके आलोक में विद्युत अधिनियम 2003 के तहत सेन्हा थाना कांड संख्या 145/23 दर्ज कर धारा 135,137 के तहत तीनो आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विभागीय करवाई प्रारम्भ कर दी गई। छापेमारी दल में सहायक विद्युत अभियंता अजु कच्छप, प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी डॉ. मनोज सिंह,सारणी पुरुष मोहमद फिरोज अखर,कनीय सारणी पुरुष उपेन्द्र सिंह,मानव दिवस कर्मी शिवशंकर साहु, शिवशंकर उरांव, रणजीत उरांव के अलावे सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

### एसडीओ से मिला दुकानदारों का दल

**लोहरदगा।** नगर परिषद द्वारा आवंटित दुकान के दुकानदारों का एक प्रतिनिधिमंडल लोहरदगा में नए पदस्थापित हुए अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार से शिष्टाचार मुलाकात कर गुहार लगाई की नगर परिषद द्वारा आवंटित दुकानों में चाय, पान, रबर स्टैंप, आइसक्रीम, बिजली, मिठाई, जूता चप्पल मरम्मत, मोबाइल, स्टेशनरी, सब्जी, पूजा सामग्री, कागज के दोना पत्तल, जूता चप्पल, कपड़ा, चाऊमीन आदि के छोटे-छोटे दुकान हैं तथा परिषद द्वारा 700- 800 %किराया में बढ़ोतरी के साथ बगैर सूचना दिए ?500/ मासिक दर से 6 साल का एक मुस्त 36000/ भुगतान करने के आदेश से लोग परेशान हैं। वहीं कोविड के बाद से बाजार की स्थिति अच्छी नहीं है। लोहरदगा रांची रेल सुविधा तथा ऑनलाइन शॉपिंग को लोग बेहतर विकल्प मानते हैं। अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने मामले को पूरी गंभीरता से सुना तथा कहा कि आप लोग चिंता ना करें। आप लोगों के साथ अवश्य न्याय होगा तथा छठ पूजा उपरांत परिषद के अधिकारियों के साथ बैठकर रास्ता निकाला जाएगा। शिष्टमंडल में संजय बर्म्मन ,गुलाम मुतुर्जा खलीफा, मो अनवर अंसारी, विजय सिंह, मो नईम थे।

### एसपी को स्मृति चिह्न भेंट कर दी बधाई

**लोहरदगा।** झारखंड ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन लोहरदगा, गुमला, लातेहार का एक शिष्टमंडल पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमा से उनके आवास पर भेंट कर उन्हें भारत का स्मृति चिन्ह भेट करते हुए दीपावली एवं छठ की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जमा ने भी सभी जिला वासियों को सभी पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी। कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से दशहरा एवं दीपावली पर्व हर्षो उल्लास के साथ एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मौके पर उपाध्यक्ष मोहम्मद कैश, अवधेश मित्तल,शशि भूषण सिंह,हर्षित सोनी,अतुल कुमार आदि उपस्थित थे।

### महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम - भक्सो कोयल नदी तट, प्राचीन देवी मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों ने बैठक कर रुद्र महायज्ञ करने का निर्णय लिया। इसको लेकर यज्ञ कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रमेश राम, उपाध्यक्ष सतीश महली, सचिव दीपक साहू, मीडिया प्रभारी उदय साहू तथा संचालक जगदाचार्य स्वामी अजुर्नानंद भारती, यज्ञिक, भोलू पंडित शनिदेव मंदिर लोहरदगा पुजारी, यज्ञ संरक्षक, चुसु सिंह, गंगा उरांव, चन्द्र किशोर उरांव, सत्यदेव उरांव, उमेश राम आदि को शामिल किया गया है। बैठक में बिनोद महली, अमित लोहरा, फुलकेश्वर उरांव, मदन माहली, सिकंदर राम, नितेश महली, अकाश उरांव, आदि उपस्थित थे।

### नंदनी नदी पर घाटों की साफ-सफाई

**कैरो।** आस्था का छठ महापर्व शुक्रवार से नहाय खाय के साथ प्रारंभ हुआ है। वहीं नंदनी नदी पर घाटों की साफ सफाई समाजसेवियों के द्वारा किया गया। घाटों पर रोशनी की व्यवस्था के लिए टेंट से लाइट की व्यवस्था की गई है प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कैरो ग्राम में भभ्य छठ पूजा का आयोजन रखा गया है। घाटों की साफ सफाई के दौरान मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी एंव समाजसेवी ने बताया कि चार दिन तक चलने वाले इस महापर्व में सूर्य और छठी मैया की पूजा की जाएगी। सरत कुमार विद्यार्थी ने छठ महापर्व शांति पूर्वक मनाने का अपील की।

### लोक आस्था का महापर्व छठ की तैयारियां हुई तेज, पूजन सामग्री खरीदने में जुटे लोग

# नहाय-खाय के साथ महापर्व छठ शुरू, खरना आज

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। छठ महापर्व में नहाय खाय का खास महत्व होता है। व्रतियों ने शुद्धता पूर्वक स्नान कर सात्विक भोजन कीं साथ ही ठेकुआ के लिए गेंहू को धोकर उसे सुखाने में जुट गई हैं। नहाय खाय के दिन विशेष तौर पर लौकी की सब्जी बनती है। इसके पीछे ये मान्यता है कि लौकी काफी पवित्र होता है. और लौकी में पर्याप्त मात्रा में जल होता है। इसमें लगभग 96 फीसदी पानी होता है जो व्रती को होने वाले पानी की कमी को दूर करता है।

नहाय खाय के बाद दूसरे दिन शनिवार को खरना के साथ उपवास शुरू होता है। खरना के दिन शाम को व्रती सात्विक आहार जैसे- गुड़ की खीर का सेवन करेंगी। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होगा। तीसरे दिन छठव्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य देती हैं और फिर चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस पर्व का समापन होता है। इधर लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर लोहरदगा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। बाजार में सूप-दौरा और पूजन सामग्री की खरीदारी को लेकर श्रद्धालु उमड़ पड़े हैं। छठ महापर्व को लेकर भक्ति की धारा बहने लगी है। लोग अपने तरीके से छठ पूजा की तैयारियों में जुट गए हैं। छठ मइया और भगवान भास्कर की पूजा अर्चना को लेकर छठव्रती जुट गए हैं। शहर से लेकर गांव-गावं में छठ पूजा की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। इधर छठ पूजा से संबंधित सामग्री की खरीदारी में श्रद्धालु जुट गए हैं। सूप, दौरा, कलशा, चौका, दीया, चावल-गेहूं सहित अन्य सामान की खरीदारी चल रही है। साथ ही दूध की बुकिग की जा रही है। छठ पूजा को लेकर हर कोई जैसे खुद को समर्पित कर चुका है। छठ महापर्व को लेकर बाजार में चहल-पहल नजर आ रही है। बाजार में पूजन सामग्री और छठ महापर्व के मौके पर उपयोग में आने वाले सामान की बिक्री को लेकर कई दुकानें खुल चुकी हैं।



कई लोग बिना किसी मुनाफे के छठ के सामानों की बिक्री कर रहे हैं तो कोई मांग की पूर्ति के लिए बाजार में उतर चुका है। छठ पूजा को लेकर भक्ति गीतों का दौर भी चल रहा है। घरों में छठ के गीत गाए जाने लगे हैं। शहर से गांव तक छठ मइया के गीत बज रहे हैं।

**लगी है ईख व नारियल की दुकानें :** जिले के बाजारों में छठ पर्व की पूजन सामग्रियों में ईख व नारियल के फलों की दुकानें भी लगायी गई है। हर ओर पूजन सामानों की ही दुकानें लगी है। सड़क किनारे ईख, नारियल, टाभ, कद्दू, सेव, नारंगी सहित अन्य पूजन समानों की दुकानें लगी है। सड़क किनारे लगे फलों व पूजन सामानों की फुटकर दुकानों से जाम बढ़ा है।

**जगह-जगह सूप व टोकरी की हो रही है बिक्री :** बाजारों में जगह-जगह सूप व टोकरी की भी दुकानें लगी है। वहीं बर्तन दुकानों पर भी पीतल की सूप की खूब बिक्री हो रही है। बांस की छिट्टा व टोकरी की भी खूब डिमांड है। खरीदारों की भीड़ लगी है। छठ पर्व की खरीदारी से बाजार में व्रतियों की भीड़ है। सड़क किनारे लगे दुकानों से सड़क छोटी पड़ गई है।

**पूजा सामग्रियों से पटी दुकानें :** छठ बाजार को लेकर स्थानीय दुकान व बाजार सजकर तैयार हो गए है। पूजा के सूप 120 से 200 रुपये पीस बिक रहे हैं। वही बांस पंखा 30 से 50 रुपये पीस, झाड़ू 40 से 80 रुपये, दउरा 150 से 500 रुपये पीस, बांस पंखा 30 से 60 रुपये, शुद्ध घी 480 से 565 रुपये किलो, जटा वाला नारियल 20 से 30 रुपए पीस, गड़ी गोला 215 से 225 रुपए किलो, छोटी इलायची 1500 से 3000 रुपए किलो, बड़ी इलायची 700 से 900 रुपए किलो, छुहाड़ा 200 से 350 रुपए किलो, काजू 640 से 700 रुपए किलो, किशमिश 200 से 300 रुपए किलो, नया चावल 30 से 35 रुपए किलो, सौंफ 130 से 150 रुपए किलो, वनस्पति घी 155 से 165 रुपए किलो, चना 60 से 68 रुपए किलो, सुपाड़ी 700 से 800 किग्रा, मौली धागा 5 से 10 रुपये, जनेऊ 2 से 5 रुपये, बादाम गिरी 400 किग्रा से 600 किग्रा, आरत 5 रुपये, अखरोट 600 किग्रा, बादाम गोटा 40 रुपये, मौली धागा 10 रुपये, पिला सिन्दूर 50 रुपये, लाल सिन्दूर 50 रुपये, जनेउ सुता 5 रुपये, अगरबती 10 रुपये, कपुर 60 रुपये पैकेट, रोड़ी 5 रुपये, चना 60 से 70 किग्रा, सेंधा नमक 5 से 10 रुपये 100 ग्राम, गुड़ 48 किग्रा, रुई बती 10 रुपये, हवन सामग्री 100 रुपये किग्रा, अखरोट 400 रुपये किलो, रिफाइन 150 से 170 रुपये, चीनी 43 किग्रा, लांग 100 रुपये 100 ग्राम, तिल जौ 120 रुपये 100 ग्राम, कटिंग पंचमेवा 20 रुपये, दोना 20 रुपये, पतल 30 रुपये, मटर 45 रुपये किलो, धुवन 80 रुपये, आलता 10 रुपये बिक रहे है। वहीं मिटटी के दीएं 100 रुपये प्रति सैकड़ा, बड़ा दीया 5 रु. से 10 रु. पीस, धुपदानी 10 रु. पीस, ढ़कनी 20 रु. पीस, ढ़कनी जिसमें पांच दीएं लगे हो 35 रुपये प्रति पीस बिक रहे हैं।

## छठ महापर्व विशेष : समाज को एक सूत्र में पिरोने की आस्था का महापर्व है छठ

**राहुल कौशल। लोहरदगा**

लोक आस्था और आत्म संयम का चार दिनों तक चलने वाला छठ केवल एक पर्व ही नहीं बल्कि आस्था को पर्यावरण, प्रकृति और जीवन दर्शन से जोड़ने तथा जातीयता की सारी हदें तोड़ समाज को एक सूत्र में पिरोने का महापर्व है। इस पर्व में देवी देवताओं की नहीं बल्कि संसार को चलाने वाले प्रकृति के सबसे महत्वपूर्ण अवयव सूर्य को श्रद्धापूर्वक नमन किया जाता है। आज के सुपर वैज्ञानिक युग में सूर्य को विज्ञान की धुरी कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा क्योंकि जीव विज्ञान से लेकर अन्तरिक्ष विज्ञान तक इसमें समाहित है। सूर्य की किरणों के बिना स्वस्थ जीवन की परिकल्पना असंभव है और यह पर्व सूर्य के इसी पहलु को स्मरण करता है। व्रत करने वाले का महत्त्व ऐसा कि ब्राह्मणवाद-दलितवाद के सारे मिथक टूट जाते हैं और सभी एक साथ जल में खड़े हो कर भगवान भास्कर को अर्घ्य देते हैं। एक ब्राह्मण भी दलित छठ व्रती के चरण को पूरी श्रद्धा से छू कर इस पर्व में आशीर्वाद लेता है और भूलवश पैर लग जाने पर उनके चरण स्पर्श कर क्षमा प्रार्थना भी करता है। करोड़ों लोगों के एक साथ मिल कर अस्त और उदय होते सूर्य की उपासना जीवन के दर्शन को प्रतिबिंबित करता है। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देना उम्मीद और आशा का दामन भी थामना सिखाता है। चाहे कोई कितना भी शक्तिशाली हो अवसान अवश्यम्भावी है। उगते हुए सूर्य को नमन यह भी बताता है कि हमें धैर्यपूर्वक समय का इंतजार करना चाहिए क्योंकि जिसका अंत हुआ है उसका उदय भो होगा। यह पर्व केवल बिहार ही नहीं अपितु पूरे भारत में श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है और अब तो विदेशों में बसे भारतीयों ने अन्य देशों में भी इसे प्रचारित कर दिया है। चीन और मिश्र में पुरातन काल में सूर्य मन्दिर का होना यह दशार्ता है कि भगवान भास्कर का महत्त्व पूरे विश्व में था। चीन के बीजींग में वहां की मिंग शासन के रजा जियाजिंग ने 1530 ई. में सूर्य मंदिर बनवाया था जहाँ सूर्य की उपासना उपवास रख कर होती थी। मिश्र के इतिहास को देखा जाये तो वहां अनेक सूर्य मंदिर के होने का जिक्र मिलता है जिसमें प्रमुख रूप से अबू सिमबेल, उसेकार्फ और निउसेरे शामिल हैं। मेक्सिको, जापान से लेकर यूनाइटेड स्टेट्स के कोलाराडो में मेसा वेर्दे नेशनल पार्क और प्राचीन माया सभ्यता में भी सूर्य मंदिर होने के संकेत मिले हैं। भारत में बिहार और झारखंड छठ महापर्व के लिए सबसे अधिक प्रसिद्ध है। यहाँ औरंगाबाद जिले के देव स्थित सूर्य मंदिर और नालंदा जिले के बड़गांव में स्थित सूर्य मंदिर में दूर दूर से लोग आ कर इस अवसर पर सूर्य की पूजा अर्चना करते हैं। मन्नतें पूरी होने पर इन दोनों जगहों पर लोग विशेष रूप से छठ करने आते हैं। छठ व्रत के संदर्भ में एक अन्य कथा के अनुसार जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए, तब द्रौपदी ने छठ व्रत रखा। इस व्रत के प्रभाव से उसकी मनोकामनाएं पूरी हुईं तथा पांडवों को राजपाट वापस मिल गया। एक अन्य कथा के अनुसार प्रियव्रत नाम के एक राजा ने अपनी पत्नी के साथ कार्तिक शुक्ल की षष्टी तिथि के दिन देवी षष्टी की पूरे विधि-विधान से पूजा की जिसके फलस्वरूप उन्हें एक सुंदर पुत्र की प्राप्ति हुई। तभी से छठ का पावन पर्व मनाया जाने लगा। नालंदा के बड़गांव में छठ पर्व की परम्परा वैदिक काल से चली आ रही है। कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण के प्रपौत्र राजा शाम्ब को बड़गांव में ही पूजा अर्चना करने पर कुष्ठ रोग से मुक्ति मिली थी। देवता के रूप में पूजे जाने वाले सौर मंडल का एक प्रमुख ग्रह सूर्य उत्तर वैदिक काल के अंतिम कालखंड में मानवीय रूप में परिकल्पित थे जो कालांतर में सूर्य की मूर्ति रूप में स्थापित हो गए। पौराणिक काल आते-आते सूर्य पूजा का प्रचलन और अधिक हो गया और अनेक स्थानों पर सूर्य देव के मंदिर भी बनाए गए। पौराणिक काल में सूर्य को आरोग्य देवता भी माना जाने लगा था। सूर्य की किरणों में कई रोगों को नष्ट करने की क्षमता पाई गई। कहा जाता है कि भगवान कृष्ण के पौत्र शाम्ब को कुष्ठ हो गया था जो विशेष सूर्योपासना से ठीक हुआ। छठ पूजा की परंपरा और उसके महत्व का प्रतिपादन करने वाली अनेक पौराणिक और लोक कथाएँ प्रचलित हैं। एक मान्यता के अनुसार लंका विजय के बाद रामराज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास किया और सूर्यदेव की आराधना की। सप्तमी को सूर्योदय के समय पुनः अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशिर्वाद प्राप्त किया था। एक अन्य मान्यता के अनुसार छठ पर्व की शुरूआत महाभारत काल में हुई थी। सबसे पहले सूर्य पुत्र कर्ण ने सूर्य देव की पूजा शुरू की थी और प्रतिदिन घंटों कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य दिया करते थे। सम्भवतः छठ में अर्घ्य दान की यह प्रथा वहीं से शुरू हो कर आज भी चलती आ रही है। छठ से जुड़े उल्लेख पुराणों में भी मिलते हैं। चार दिनों तक चलने वाले इस व्रत का प्रारंभ कार्तिक मास की चतुर्थी तिथि को नहाए खाए से हो जाता है। पंचमी से 36 घंटों का उपवास प्रारंभ होता है। इस पर्व में सूर्य षष्ठी को अस्ताचलगामी सूर्य की नदी के जल में खड़े होकर आराधना की जाती है और दूसरे दिन सप्तमी को पुनः जल में खड़े रह कर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर उनकी वंदना के बाद व्रती उपवास तोड़ते हैं। इस पर्व में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है।

## भगवान भास्कर की मानस बहन हैं षष्ठी देवी

**लोहरदगा।** सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। लोक आस्था के महापर्व छठ के पहले दिन व्रती नर-नारियों ने अंतःकरण की शुद्धि के लिए नहाय-खाय के संकल्प के तहत नदियों-तालाबों के निर्मल एवं स्वच्छ जल में स्नान करने के बाद अरवा भोजन ग्रहण कर इस व्रत को शुरू किया। महिलाएं चार दिवसीय कठोर व्रत पुत्र प्राप्ति, रोग, शोक, भय आदि से मुक्ति परिवारिक सुख समृद्धि और मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए पूरे विधि विधान से छठ व्रत का पालन करती हैं। खरना में व्रती पूरे दिन उपवास कर शाम में भुवन भास्कर को षष्ठी माता की पूजा उपासना कर भोग लगा कर प्रसाद ग्रहण किया। दिनभर के निर्जला उपवास के बाद व्रती सूर्यास्त होने पर भगवान सूर्य की पूजा कर एक बार ही दूध और गुड़ से बनी खीर खाएगी। इसके बाद जब तक चांद नजर आयेगा तभी तक वह जल ग्रहण कर सकेंगे और उसके बाद से उनका करीब 36 घंटे का निराहार-निर्जला व्रत शुरू हो जायेगा। इस महापर्व के तीसरे दिन व्रतधारी अस्ताचलगामी सूर्य को नदियों और तालाबों में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित करेंगे। व्रतधारी अस्त हो रहे सूर्य को फल और कंद मूल से अर्घ्य अर्पित करते हैं। पर्व के चौथे और अंतिम दिन नदियों और तालाबों में उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य दिया जायेगा। दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के बाद ही श्रद्धालुओं का करीब 36 घंटे का निराहार व्रत समाप्त होता है और वे अन्न-जल ग्रहण करते हैं। पुरोहित रामाधार पाठक , आनन्द पाठक आदि ने बताया कि षष्ठी देवी (छठी माता) शक्ति है जो समस्त संसार के छोटे बालकों व शिशुओं की रक्षा करती है। इस महापर्व में पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है। छठ व्रत करने की परंपरा ऋग्वैदिक काल से ही चली आ रही है। परिवार की सुख-समृद्धि तथा कष्टों के निवारण के लिए किये जाने वाले इस व्रत की एक खासियत यह भी है कि इस पर्व को करने के लिए किसी पुरोहित(पंडित) की आवश्यकता नहीं होती है। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्री राम ने राज्याभिषेक के बाद सीता जी के साथ यह व्रत किया था। दंपति ने अज्ञातवास के दौरान राजपाट की पुनः प्राप्ति की कामना से संकल्प से यह व्रत किया था। षष्ठी माता एवं सूर्यदेव की कृपा से घर में समस्त वैभव एवं सुख शांति की प्राप्ति होती है। भगवान सूर्य परमात्मा के प्रत्यक्ष स्वरूप हैं। ये आरोग्य के अधिष्ठात्री देवता हैं। वैदिक मान्यताओं के अनुसार नहाय खाय से छठ के पारण सप्तमी तिथि तक उन भक्तों पर षष्ठी माता की कृपा बरसती है जो श्रद्धापूर्वक व्रत उपासना करते हैं। उन्हें किसी भी जन्म में किए गए पापों से मुक्ति मिलती है। खासकर शरीर, मन तथा आत्मा की शुद्धि हो जाती है व सूर्य जैसा तेजस्वी पुत्र प्राप्त करने की कामना की पूर्ती होती है। सर्वप्रथम षष्ठी देवी की पूजा सूर्य ने की थी पुराणों में उल्लेख है कि राजा प्रियंवद के कोई सन्तान नहीं थी। तब मर्हिर्षि कश्यप ने पुत्रोष्टि यज्ञ करवाया। उसके प्रभाव से राजा की पत्नी के एक पुत्र उत्पन्न हुआ परंतु वह मृतावस्था में उत्पन्न हुआ।

**कार्यालय - सहायक निबंधक स०स०, चतरा अंचल चतरा**

**आम सभा की सूचना**

जिला अन्तर्गत के निबंधित पैक्स लि0 (जहाँ निर्वाचन प्रकिया जारी हो या समिति अवक्रमित हो या प्रशासक नियुक्त हो, को छोड़कर) के प्रबंध समिति द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में सरकार द्वारा अनुमोदित आदर्श बहुउद्येशीय प्राथमिक सहकारी समिति लि0 (MPCS) को लागू करने हेतु लि0 की वर्तमान निबंधित उपविधियों की कंडिका–1 से 65 तक के प्रावधानों में संशोधन पर विचार करने हेतु पैक्स लि0 के नाम के आगे अंकित आम सभा की तिथि एवं समय पर निर्धारित आम सभा/असाधारण सभा की बैठक में भाग लेकर सभा को सफल बनाने की कृपा की जाए।

नोट– सभी संबंधित पैक्स लि0 के अध्यक्ष/प्रबंध समिति के सदस्यों/प्रबंधक से आग्रह है कि प्रकाशित इस सूचना को पैक्स लि0 के भवन/सामुदायिक भवन/पंचायत भवन/आंगन बाड़ी केन्द्र/स्वास्थ्य केन्द्र/विद्यालयों/हाट बाजार/अन्य महत्वपूर्ण केन्द्रों पर चिपकाना तथा रजिस्टर के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर सभी सदस्यों को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

| प्रखण्ड का नाम | पैक्स लि0 का नाम | साधारण आमसभा/असाधारण आमसभा की तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| चतरा जिला अन्तर्गत सभी (12) प्रखण्ड | चतरा जिला अन्तर्गत सभी (154) पैक्स | 22.11.2023 | 11.00 बजे पूर्वाहन् से |

निवेदक
सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ
चतरा

PR 311499 (Co-opretive)23-24*D

**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
**(परामर्शी चयन हेतु)**

**अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0 06/2023–24**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत लातेहार अन्तर्गत सडक, पुल–पुलिया, चौक–चौराहा सौन्द्रयीकरण, पार्क निर्माण, पथ प्रकाश व्यवस्था, कार्यालय भवन, तालाब सौन्द्रयीकरण/जीर्णोद्वार, भवन निर्माण एवं अन्य विभिन्न विकास योजनाओं का डी0पी0आर0 तैयार कराने हेतु अनुभवी तथा विशेशज्ञ परामर्शियों की अगले तीन वर्शों तक कार्य कराने के निमित चयन हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक परामर्शी अपना दर सभी कर सहीत मूहरबन्द लिफाफे में दिनांक 28.11.2023 के अपराहन् 2.30 बजे तक नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते है। साथ ही संबंधित निविदा को उसी दिन अपराहन् 3.30 बजे नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के द्वारा परामर्शीदात्रियों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला जायेगा।

**कार्य का विवरण**

| क0 सं0 | डी0पी0आर0 की राशि | परामर्शी शुल्क (DPR) सभी कर (Tax) सहीत | परामर्शी शुल्क (PMC) सभी कर (Tax) सहीत |
|---|---|---|---|
| 01 | 0–1 करोड़ की लागत तक | | |
| 02 | 1–5 करोड़ की लागत तक | | |
| 03 | 5–10 करोड़ की लागत तक | | |
| 04 | 10 करोड़ की लागत से अधीक | | |

**नियम एवं शर्तें:–**

1. परामर्शदात्रियों को पेनकार्ड, जी0एस0टी0, निबंधन प्रमाण पत्र, अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट, जी0एस0टी0 रिर्टन एवं विभिन्न डी0पी0आर0 तैयार करने का अनुभव एवं कार्यादेश की अभिप्रमाणीत छायाप्रति संलग्न कर कोटेशन देना अनिवार्य होगा।
2. परामर्शदात्रियों को कोटेशन के साथ 10000.00 (दस हजार)रू0 जमानत की राशि के रूप में बैंक ड्राफट के माध्यम से जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत लातेहार के पदनाम से लातेहार में देय हो को जमा करना अनिवार्य होगा। बिना जमानत राशि के कोटेशन स्वतः रद्व समझा जायेगा।
3. परामर्शदात्रियों को सरकार के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुरूप डी0पी0आर0 तैयार करना होगा।
4. सरकारी स्तर पर निर्गत इस तरह के कार्य का डी0पी0आर0 तैयार किये जाने संबंधी अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करने वाले परामर्शदात्रियों के आवेदन पर समान दर रहने की स्थिति में कार्य आवंटन पर प्राथमिकता दीजायेगी।
5. उक्त निविदा का निश्पादन नगर पंचायत लातेहार के निविदा समिति के द्वारा किया जायेगा।
6. परामर्शदात्रियों को आवेदन के साथ उनकी संस्था या फर्म के विरूद्व किसी प्रकार की कोई कारवाई या रूग्न अवस्था में नही है, का शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. परामर्शदात्रियों को Final DPR स–समय संतोशप्रद रूप से संक्षम प्राधिकार से स्वीकृति कराने के उपरान्त राशि विमुक्त की जायेगी। साथ ही परामार्दात्रियों को भुगतान की जाने वाली राशि से सभी कर की कटौती करते हुए विपत्र का भुगतान किया जायेगा।
8. उपरोक्त निविदा के संबंध में अन्य जानकारी कार्यालय के कार्यदिवस में कार्यअवधि तक नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर किया जा सकता है।
9. बिना कारण बताये परामर्शी चयन निविदा आंमत्रण को रद्व करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षीत रहेगा।

PR.NO.311495 Urban Development(23-24):D

प्रशासक, नगर पंचायत, लातेहार

**पहल** कार्तिक उरांव स्मृति जतरा सह खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक महोत्सव का किया उद्घाटन

# झारखंड के हर बच्चे को मिले अच्छी शिक्षा : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा (गुमला)**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय परिसर, बदरी (घाघरा), गुमला में आयोजित स्वर्गीय कार्तिक उरांव स्मृति जतरा सह खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक महोत्सव 2023 का उद्घाटन किया। उन्होंने पंखराज साहब कार्तिक उरांव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका समाज के विकास में अमूल्य योगदान रहा है। राज्यपाल ने कहा कि अपने लिए तो हर कोई जीता है, लेकिन जो समाज के लिए जीता है, वे सदैव याद किये जाते हैं। पंखराज साहेब कार्तिक उरांव एक असाधारण व्यक्ति व कर्मयोगी थे, जिन्होंने समाज के विकास और लोगों के उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य किया। राज्यपाल ने कहा कि एक साधारण किसान परिवार में जन्म लेने वाले शिक्षा एवं प्रसिद्धि की ऊंचाइयों को प्राप्त करने वाले एक महान शिक्षाविद्, कुशल इंजीनियर व दूरदर्शी व्यक्ति पंखराज साहेब कार्तिक उरांव का जीवन प्रेरणा का स्रोत है। झारखंड की पावन भूमि पर उनका जन्म हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उनके प्रयासों से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों की स्थापना हुई। राज्यपाल ने कहा कि कार्तिक उरांव का मानना था कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत हित का साधन नहीं है, बल्कि संपूर्ण समाज को सशक्त बनाने का साधन है। राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सभी प्रतिबद्ध होना चाहिए, झारखंड के हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले। अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा देना प्रत्येक माता-पिता का परम कर्तव्य है। ज्ञान से बड़ी कोई ताकत नहीं है। प्रधानमंत्री बच्चों के भविष्य के प्रति बहुत संवेदनशील हैं। इस दिशा में झारखंड राज्य को बड़ी संख्या में 'एकलव्य विद्यालय' प्रदान किए गये हैं। उन्होंने कहा कि कार्तिक उरांव को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके दृढ़ संकल्प, इच्छा शक्ति, सच्चे समर्पण, मानवता के प्रति प्रेम, देशभक्ति, शिक्षा के प्रति जुनून और सामुदायिक सेवा की भावना का अनुकरण करेंगे ताकि हमारा राज्य और तेजी से विकास कर सके। मौके पर विकास भारती के सचिव पद्मश्री डॉ. अशोक भगत ने कहा कि कार्तिक उरांव सोशल थिंकर एवं क्षेत्र के ट्राइबल के नेता थे। टाना भगतों को आगे बढ़ाने में उन्होंने महत्वपूर्व भूमिका निभाई। वे अपने महत्वपूर्व योगदान से लोगों के बीच काफी लोकप्रिय बने। सांसद सुदर्शन भगत ने कार्यक्रम में कहा किआदिवासी समाज को आगे बढ़ाने, उनके उत्तरोत्तर विकास के लिए कार्तिक उरांव का बड़ा योगदान रहा है। इसके पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके उपरांत उन्होंने स्व. कार्तिक उरांव के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर स्व. कार्तिक उरांव के नाती सुनील उरांव, समीर उरांव, निवर्तमान मेयर आशा लकड़ा, पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह, ओम सिंह, भिखारी भगत कुमार रवि, रामनंदन साहू, बिपिन बिहारी सिंह, कृष्णा कुमार लोहरा, विवेक सिंह, अमित ठाकुर, आशीष सोनी, राणा सिंह, विभिन्न ग्रामों से आये नृत्य खोड़हा दल सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।






### राज्यपाल को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

**लोहरदगा।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को लोहरदगा परिसदन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल गुमला जिला के घाघरा प्रखंड के बदरी ग्राम स्थित स्कूल मैदान आयोजित कार्तिक उराँव स्मृति यात्रा सह खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होकर लौटने के क्रम में लोहरदगा परिसदन में थोड़ी देर के लिए रुके। इससे पूर्व महामहिम का स्वागत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने किया। परिसदन में थोड़ी देर रुकने के बाद महामहिम का काफिला राची के लिए रवाना हो गया।

## गागर में सागर

### अगले साल अंत तक सेंसेक्स 74,000 पर पहुंचेगा : मॉर्गन स्टैनली



**नई दिल्ली।** ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली का कहना है कि अगले साल के अंत तक यानी दिसंबर 2024 तक प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 74,000 अंकों का आंकड़ा छू लेगा। इसका मतलब हुआ कि बाजार मौजूदा स्तर से 12 फीसदी की वृद्धि करेगा। ब्रोकरेज ने अपने 2024 इंडिया इक्विटी स्ट्रैटजी आउटलुक में कहा है, इस स्तर का मतलब है कि सेंसेक्स 24.7 गुना के पीई मल्टीपल पर कारोबार करेगा जो उसके 25 वर्ष के औसत 20 गुना से अधिक है। ऐतिहासिक औसत के मुकाबले तेजी का मतलब भारत में मजबूत मध्यावधि वृद्धि में बढ़ता भरोसा है। मॉर्गन स्टैनली के तेजी के मामले में 86,000 का लक्ष्य रखा है। यह कच्चे तेल की कीमतों के 70 डॉलर तक गिरने और भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से दरों में बड़ी कटौती पर निर्भर करेगा। ब्रोकरेज ने मंदी के मामले में 51,000 अंकों का लक्ष्य तय किया है। इसका कारण चुनाव के बाद केंद्र की सत्ता में बदलाव, कच्चे तेल की कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल से अधिक होना, रिजर्व बैंक की सख्ती और अमेरिका में मंदी के कारण वैश्विक वृद्धि कम होने को बताया है।

### दिसंबर में बैंक कर्मी करेंगे हड़ताल



**नई दिल्ली।** दिसंबर में बैंकों का कामकाज कई दिनों के लिए बंद रह सकता है क्योंकि अगले महीने कई दिन तक अलग-अलग बैंकों में हड़ताल रहेगी। ऑल इंडिया बैंक एंप्लाई एसोसिएशन ने इस मामले पर एक नोटिफिकेशन जारी करके ये जानकारी दी है। अक्ष्एअ ने दिसंबर 2023 में बैंकों में अलग-अलग तारीख पर हड़ताल का ऐलान कर दिया है। यह हड़ताल 4 दिसंबर से शुरू होकर 11 दिसंबर, 2023 के बीच चलेगी। जानते हैं कि बैंकों में किस-किस दिन काम बाधित रहने वाला है। बैंक कर्मचारियों के इस हड़ताल के पीछे मुख्य कारण है बैंक में पर्याप्त स्टाफ की मांग। इसके साथ ही बैंकिंग क्षेत्र में आउटसोर्सिंग पर रोक लगाकर स्थाई नौकरियों की संख्या में बढ़ोतरी जैसी मांगे भी शामिल है।

**दिसंबर में इस दिन रहेंगे हड़ताल :** 4 दिसंबर, 2023- भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक में हड़ताल रहेगी, 5 दिसंबर, 2023- बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ इंडिया में हड़ताल रहेगी, 6 दिसंबर, 2023- केनरा बैंक और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में हड़ताल रहेगी, 7 दिसंबर, 2023- इंडियन बैंक और यूको बैंक में हड़ताल रहेगी, 8 दिसंबर, 2023- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हड़ताल रहेगी।

9 और 10 दिसंबर, 2023- बैंकों में शनिवार और रविवार की साप्ताहिक छुट्टी, 11 दिसंबर, 2023- प्राइवेट बैंकों की हड़ताल में हड़ताल रहेगी।

### सुब्रत रॉय की मौत के बाद भी सहारा ग्रुप के खिलाफ जारी रहेगा केस

**नई दिल्ली।** सहारा ग्रुप के संस्थापक सुब्रत रॉय की मौत के बाद भी सेबी इस ग्रुप के खिलाफ केस जारी रखेगा। सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने कहा कि सेबी के लिए यह मामला एक यूनिट के मैनेजमेंट से जुड़ा है और यह जारी रहेगा। चाहे कोई व्यक्ति जीवित हो या नहीं। सुब्रत रॉय का 75 साल की उम्र में मंगलवार को निधन हो गया था। माधवी पुरी ने रिफंड बेहद कम होने के सवाल पर कहा कि पैसा निवेशकों द्वारा किए गए दावों के सबूत के आधार पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त समिति के जरिए वापस किया गया है। निवेशकों को केवल 138 करोड़ रुपए का रिफंड किया गया है, जबकि सहारा ग्रुप को निवेशकों को रिफंड के लिए सेबी के पास 24,000 करोड़ रुपए से अधिक जमा करने के लिए कहा गया था। सेबी ने 2011 में सहारा ग्रुप की दो कंपनियों सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन लिमिटेड और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड को करीब तीन करोड़ निवेशकों से जुटाए गए धन को वापस करने का आदेश दिया था। नियामक ने आदेश में कहा था कि दोनों कंपनियों ने नियमों का उल्लंघन करके धन जुटाया था। लंबी कानूनी लड़ाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 31 अगस्त 2012 को सेबी के निदेशों को बरकरार रखा और दोनों कंपनियों को निवेशकों से जुटाए गए धन 15 प्रतिशत ब्याज के साथ वापस करने को कहा था।

### वडराज सीमेंट कंपनी को खरीदने के लिए लग रही बोली

# अडानी के सामने आए जिंदल और मित्तल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सीमेंट बिजनेस को बढ़ाने के लिए आक्रामक तरीके से काम कर रहे गौतम अडानी के निशाने पर अब एक और कंपनी आई हुई है। हालांकि इस बार गौतम अडानी की राह आसान नहीं होने वाली है, क्योंकि उनकी टक्कर सज्जन जिंदल और लक्ष्मी निवास मित्तल जैसे उद्योगपतियों से होने वाली है। दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही सीमेंट कंपनी को खरीदने में अडानी के अलावा जिंदल और मित्तल भी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही यह कंपनी वडराज सीमेंट है। वडराज सीमेंट एबीजी शिपयार्ड ग्रुप की कंपनी है, जिसके खिलाफ ट्रेड क्रेडिटर ब्यूमर टेक्नोलॉजी इंडिया ने रिकवरी के लिए कोर्ट की शरण ली थी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने अगस्त 2018 में वडराज सीमेंट को वाइंड अप करने का ऑर्डर दिया था। अब कंपनी दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही है। ईटी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वडराज सीमेंट के लिए बोली लगाने वाली संभावित कंपनियों में अडानी समूह की एक कंपनी, सज्जन जिंदल की जेएसडब्ल्यू सीमेंट और लक्ष्मी मित्तल का आर्सेलर मित्तल ग्रुप शामिल है। जब ब्यूमर टेक्नोलॉजी इंडिया ने अपने बकाए की रिकवरी के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था, तब कोर्ट ने कंपनी को बंद करने का आदेश दिया था। हालांकि कंपनी की संपत्तियों को बेचने की प्रक्रिया धीमी होने से नाराज होकर कोर्ट ने सीमेंट कंपनी के डेट रिजॉल्यूशन प्रोसेस को आईबीसी के पास ट्रांसफर करने की सहमति दे दी थी। अब एनसीएलटी के तहत कंपनी की दिवाला प्रक्रिया चलने वाली है।

**अडानी समूह की स्थिति :** अडानी समूह की बात करें तो सीमेंट इंडस्ट्री में अब समूह की अहम भूमिका है। अडानी समूह एसीसी और अंबुजा सीमेंट को खरीदकर सीमेंट उत्पादन के मामले में भारत में एक झटके में दूसरे नंबर पर पहुंच गया था।

**कंपनी की संपत्तियों को बेचने की प्रक्रिया धीमी होने से नाराज होकर कोर्ट ने सीमेंट कंपनी के डेट रिजॉल्यूशन प्रोसेस को सहमति दे दी थी**

अभी अडानी समूह की सालाना क्षमता 67.5 एमटी सीमेंट का उत्पादन करने की है। अल्ट्राटेक सीमेंट 137.5 एमटी की क्षमता के साथ पहले स्थान पर है। वडराज सीमेंट के पास जो एसेट हैं, वो इसे अडानी समूह के लिए स्ट्रेटजिक बना देते हैं। वडराज सीमेंट के पास कच्छ में सीमेंट मैन्यूफैक्चरिंग फैसिलिटी है। कंपनी के पास लाइमस्टोर के माइनिंग राइट्स भी हैं। कंपनी के पास सूरत में 6 एमटी क्षमता वाली सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट भी है। कंपनी के कर्जदाताओं को दिवाला प्रक्रिया में संभावित खरीदारों से 2000 से 2500 करोड़ रुपये की बोली की उम्मीद है।

## टाटा टी अग्नि लीफ ने छठ के लिए पेश किया नया पैक

**नवीन मेल रसंवाददाता। रांची**




बिहार और झारखंड की जीवंत संस्कृति के प्रति श्रद्धा प्रकट करते हुए, प्रमुख चाय ब्रांडों में से एक टाटा टी अग्नि लीफ ने विशेष उत्सव पैक और उत्सव का जश्न मनाने वाला एक विशेष संगीत वीडियो लॉन्च किया है। चार-पैक का यह कलेक्शन प्रत्येक दिन के विशिष्टअनुष्ठानों और भावनाओं को दशार्ता है। त्योहार के प्रत्येक दिन को बिहार की प्रतिष्ठित मधुबनी कला के विभिन्न शैलियों में दशार्या गया है। पहला पैक मधुबनी की गोधना स्टाइल में डिजाइन किया गया है, जिसमें काले सियाही का उपयोग किया जाता हैक इस शैली से त्योहार के पहले दिन 'नहाय खाय' को दशार्या गया है। दूसरा पैक 'खरना' के दूसरे दिन को चित्रित करता है, जिसमें धुबनी की कचनी स्टाइल में बनाया गया है की मोनो क्रोम रंगों का उपयोग करती है। तीसरा पैक 'संध्या अर्घ्य' को समर्पित है, जो कि मधुबनी की कोहबर स्टाइल में दशार्ता है। चौथा पैक जिसे मधुबनी की भरनी शैली में तैयार किया गया है। त्योहार के अंतिम दिन- 'उषा अर्घ्य' को चित्रित करता है, जहां भक्त अपने पवित्र व्रत का समापन करते हुए उगते सूर्य को प्रार्थना और अर्घ्य देते हैं। टाटा टीअग्नि लीफ ने एक संगीत वीडियो आवा मिल के छठ मनाईह्नभी लॉन्च किया है । विशेष रूप से तैयार किया गया यह गीत इस उत्सव की भावना को जीवंत करता है, जहां कई पीढ़ियों के लोग एक साथ आते हैं।

## टिम कुक व एलोन मस्क ने किया शी जिनपिंग का स्वागत

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**



टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क से लेकर एप्पल के प्रमुख टिम कुक तक, शीर्ष तकनीकी दिग्गजों और कॉर्पोरेट नेताओं ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से उनकी राजकीय यात्रा के दौरान यहां रात्रि भोज के दौरान मुलाकात की। शी को कुक और ब्लैकस्टोन के स्टीव श्वार्जमैन सहित 300 से अधिक कॉर्पोरेट नेताओं और शीर्ष अधिकारियों ने स्वागत किया। मस्क ने शुक्रवार को एक्स पर चीनी राष्ट्रपति के साथ अपनी तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा, 'सभी के लिए समृद्धि हो। रात्रिभोज का आयोजन यूएस-चीन बिजनेस काउंसिल और यूएस-चीन संबंधों पर राष्ट्रीय समिति द्वारा किया गया था। राष्ट्रपति ने सभा में कहा, चाहे वह विकास के किसी भी स्तर पर पहुंच जाए, चीन कभी भी आधिपत्य या विस्तार का प्रयास नहीं करेगा और अपनी इच्छा कभी दूसरों पर नहीं थोपेगा। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने चीनी समकक्ष से कहा था कि उन्हें अपनी संचार लाइनें खुली रखनी चाहिए और एक-दूसरे को समझना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रतिस्पर्धा (उनके देशों के बीच) संघर्ष में न बदल जाए। शी ने रिश्ते को प्रतिस्पर्धा के रूप में वर्णित करने पर अपना विरोध दोहराया और कहा कि यह ₹वर्तमान समय की प्रचलित प्रवृत्ति नहीं है। बाइडेन ने कहा कि अमेरिका चीन से ₹अलग होने₹ की कोशिश नहीं कर रहा है, बल्कि अपने मुखर प्रतिद्वंद्वी के साथ बेहतर संबंध बना रहा है। शी इस सप्ताह बाइडेन के साथ शिखर सम्मेलन के लिए और एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) आर्थिक नेताओं की बैठक में भाग लेने के लिए सैन फ्रांसिस्को पहुंचे।

### आरबीआई ने एक्सिस बैंक पर 91 लाख का जुर्माना लगाया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियमों के उल्लंघन के लिए एक्सिस बैंक पर 90.93 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने गुरुवार को बताया कि यह जुमार्ना आदेशों का पालन नहीं करने पर लगाया गया है। आरबीआई के बयान में कहा गया कि केवाईसी दिशानिर्देश के लोन और रिस्क मैनेजमेंट पर कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे। इन नियमों का पालन नहीं करने पर बैंक पर जुमार्ना लगाया गया है। आरबीआई ने 31 मार्च 2022 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में बैंक के पर्यवेक्षी मूल्यांकन के लिए वैधानिक निरीक्षण किया। आरबीआई द्वारा एक अकाउंट से जुड़ी जांच भी की गई थी। इसके अलावा, बैंक कुछ मामलों में ग्राहकों की पहचान और उनके पते से संबंधित रिकॉर्ड संरक्षित करने में विफल रहा। आरबीआई ने एक बयान में कहा, "कुछ ग्राहकों को लगातार कॉल करने से कुछ डेलिक्वेंट (बकाया) उधारकर्ताओं के साथ रिकवरी एजेंटों का उचित व्यवहार सुनिश्चित नहीं हो सका।

## महंगाई से राहत तो मिली लेकिन अभी खतरा नहीं टला: आरबीआई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि देश को महंगाई के मोर्चे पर राहत जरूर मिली है लेकिन अभी खतरा नहीं टला है। हमें लंबा सफर तय करना है। अभी मुश्किलों का दौर टला नहीं है। दुनियाभर में बने हालातों के चलते कीमतों पर संकट बना हुआ है। हालांकि, त्योहारों के दौरान मांग बढ़ने से अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर बेहतर रहने की पूरी उम्मीद है। आरबीआई ने अपने नवंबर बुलेटिन में बताया कि सितंबर में रिटेल महंगाई करीब 5 फीसदी और अक्टूबर में 4.87 फीसदी रही। बुलेटिन के ह्यस्टेट ऑफ द इकोनॉमी लेख में आरबीआई ने बताया कि भले ही महंगाई दर में कमी आई हो। मगर, अभी भी यह हमारे लक्ष्य 4 फीसदी से ज्यादा है 2022-23 में महंगाई दर 6.7 और जुलाई-अगस्त 2023 में 7.1 फीसदी तक पहुंच गई थी। केंद्रीय बैंक आरबीआई को पूरी उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में महंगाई दर 5 फीसदी के आसपास रहेगी। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, अनाज और दाल कीमतों में इजाफा हुआ है जबकि खाद्य तेल की कीमतों में नरमी आई है। भारत की तरक्की में घरेलू मांग का बड़ा हाथ है। यही वजह है कि बाहर से आ रही चुनौतियां हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पा रही हैं।

### एसबीआई सिंगापुर और अमेरिका में 'योनो ग्लोबल' एप करेगा पेश

**सिंगापुर।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) जल्द ही सिंगापुर और अमेरिका में अपनी बैंकिंग मोबाइल एप ह्ययोनो ग्लोबल' पेश करेगा, जो उसके ग्राहकों को डिजिटल प्रेषण तथा अन्य सेवाएं प्रदान करेगी। डिप्टी एमडी (आईटी) विद्या कृष्णन ने सिंगापुर फिनटेक महोत्सव (एसएफएफ) से इतर कहा, हम सर्वोत्तम उपलब्ध सेवाएं प्रदान करने के लिए योनो ग्लोबल' में निवेश करना जारी रख रहे हैं। हम अपने ग्राहकों को बेहतर अनुभव देना चाहते हैं। तीन दिवसीय सिंगापुर फिनटेक महोत्सव (एसएफएफ) का समापन 17 नवंबर को होगा। कृष्णन ने सिंगापुर स्थित डिजिटल मंच समर्थकों के साथ-साथ स्थानीय नियामक तथा केंद्रीय बैंक, सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण (एमएएस) के साथ भी बातचीत की। उन्होंने कहा, ह्यह्यसिंगापुर में भारतीय प्रवासियों की बड़ी संख्या को देखते हुए हम भारत और सिंगापुर के बीच प्रेषण पर लगातार काम कर रहे हैं। एसबीआई वर्तमान में नौ देशों में ह्ययोनो ग्लोबल' सेवाएं प्रदान करता है। इसकी शुरूआत सितंबर 2019 में ब्रिटेन से की गई थी। एसबीआई की विदेशी परिचालन की ह्यबैलेंस शीट' करीब 78 अरब अमेरिकी डॉलर की है। सिंगापुर में एसबीआई अपने योनो ग्लोबल' एप को ह्यपे-नाउ' के साथ मिलकर पेश करेगा।

## बड़े पैमाने पर परमाणु ऊर्जा विस्तार की योजना बना रहा है स्वीडन

**एजेंसी। स्टॉकहोम**



स्वीडन सरकार नई परमाणु ऊर्जा को बड़े पैमाने पर विस्तार करने की योजना बना रही है। इसको लेकर सरकार ने कहा कि 2045 तक वह चाहती है कि देश में 10 नए रिएक्टर हो, जिनमें से दो 2035 तक चालू हो जाएंगे। ऊर्जा मंत्री एब्बा बुश ने एक संवाददाता सम्मेलन में 100 प्रतिशत नवीकरणीय से 100 प्रतिशत जीवाश्म-मुक्त बिजली उत्पादन में नीति बदलाव की रूपरेखा बताते हुए कहा, इसका मतलब स्वीडन की ऊर्जा नीति का एक ऐतिहासिक पुनर्गठन होगा। समाचार एजेंसी ने मंत्री के हवाले से कहा, हमें 25 साल के भीतर बिजली उत्पादन दोगुना करना है। उन्होंने कहा, इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए, परमाणु रिएक्टरों की संख्या पर लगी सीमा हटा दी जाएगी और नए रिएक्टरों के लिए अनुमति देने की प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित और तेज किया जाएगा। बुश ने कहा, सरकार ने नई परमाणु ऊर्जा में निवेश के लिए क्रेडिट गारंटी शुरू करने का भी फैसला किया है। नए परमाणु बुनियादी ढांचे में राज्य और निवेशकों के बीच जोखिम-साझाकरण के लिए एक आर्थिक मॉडल भी विकसित किया जाएगा। बुश ने कहा कि हरित उद्योगों के विकसित होने के साथ-साथ बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए विस्तार जरूरी है क्योंकि बिजली प्रणाली इतनी नाजुक कभी नहीं रही जितनी अब है। उन्होंने याद किया कि पिछली सर्दियों में असंतुलन के कारण ग्रिड लगभग ध्वस्त हो गया था। सांख्यिकी स्वीडन के अनुसार, पिछले साल देश में 170 टेरावाट घंटे (टीडब्ल्यूएच) बिजली का उत्पादन किया गया था, जिसमें से 69 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा से आया था। कुल उत्पादन में जलविद्युत ऊर्जा का हिस्सा 41 प्रतिशत था, जबकि परमाणु और पवन का हिस्सा क्रमशः 29 प्रतिशत और 19 प्रतिशत था।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

रद्द संबंधी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित Expression of Interest No.–RDD/SD/CHATRA/EOI-23/2023-24 (Rate Contracts for the Supply and installation of Medical Equipment/Appliances Accessories etc. OF CHILD CARE WARD AT ITKHORI, G.P ITKHORI OF BLOCK ITKHORI IN CHATRA) कार्य जिसका PR 310670 को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा।

PR 311574 Rural Development (23-24)D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

रद्द संबंधी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित Expression of Interest No.–RDD/SD/CHATRA/EOI-22/2023-24 (Rate Contracts for the Supply and installation of Medical Equipment /Appliances Accessories etc. OF CHILD CARE WARD AT PRATAPPUR, G.P PRATAPPUR OF PRATAPPUR BLOCK IN CHATRA) कार्य जिसका PR 310672 को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा

PR 311572 (Rural Development)23-24*D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

रद्द संबंधी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित Expression of Interest No.– RDD/SD/CHATRA/EOI-21/2023-24 (Rate Contracts for the Supply and installation of Medical Equipment/Appliances Accessories etc. OF CHILD CARE WARD AT GADILONG G.P GADILONG, BLOCK-TANDWA, IN CHATRA District) कार्य जिसका PR 310728 को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
चतरा

PR 311570 Rural Development (23-24)_D

### कार्यालय नगर परिषद्, लोहरदगा

अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 11/2023–24 Corrigendum {PR 310278 (Lohardaga) 23-24 (D)}

| Sl. No. | Procurement Officer | date of tender publish on website | Availability of tender on line for bidding | | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| 1. | Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga | 03-11-2023 Time 10:30 AM | Bid downloading Date-03-11-2023 Time 11:00 A.M To Date 16-11-2023 Time 5:00 P.M. | Bid submission Date- 03-11-2023 Time 11:30 P.M To Date 16-11-2023 Time 5:00 P.M. | N.P. Lohardaga Date- 17-11-2023 Time 05:00 P.M |

Corrigendum

| Sl. No. | Procurement Officer | date of tender publish on website | Availability of tender on line for bidding | | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| 1. | Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga | 03-11-2023 Time 10:30 AM | Bid downloading Date-03-11-2023 Time 11:00 A.M To Date 24-11-2023 Time 5:00 P.M. | Bid submission Date- 03-11-2023 Time 11:30 P.M To Date 24-11-2023 Time 5:00 P.M. | N.P. Lohardaga Date- 25-11-2023 Time 05:00 P.M |

Further details can be seen on website http://Jharkhandtenders.gov.in Administrator
PR 311500 (Lohardaga)23-24*D Nagar Parishad, Lohardaga

### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
### जिला गव्य विकास कार्यालय,गढ़वा

Email – dddogarhwa@gmail.com, Contact No- 9934529928

–:इच्छा की अभिव्यक्तिः–

वित्तीय वर्ष 2023–24 अंतर्गत प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान (इग्नू शिक्षार्थी सेवा केन्द्र 32023), धुर्वा, राँची के माध्यम से IGNOU द्वारा संचालित DDT (डिप्लोमा इन डेयरी टेक्नोलॉजी) एवं APDF (अवेयरनेश प्रोग्राम इन डेयरी फार्मिंग) प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु इस जिला के शिक्षित युवा बेरोजगारों/पशुपालकों से दिनांक– 21.11.2023 तक पूर्ण ब्यौरा सहित आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है, कार्यक्रम विवरणी निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम | वांछित योग्यता | प्रशिक्षण लक्ष्य | अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डिप्लोमा इन डेयरी टेक्नोलॉजी (DDT) | 10+2 उत्तीर्ण | 02 | 01 वर्ष | Course fee का 50% IGNOU को देय राशि |
| 2 | अवेयरनेश प्रोग्राम इन डेयरी फार्मिंग(APDF) | प्रगतिशील डेयरी कृषक | 08 | 02 माह | |

1.प्रशिक्षण प्रारंभ होने की तिथि :–
(क) DDT (डिप्लोमा इन डेयरी टेक्नोलॉजी) दिनांकः– 02.12.2023
(ख) APDF (अवेयरनेश प्रोग्राम इन डेयरी फार्मिंग) दिनांकः– 21.11.2023

इच्छुक अभ्यथियों से आग्रह है कि अपना पूर्ण विवरणी सहित आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, सोनपुरवा गढ़वा अन्तर्गत कार्यालय अवधि में दिनांकः– 21.11.2023 तक समर्पित करें।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 311531 Animal Husbandry(23-24).D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा मे0 साई शोभानन्द कन्स्ट्रक्शन, अग्रवाल मुहल्ला, गढ़वा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत ग्राम जोबरईया के बिन्द टोला में प्रयाग बिन्द के घर से अवध बिहारी पाण्डेय के घर होते हुए श्री रामेशवर उपाध्याय के घर के समीप तक पी0सी0सी0 पथ, नाली एवं गार्डवाल का निर्माण कार्य (लम्बाई– 0.420 कि0मी0) का एकरारनामा किया गया था। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 03.08.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 02.11.2022 था, परन्तु आपके द्वारा उक्त निर्माण कार्य बिना पूर्ण किये लम्बे समय से बन्द रखा गया है, जिसे पूर्ण करने हेतु इस कार्यालय का पत्र पत्रांक 1542 दिनांक 09.09.2023 एवं प्रेस विज्ञप्ति का ज्ञापांक 1636 दिनांक 20.09.2023 द्वारा सूचना देने के वावजूद भी आपके द्वारा अवशेश कार्य को अभी तक पूर्ण नही किया गया है, इससे प्रतित होता है कि उपरोक्त कार्य को करने में आपको रूची नही है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको अंतिम बार सूचित करना है कि दो दिनों के अन्दर अवशेश कार्य को प्रारम्भ करते हुए दस दिनो में पूर्ण कराना सूनिश्चित करें अन्यथा वाध्य होकर एकरारनामा में निहित प्रावधान के अनुरूप आपके एकरारनामा को विखण्डित करते हुए जमानत की राशि जप्त कर ली जायेगी, तथा आपका निबंधन को काली सूची में दर्ज करने हेतु उच्चाधिकारीयों को सूचित करना अधोहस्ताक्षरी की बाध्यता होगी, तथा इसकी पूर्ण जिम्मेवारी आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR311530 (Rural Development)23-24*D

# मोदी की घोषणा के मायने..

**स्थापना** दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विलुप्तप्राय आदिम जनजाति समाज के लिए 24 हजार करोड़ रूपये की पीएम जनमन योजना शुरू की है। पहली बार इस समाज के लिए किसी केन्द्र की सरकार ने सुध ली है। यह जाति असुर,बिरहोर,बिरजिया, माल पहाड़िया,कोरवा सबर,हिल खड़िया और परहिया हैं। विलुप्त हो रही यह जनजाति आज भी आदि मानव का जीवन जीने को मजबूर है। इन जनजातियों की संख्या हाल के दिनों में काफी कम हुई है। जहां कभी एक परिवार के 25 सदस्य हुआ करते थे,अब सिर्फ पांच बचे हैं। स्थिति यह है कि आदिवासियों के नाम पार बने झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में निवास करने वाली इस जनजातियों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। यही कारण है कि इसे बचाने के लिए पीएम ने पहल शुरू की है। विकास की मुख्यधारा से कटे इस समाज की स्थिति में अगर इस योजना से थोड़ा भी बदलावा आता है तो यह बड़ी उपलब्धि होगी। पीएम ने अपने संबोधन में सबको बराबरी का हक और मौका मिलने की बात कही है। यही लोकतंत्र का तकाजा भी है। साथ ही हमारी भारतीय संस्कृति भी है। आदिवासियों को विकसित होने के लिए और जीने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है तो यह पूरे समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। यह समाज आज भी घास के बने झोपड़े में रहने को विवश है। पलामू के बेतला गांव में परहिया जनजाति के गांवों में आज भी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। जबकि देश का एक महत्वपूर्ण बेतला नेशनल पार्क मौजूद है। यहां देश विदेश के पर्यटक हर समय आते जाते हैं। साथ ही राजनेताओं की बैठक में राज्य को सजाने संवारने की कवायदें रची जाती हैं। ठीक बगल के गांव में आदिम जनजाति का यह गांव और यहां के लोग कई प्रकार की समस्याओं से दो चार हो रहे हैं। ऐसे में उम्मीदों के आकाश में कुछ अनुत्तरित सवाल खड़े हो जाते हैं। सवालों के घने जंगल में उत्तर की अपेक्षा आखिर सरकार से ही की जा सकती है। विलुप्त होने के कगार पर इस जनजाति को बचाकर ही हम अपनी संस्कृति को बचा सकते हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री की यह योजना निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित होगी। ऐसा विश्वास किया जा सकता है। साथ ही राज्य की हेमंत सरकार को भी गंभरता से इस विषय को लेनी चाहिए। तभी झारखंड के सपनों को साकार किया जा सकता है। बहरहाल अब उम्मीद की जानी चाहिए कि इस समाज को उसका हक मिलेगा। इसके लिए सरकार ही नहीं समाज के प्रबुद्ध वर्ग को भी आने की जरूरत है। यह तभी संभव है जब संवेदनाओं के तार में झंकार होगी। झारखंड के विकास यात्रा के गवाह बनने के लिए सभी दलों को एकजुट होकर विकास के विषय में आगे आने की जरूरत है। विरोध के लिए विरोध की राजनीति बंद होनी चाहिए। तभी हम बिरसा मुंडा के अधूरे सपनों को साकार कर पायेगें। बस अब जरूरत है कि पीएम मोदी की इस योजना का सही ढंग से जमीन पर लागू किया जाये। हमारी विकास यात्रा के आंगन में आदिवासी समाज के योगदान को भूलाया नहीं जा सकता है। ऐसे में इनके जीवन में खुशियों के दीप जलाकर ही विकास की पटकथा लिखी जा सकती है। समस्याओं और समाधान की दिशा में हल्की ही सही थोड़ी बूंदा-बांदी भी सुकून देने वाली होती है। आइये नया झारखंड बनाने की दिशा में सभी दलों को दलदल से निकल कर इस बगिया में सुन्दर फूल खिलायें। जिसका माली प्रत्येक फूलों की निगरानी कर सके। भेदभाव की राजनीति बंद हो।

**पीएम ने अपने संबोधन में सबको बराबरी का हक और मौका मिलने की बात कही है। यही लोकतंत्र का तकाजा भी है। साथ ही हमारी भारतीय संस्कृति भी है। आदिवासियों को विकसित होने के लिए और जीने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है तो यह पूरे समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। यह समाज आज भी घास के बने झोपड़े में रहने को विवश है।**

# क्या पुरुष भी घरेलू हिंसा के शिकार हैं?





ललित गर्ग

**अंतर्राष्ट्रीय** पुरुष दिवस माता-पिता के अलगाव, पत्नी की उपेक्षा, दुर्व्यवहार, बेघर होना, रोजगार, आत्महत्या और हिंसा सहित पुरुषों द्वारा सामना किये जाने वाले कई मुद्दों के लिए एक वैश्विक जागरूकता दिवस है, जो हर साल 19 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लड़कों और पुरुषों के जीवन, उनकी उपलब्धियों और परिवार एवं समाज निर्माण में विशेष रूप से राष्ट्र, संघ, समाज, समुदाय, परिवार, विवाह और बच्चों की देखभाल में उनके योगदान के लिए जश्न मनाने का एक अनूठा अवसर है। यह दिवस महज एक उत्सव भर नहीं है, बल्कि ऐसा आयोजन है, जो सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मोर्चों पर पुरुषों की उपलब्धियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ उनके संघर्षों को आम समाज तक पहुंचाना आवश्यक है। इस दिन का उद्देश्य पुरुषों के स्वास्थ्य और कल्याण पर ध्यान केंद्रित करते हुए इसके आलोक में, 'शून्य पुरुष आत्महत्या' 2023 की थीम है। महिला दिवस की तर्ज पर ही पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया जाने लगा है। इस दिवस की शुरूआत 1999 में त्रिनिदाद एवं टोबागो से हुई थी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इसे मान्यता देते हुए इसकी आवश्यकता को बल दिया और पुरजोर सराहना एवं सहायता दी है। आज 80 से अधिक देशों में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस मनाया जा रहा है। एक अन्य जानकारी के अनुसार पहली बार 7 फरवरी 1992 को थॉमस ओस्टर द्वारा पुरुष दिवस मनाने की बात भी कही जाती है, लेकिन यह पुरुष दिवस केवल माल्टा में मनाया गया था दुनिया में अब महिला दिवस की भांति पुरुष दिवस प्रभावी रूप में बनाये जाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। अब पुरुष भी अपने शोषण एवं उत्पीड़ित होने की बात उठा रहे हैं। महिलाओं की तुलना में पुरुषों पर अधिक उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की भी बात की जा रही है। आज तेजी से बदलती दुनिया में हर वर्ग के लिए परिभाषाएं भी बन एवं बदल रही हैं। एक तरफ जहां महिलाएं सशक्त हो रही हैं, वहीं पुरुषों की भी छवि समाज में बदलती जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व की बात करें तो पुरुषों को लेकर समाज में ढेरों रुढ़िवादी विचार थे, महिलाओं के शोषण एवं उसे दोयम दर्जा दिये जाने का आरोप उस पर लगता रहा है। जिनमें अब तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं। यह दिन पुरुषों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य व उनसे जुड़ी भ्रांतियों पर भी चर्चा करने का दिन है। पुरुष एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। नारी जहां जीवन को परिपूर्णता देती है तो वहीं पुरुष ही इसका आधार है। अब तक पुरुष की तमाम विशेषताओं को नजरअंदाज करते हुए उसे शोषक, नारी उत्पीडक, क्रूर एवं अत्याचारी ही घोषित किया जाता रहा है, लेकिन ऐसा नहीं है। नारी जन्मदात्री है तो पुरुष जीवन-निर्माता है। बचपन में जब कोई बच्चा चलना सीखता है तो सबसे पहले अपने पिता रूपी पुरुष की उंगली थामता है। नन्हा-सा बच्चा उसकी उँगली थामे और उसकी बाँहों में रहकर बहुत सुकून पाता है। बोलने के साथ ही बच्चे जिद करना शुरू कर देते हैं और पिता उनकी सभी जिदों को पूरा करते हैं। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवा वर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी माँगों को वो पूरा करते रहते हैं यानी पुरुष की भूमिका किसी भी रूप में महिलाओं से कम नहीं है। समाज रूपी गाड़ी को सही से चलाने के लिए यह बेहद जरूरी है कि महिलाएं उसका विरोधी होने के बजाय सहयोगी बने। उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां के रूप में नारी को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता के रूप में पुरुष का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। पिता बेटा की चोट देख कर कठोर इसलिये बना रहता है ताकि वह जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। महिला ममता का सागर है पर पुरुष उसका किनारा है। महिला से ही बनता घर है पर पुरुष घर का सहारा है। महिला से स्वर्ग है महिला से बैकुंठ, महिला से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पुरुष ही है। उन्हीं पुरुषों के सम्मान में पुरुष दिवस मनाया जाता है। कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाये। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं? लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात चाहता है। तरह-तरह के कानूनों ने उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाया है। जबकि आज बदलते वक्त के साथ पुरुष अब अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील हो चुका है। कई युवा पुरुष समाज-निर्माण की बड़ी जिम्मेदारियों को उठा रहे हैं और अपनी काबिलीयत व जुनून से यह साबित भी कर रहे हैं। आज का पुरुष सिर्फ खुद को नहीं बल्कि महिलाओं के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ता है। वह यह सुनिश्चित कर रहा है कि उन्हें भी आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें व उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। यह परिवर्तन आज सभी इंडस्ट्री जैसे मीडिया, हॉस्पिटैलिटी, बैंकिंग, उद्योग, व्यापार आदि में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जहां महिलाएं शीर्ष पदों पर काम कर रही हैं। सिर्फ यही नहीं पुरुषों को अब महिलाओं के नेतृत्व में कार्य करने में भी झिझक नहीं महसूस होती। दुनिया के दूसरे देशों की तरह भारत भी घरेलू हिंसा की समस्या से जूझ रहा हैं। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं।

**पुरुष एक ऐसा शब्द है जिसके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। नारी जहां जीवन को परिपूर्णता देती है तो वहीं पुरुष ही इसका आधार है। पुरुष की तमाम विशेषताओं को नजरअंदाज करते हुए उसे शोषक, नारी उत्पीडक, क्रूर ही घोषित किया जाता रहा है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने ऋषि वशिष्ठ की कहानी*

**राजा** कौशिक ने महर्षि वशिष्ठ से पूछा कि एक ऋषि होते हुए आपने इतनी बड़ी सेना के भोजन का इंतजाम कैसे कर दिया। तब महर्षि ने कहा कि उनके पास नंदिनी नाम की एक गाय है, जो स्वर्ग में रहने वाली कामधेनू गाय की पुत्री है। नंदिनी गाय में ऐसी शक्ति है कि लाखों लोगों का एक साथ भरण पोषण किया जा सकता है। इंद्र देव ने नंदिनी गाय महर्षि वशिष्ठ को भेंट की थी। नंदिनी गाय की महिमा सुनकर राजा कौशिक के मन में लोभ की भावना पैदा हो गई। उन्होंने महर्षि वशिष्ठ से नंदिनी गाय उन्हें देने की बात कही। इसके बदले में वे उन्हें मुंहमांगी कीमत देने के लिए भी तैयार हो गये। महर्षि वशिष्ठ ने नम्रता से राजा के इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि वह नंदिनी गाय किसी को भी नहीं दे सकते। तब राजा कौशिक ने अपने सैनिकों को आदेश दिया कि उन्हें हर हाल में नंदिनी गाय चाहिए। सैनिकों ने महर्षि पर आक्रमण कर दिया। इसके बाद नंदिनी गाय ने सभी सैनिकों को परास्त कर दिया और राजा कौशिक को बंदी बनाकर महर्षि वशिष्ठ के सामने पेश कर दिया। महर्षि वशिष्ठ ने राजा कौशिक के एक बेटे को छोड़कर सभी पुत्रों की मौत होने का श्राप दे दिया। राजा कौशिक जब अपने महल पहुंचे तो देखा कि उनके एक पुत्र को छोड़कर सभी पुत्रों की मौत हो चुकी थी। इससे आहत होकर वे राजपाट अपने पुत्र को सौंपकर जंगल में चले गये। उन्होंने कई सालों तक शिव की तपस्या की। शिवजी राजा की तपस्या से प्रसन्न हुए और उन्हें वरदान मांगने के लिए कहा। राजा ने शिव से कई सारे दिव्य अस्त्र मांगे। शिव ने उन्हें दिव्यास्त्र दे दिये। इसके बाद राजा कौशिक दिव्यास्त्रों के साथ महर्षि वशिष्ठ के पास पहुंचे और उनपर आक्रमण कर दिया।

(क्रमशः)

# 'आदिवासी परंपरा का गौरवगान-जनजातीय गौरव दिवस'



अर्जुन मुंडा


**विविध** संस्कृतियों और परंपराओं की भूमि भारत ने हमेशा देश की आजादी के लिए लड़ने वाले अपने बहादुर योद्धाओं के योगदान और बलिदान का जश्न मनाया है। हालाँकि, इस उत्सव के बीच, आदिवासी समुदाय की वीरता और संघर्ष पर अक्सर ध्यान नहीं दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आदिवासी समाज और संस्कृति के प्रति सम्मान और अटूट प्रेम ही है, जिसने भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयन्ती के दिवस को 'जनजातीय गौरव दिवस' के नाम से मनाने की घोषणा कर आदिवासी समाज का पूरे देश में मान बढ़ाया है। आज यह तीसरा वर्ष है जब पूरा देश आदर, सम्मान और उत्साह के साथ भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मना रहा है इस दिवस से लोगों ने जनजातीय समुदायों के सह-अस्तित्वको स्वीकारा है और दश कों के इंतजार के बाद सामाजिक समानता के सपने को हकीकत में बदल दिया है। भगवान बिरसा मुंडा ने हमेशा वन भूमि के साथ-साथ सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा की और उसी संकल्प को पूरा करते हुए अपने साथियों के साथ अंग्रेजों से लड़ते हुए शहादत दी। ऐसे ही देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे आदिवासी लोगों ने अंग्रेजों को कड़ी टक्कर दी क्योंकि जनजातीय लोगों ने कभी भी अंग्रेजों की गुलामी को स्वीकार नहीं किया, शायद अभी तक बहुत कम ही लोग ये जानते थे कि अग्रेजों को सबसे प्रारम्भिक और सशक्त चुनौती देश के जंगलों से आदिवासी समाज से ही मिलना प्रारम्भ हुई थी चाहे तिलका माँझी के नेतृत्व में पहाड़िया आंदोलन हो, बुधू भगत के नेतृत्व में चला 'लरका आंदोलन' हो, सिद्धू मुर्मू और कान्हू मुर्मू के नेतृत्व में संथाल हूल आंदोलन हो, रानी गाइदिन्ल्यू के नेतृत्व में नागा आंदोलन हो, अल्लूरी सीता राम राजू का रम्पा आंदोलन हो, कोया जनजाति का विद्रोह हो, गोविंद गुरु का 'भगत' आंदोलनहो, अंग्रेजों के विरुद्ध जनजाति समाज का एकव्यापक, विस्तृत व विशाल योगदान रहा है। 'धरती आबा' बिरसा मुंडा की अपने माटी के प्रति संघर्ष की ही पृष्ठभूमि थी कि अंग्रेजों को छोटा नागपुर काश्तकारी-सीएनटी अधिनियम बनाने के लिए बाध्य होना पड़ा। जिसके अधीन परंपरागत वन अधिकार भुईंहरी खूँट के नाम से निहित है भुईंहरी खूँट, जो जल, जंगल, जमीन पर पूर्ण स्वामित्व का अधिकार देता है भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष के बल पर देश भर के जनजातीय क्षेत्रों में हुए ऐतिहासिक भूल को स्वीकारते हुए हमारी संसद ने वन अधिकार कानून पारित किया। भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष का एक महत्वपूर्ण पहलू यह था कि उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किया कि उनके अपने समाज की स्वशासन व्यवस्था पर किसी भी प्रकार का बाह्य हस्तक्षेप न हो इस कारण पेसा जैसे कानून इस देश में बने, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उनकी परंपरागत व्यवस्था पर कोई हस्तक्षेप न हो। परंपरागत ढंग से नियंत्रणाधीन व्यवस्थाओं के अनुरूप ही पेसा का कानून चले और साथ ही साथ संवैधानिक प्रावधानों का समावेशीकरण हो सके। इसकी मुख्य अवधारणा अनुसूचित क्षेत्र में पंचायत की व्यवस्था हो ताकि उसकी सांस्कृतिक परंपरा और नैसर्गिक व्यवस्था बनी रहे और प्राकृतिक समन्वयता पर किसी तरह का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। भगवान बिरसा मुंडा के अनुरूप जनजातीय समाज पुनर्स्थापित हो। भारत सरकार कावन अधिकार अधिनियम (एफआरए) सामाजिक व्यवस्था के साथ जोड़कर पुर्नस्थापित करने पर जोर देता है। वनाधिकार कानून एकाधिकार को ही सुनिश्चित नहीं करता है, बल्कि मानव समुदाय को प्राकृतिक दृष्टि से समानुपातिक सहभागिता के रूप में देखता है। कई चुनौतियों के बीच हमें इन सारे विषयों पर संवेदनशील होकर देखने की जरूरत है। प्रकृति का अन्योन्याश्रय संबंध न बिगड़े इस पर समस्त भारत वासियों को पुनरावलोकन करना पड़ेगा। यह भगवान बिरसा मुंडा का विशेष सूत्र रहा है जनजातीय गौरव दिवस का उत्सव भारत में आदिवासी समुदायों के योगदान और संघर्षों को पहचानने और सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**'केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री'**

**भगवान बिरसा मुंडा ने हमेशा वन भूमि के साथ-साथ सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा की और उसी संकल्प को पूरा करते हुए अपने साथियों के साथ अंग्रेजों से लड़ते हुए शहादत दी।**

आदिवासी

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

गलती करने के लिए
कोई भी वक्त सही नही है,
और गलती सुधारने के लिए
कोई भी वक्त बुरा नही है।

# छठ महापूजा है सूर्योपासना का महापर्व



योगेश कुमार गोयल

**आस्था** और निष्ठा का अनुपम लोकपर्व 'छठ' उत्तर भारत, विशेषकर बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाने वाला सूर्योपासना का महापर्व है। यह पर्व सूर्य, उनकी पत्नी उषा तथा प्रत्यूषा, प्रकृति, जल, वायु और सूर्य की बहन छठी मैया को समर्पित है। उषा तथा प्रत्यूषा को सूर्य की शक्तियों का मुख्य स्रोत माना गया है। इसीलिए छठ पर्व में सूर्य तथा छठी मैया के साथ इन दोनों शक्तियों की भी आराधना की जाती है। षष्ठी देवी को ही छठ मैया कहा गया है, जो निसंतानों को संतान देती हैं और संतानों की रक्षा कर उनको दीर्घायु बनाती हैं। पुराणों में षष्ठी देवी का एक नाम कात्यायनी भी है, जिनकी पूजा नवरात्र में षष्ठी को होती है। माना जाता है कि छठ पर्व में सूर्य की उपासना करने से छठी माता प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-समृद्धि, रोगमुक्ति, सम्पन्नता और मनोवांछित फल प्रदान करती हैं। छठ पूजा इस वर्ष 17 नवंबर से 20 नवंबर तक मनाई जा रही है। नहाय-खाय 17 नवंबर को और खरना 18 नवंबर को है जबकि छठ की मुख्य पूजा संध्या अर्घ्य के साथ 19 नवंबर को होगी। उगते सूर्य को अर्घ्य 20 नवंबर को दिया जायेगा और उसी के साथ छठ महापूजा का समापन होगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सूर्य देवता की बहन छठी मैया संतानों की रक्षा कर उन्हें लंबी आयु प्रदान करती हैं। प्रातःकाल में सूर्य की पहली किरण (उषा) और सायंकाल में सूर्य की अंतिम किरण (प्रत्यूषा) को अर्घ्य देकर दोनों को नमन किया जाता है। सूयोर्पासना का महापर्व छठ कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है, इसीलिए इसे छठ कहा जाता है। इस चार दिवसीय उत्सव की शुरूआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी के दिन 'नहाय खाय' से होती है, अगले दिन 'खरना' होता है, तीसरे दिन छठ का प्रसाद तैयार किया जाता है और स्नान कर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है, सप्तमी को चौथे और अंतिम दिन उगते सूर्य की पूजा-आराधना के साथ इस महापर्व का समापन होता है। छठ पर्व के प्रसाद में प्रायः चावल के लड्डू बनाये जाते हैं और बांस की टोकरी में प्रसाद तथा फल सजाकर इस टोकरी की पूजा की जाती है। व्रत रखने वाली महिलाएं सूर्य को अर्घ्य देने तथा पूजा के लिए तालाब, नदी अथवा घाट पर जाकर स्नान कर डूबते हुए सूर्य की पूजा करती हैं और अगले दिन सूर्योदय के समय सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा करने के पश्चात प्रसाद बांटकर छठ पूजा का समापन होता है। सही मायनों में यह महापर्व जीवनदायी सूर्यदेव के प्रति आभार प्रकट करने का महापर्व है। छठ महापर्व की शुरूआत को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी मान्यता है कि लोक मातृका षष्ठी की पहली पूजा सूर्यदेव ने ही की थी। सूर्य को ज्योतिष विधा में सभी ग्रहों का अधिपति माना गया है। इसीलिए मान्यता है कि यदि समस्त ग्रहों को प्रसन्न करने के बजाय केवल सूर्यदेव की ही आराधना की जाय तो कई लाभ मिल सकते हैं। माना जाता है कि सर्वप्रथम महाबली कर्ण ने ही सूर्यदेव की पूजा शुरू की थी और आज भी छठ पर्व में सूर्य को अर्घ्य देने का विशेष महत्व है। सूर्यपुत्र कर्ण तो भगवान सूर्य के परम भक्त थे, जो प्रतिदिन घंटों तक कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया करते थे। सूर्यदेव की कृपा से ही वे महान योद्धा बने थे। एक मान्यता यह भी है कि देवमाता अदिति ने प्रथम देवासुर संग्राम में असुरों से देवताओं के हार जाने पर तेजस्वी पुत्र की प्राप्ति के लिए देवारण्य के देव सूर्य मंदिर में छठी मैया की आराधना की थी। छठी मैया ने उनकी आराधना से प्रसन्न होकर उन्हें सर्वगुण सम्पन्न तेजस्वी पुत्र को जन्म देने का वरदान दिया, जिसके बाद अदिति ने त्रिदेव रूप आदित्य भगवान को जन्म दिया, जिन्होंने देवताओं को असुरों पर विजय दिलाई। कहा जाता है कि तभी से छठ पर्व मनाये जाने का चलन शुरू हो गया। इस पर्व को लेकर कुछ मान्यताएं महाभारत काल से भी जुड़ी हैं।

**उषा तथा प्रत्यूषा को सूर्य की शक्तियों का मुख्य स्रोत माना गया है। इसीलिए छठ पर्व में सूर्य तथा छठी मैया के साथ इन दोनों शक्तियों की भी आराधना की जाती है। षष्ठी देवी को ही छठ मैया कहा गया है।**

छठ महापर्व

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनिल सिंह बादल, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सूर्य की उपासना अनंत काल से होती चली आ रही है



विजय केसरी

सूर्य की उपासना अनंत काल से ही चली आ रही है। सूर्य साक्षात देव के रूप में संपूर्ण विश्व भर में प्रतिष्ठित हैं। यही कारण है कि इनकी उपासना अनंत काल तक बनी रहेगी। दुनिया के लगभग सभी धार्मिक पुस्तकों में सूर्य की महता की चर्चा की गई है। हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार सूर्य को प्रत्यक्ष देव कहा गया है। वैज्ञानिकों ने अपने शोधों में प्रमाणित किया है कि सूर्य की उपासना से जीवनी शक्ति मिलती है। इनके भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती है। सूर्य की उपासना आदि काल से लोग करते चले आ रहे हैं। लगभग लोग सूरज को प्रणाम करते हैं। सूर्य के बिना पृथ्वी की कल्पना नहीं की जा सकती है। सूर्य की किरणों में जीवन को दीघार्यु बनाने वाले तत्व विद्यमान है। ब्रह्मांड की उत्पत्ति का इतिहास बहुत ही रोचक है। देवी पुराण में वर्णन है कि जब सृष्टि में कुछ भी नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार व्याप्त था, तब भी एक शक्ति संपूर्ण ब्रहमांड को स्वयं में एक शून्य में समाहित की हुई थी। संपूर्ण ब्रहमांड का आकार प्रकार आज भी वैज्ञानिकों एवं खगोल शास्त्रियों के लिए एक यक्ष प्रश्न के समान खड़ा है।

वैज्ञानिक ब्रह्मांड के रहस्य को सुलझाने के लिए जितने भी करीब पहुंचते हैं, फिर कई अनगिनत अनसुलझे सवाल खड़े हो जाते।

आगे देवी पुराण ने स्पष्ट किया है कि आदिशक्ति के हास्य मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना हुई थी। आदि शक्ति स्वरूपा जगत जननी माता का निवास स्थान सूर्य के केंद्र में है। सूर्य के केंद्र में रहने की क्षमता सिर्फ आदि स्वरूपा माता को ही हैं। सूर्य की आराधना उपासना से उनके भक्तों को आदि स्वरूपा माता की भी कृपा प्राप्त होती है। जब जब सृष्टि पर दैत्यों के अत्याचार बड़े थे, तब देवताओं ने सूर्य की उपासना की थी। सूर्य के प्रकट होते ही उसके प्रचंड ताप को भी अत्याचारी सहन नहीं कर पाए थे।

देवासुर संग्राम में जब माता पार्वती ने पुत्र कार्तिके को युद्ध में भेजा था, तब उन्होंने सूर्य की उपासना की थी। इस युद्ध में कार्तिके विजयी हुए थे। माता पार्वती ने डूबते सूरज को देख कर आभार प्रकट की थी।

सूर्य रहस्यम में ऐसा वर्णन मिलता है कि सर्वप्रथम माता पार्वती ने सूर्य की उपासना की थी द्वापर त्रेता सज्जू अर्थात तीनों कालों में देवताओं और मनुष्यों ने प्रत्येक सदैव सूर्य की उपासना की थी वर्णन कई बार असाध्य रोग उत्पन्न होने पर उन्होंने भगवान सूर्य की उपासना की थी। सूर्य की उपासना से देवताओं के सभी रोग संताप दूर हो गए थे।

सूर्य की उपासना व आराधना सच्चे अर्थों में माता की ही उपासना है। सूर्य के अंदर विद्यमान शक्ति माता की शक्ति ही है। जब से सृष्टि अस्तित्व में आई तब से सूर्य की उपासना के प्रमाण मिलते हैं। सूर्य उपासना का सबसे बड़ा पर्व सूर्य षष्ठी, छठ पर्व है। भारतवर्ष के लगभग राज्यों में छठ पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। भारत से विदेश में बसे अप्रवासी भारतीय भी छत पर वहां बड़े ही धूमधाम के साथ मनाते हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश का छठ पर्व की बात ही निराली है। यह निर्विवाद सत्य है कि बिहार से छठ पर्व झारखंड में प्रवेश किया। 4 दिनों तक चलने वाला यह पर्व बिल्कुल ही अनूठा पर्व है। इस पर्व में पर पवित्रता का बड़ा ख्याल रखा जाता है। ऋतु फल और भगवान सूर्य को अर्पित किए जाते हैं। डूबते सूर्य को इनके भक्त दूध एवं जल से अर्घ्य अर्पित करते हैं। छठ पर्व के प्रति लोगों में अपार आस्था है। सूर्य की उपासना से सब की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

छठ पर्व के दूसरे दिन को आंचलिक बोलचाल की भाषा में पारन दिन कहा जाता है। इस दिन छठ व्रतधारी उगते सूर्य की उपासना और आराधना करते हैं। इनके उपासक, भक्त और व्रतधारी सूर्य को अर्घ्य के माध्यम से जल व दूध अर्पित करते हैं। अर्घ्य अर्पित करने से पूर्व इनके व्रतधारी स्वयं को जल में आधा डूबा कर भगवान सूर्य की विशेष आराधना करते हैं। व्रतधारियों के मन में तरह-तरह की मनोकामनाएं होती है। वे सभी अपने -अपने आराधना के क्रम में मन की बातें प्रत्येक देव सूर्य से कहते हैं। भगवान भास्कर के व्रतधारियों के मन में यह



पक्का विश्वास रहता है कि उनकी बातें सूर्यदेव जरूर सुनेंगे और मनोकामनाएं पूर्ण भी करेंगे। इस पर्व के प्रति लोगों की बढ़ती आस्था यह बताती है कि निश्चित रूप से इनके व्रतधारियों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

सूर्य षष्टि (छठ पर्व) के व्रतधारी संध्या में डूबते सूरज को अर्घ्य अर्पित करते हैं। हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार डूबते और उगते सूरज की उपासना व आराधना की महत्ता बताई गई है। छठ पर्व की शुरूआत डूबते सूरज को अर्घ्य अर्पित करने से होती है। इस पर्व का समापन व पारन उगते सूरज को अर्घ्य अर्पित करने से होता है। उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते के पश्चात ही उनके व्रतधारी भगवान भास्कर की विशेष पूजा कर प्रसाद ग्रहण करते हैं। महिला और व्रतधारी को परवैतीन इनके नाम से पुकारा जाता है। पुरुष व्रतधारी को व्रतधारी के नाम से ही पुकारा जाता है ।इस पर्व को स्त्री पुरुष दोनों ही करते हैं। पुरुष की तुलना में स्त्रियां ही इस पर्व को ज्यादा करती हैं। छठ पर्व के दो महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु है। प्रथम डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करना। दोनों अर्घ्य में सूर्य की उपस्थिति आवश्यक है। इस पर्व की तीसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि व्रतधारी आधा व थोड़ा जल मे डूबकर ही ही भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। इस पर्व पर बांस के सूप, ऋतु फल, आटा - गुड़ मिश्रित ठेकुआ आदि का जुड़ाव समय के साथ होता गया था। धीरे-धीरे ये सारी चीजें छठ पर्व की पहचान बनती चली गई। बाद के कालखंड में जैसे-जैसे इनके व्रतधारियों की मनोकामनाएं पूर्ण होती गई, सोना, चांदी और पीतल के बने सूप पर फल, ठेकुआ रखकर अर्घ्य देने जैसी प्रथा की शुरूआत हुई थी।

इस पर्व की बढ़ती लोकप्रियता का यह आलम है कि गीतकारों की कलम खुद-ब-खुद चल पड़ी। हजारों की संख्या में अब तक छठ पर्व पर गीत लिखे जा चुके हैं। उतनी ही संख्या में गायकों ने अपना स्वर प्रदान कर इसे और भी मोहक बना दिया। भारत आदिकाल से पर्वों के देश के रूप में जाना जाता है। हर पर्व - त्योहारों पर गीत रचे गए , जो आज हमारी लोक कला का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई है। अन्य पर्वों की तुलना में छठ पर्व पर सबसे ज्यादा गीत लिखे और गाये गए है। यह सिलसिला यहीं नहीं रुक रहा है बल्कि निरंतर छठ पर्व पर हमारे गीतकार कुछ न कुछ लिख रहे हैं और गायकगण स्वर प्रदान कर रहे हैं। डूबते सूरज को अर्घ्य अर्पित करने का तात्पर्य है यह कि मानवीय जीवन में संकल्प का बड़ा ही महत्व है। हर मनुष्य को कभी भी अपने संकल्प पथ से हटना नही चाहिए। जीवन में निराशा का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। हर शाम के बाद सुबह का आना निश्चित है। जीवन एक यात्रा के समान है। सुख-दुख जीवन यात्रा के साथी होते हैं। इनका आना और जाना लगा रहता है। विपरीत परिस्थितियों में भी मनुष्य अपने संकल्प पत्र से विमुख ना हो। जो मनुष्य अपने संकल्प पथ से विमुख नहीं होते और दृढ़ता पूर्वक अपने संकल्प का पालन करते हैं। उनके जीवन में सूर्योदय आशा का नूतन सवेरा लेकर आते हैं। उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने का सार तत्व यही है। किसी भी व्यक्ति को उसका कर्म ,सोच और संकल्प ही महान बनाता है। सूर्य की उपासना का तात्पर्य भी यही है ।हर मनुष्य को कर्मवीर होना चाहिए। जीवन के संघर्ष से मुकाबला पूरी निर्भरता के साथ करना चाहिए। मनुष्य की सोच सदैव सकारात्मक होनी चाहिए। रत्ती भर नकारात्मकता का स्थान नहीं होना चाहिए। श्रेष्ठ कर्म और उत्कृष्ट सोच जीवन के अंतिम क्षणों तक बनी रहे, इसलिए डूबते और उगते सूरज को अर्घ्यय अर्पित करते हैं।



## पर्व का नाम 'छठ' ही क्यों पड़ा?

छठ पूजा के चार दिनों में पहला दिन 'नहाय खाय' के रूप में मनाया जाता है। इस दिन घर की सफाई के पश्चात छठ व्रती स्नान कर पवित्र तरीके से बने शुद्ध शाकाहारी भोजन को ग्रहण कर व्रत की शुरूआत करते हैं। घर के सभी सदस्य व्रती के भोजन कर लेने के बाद ही भोजन ग्रहण करते हैं। भगवान सूर्य की उपासना का पर्व है छठ पूजा। पूर्वी भारत में बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाए जाने वाले इस पर्व का नाम छठ इसलिए पड़ा क्योंकि चार दिवसीय इस व्रत की सबसे महत्वपूर्ण रात्रि कार्तिक शुक्ल षष्ठी को होती है। कार्तिक मास में दीपावली के छह दिन बाद पड़ने वाला यह पर्व मुख्य रूप से बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ ही नेपाल के कुछ इलाकों में धूमधाम से मनाया जाता है लेकिन अब इस पर्व का विस्तार देश के अन्य हिस्सों में भी तेजी से हो रहा है और बिहार तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश से जुड़े लोग देश के जिस भी कोने में मौजूद हैं, वहां इस पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। दिल्ली में यमुना नदी और इंडिया गेट तथा मुंबई में चौपाटी पर उमड़ने वाली छठ व्रतियों की भीड़ इस बात को साबित करती है कि बड़े महानगरों में भी अब इस पर्व को लेकर जागरूकता बढ़ी है। इस पूजा में भगवान सूर्य को आराध्य मानते हुए उनको अर्घ्य दिया जाता है। महिलाएं और पुरुष दोनों ही छठ पूजा के दौरान व्रत रखते हैं। पहले दिन सेंधा नमक, घी से बना हुआ अरवा चावल और कद्दू की सब्जी प्रसाद के रूप में ली जाती है। अगले दिन से उपवास शुरू होता है। इस दिन रात में खीर बनाई जाती है। व्रती यह प्रसाद रात में लेते हैं। तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य यानी दूध अर्पण किया जाता है।

आखिरी दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। जिन घरों में यह पूजा की जाती है वहां चार दिनों तक पूरी शुद्धता बरती जाती है और इस दौरान लहसुन तथा प्याज को वर्जित माना जाता है। चार दिवसीय उत्सव छठ पूजा की शुरूआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को तथा समाप्ति कार्तिक शुक्ल सप्तमी को होती है। इस दौरान व्रतधारी लगातार 36 घंटे का व्रत रखते हैं। सूर्य देव को समर्पित इस पर्व के दौरान बिहार के औरंगाबाद में सूर्य भगवान की महिमा का बखान करते भव्य मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां स्थित कुंड में भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं।

छठ पूजा के चार दिनों में पहला दिन 'नहाय खाय' के रूप में मनाया जाता है। इस दिन घर की सफाई के पश्चात छठ व्रती स्नान कर पवित्र तरीके से बने शुद्ध शाकाहारी भोजन को ग्रहण कर व्रत की शुरूआत करते हैं। घर के सभी सदस्य व्रती के भोजन कर लेने के बाद ही भोजन ग्रहण करते हैं। पूजा के दूसरे दिन यानि कार्तिक शुक्ल पंचमी को व्रतधारी दिन भर का उपवास रखने के बाद शाम को भोजन करते हैं। इसे 'खरना' कहते हैं। खरना का प्रसाद लेने के लिए आसपास के सभी लोगों को निमंत्रण दिया जाता है। प्रसाद के रूप में गन्ने के रस में बने हुए चावल की खीर के साथ दूध, चावल का पिट्ठा और घी चुपड़ी रोटी बनाई जाती है। इसमें नमक या चीनी का उपयोग नहीं किया जाता है। छठ पूजा के तीसरे दिन यानि कार्तिक शुक्ल षष्ठी को दिन में छठ प्रसाद बनाया जाता है। प्रसाद के रूप में ठेकुआ के अलावा चावल के लड्डू बनाये जाते हैं। इसके अलावा सांचा और फल को भी छठ प्रसाद के रूप में शामिल किया जाता है। शाम के समय बांस की टोकरी में अर्घ्य का सूप सजाया जाता है और व्रती व्यक्ति के साथ परिवार के सारे लोग अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए घाट जाते हैं। इसके बाद सूर्य को जल और दूध का अर्घ्य दिया जाता है तथा प्रसाद से भरे सूप से छठ मैया की पूजा की जाती है। पूजा के चौथे दिन कार्तिक शुक्ल सप्तमी की सुबह उदियमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। इसके बाद व्रती कच्चे दूध का शरबत पीकर तथा थोड़ा प्रसाद खाकर व्रत पूर्ण करते हैं। चार दिनों के इस व्रत में व्रती को लगातार उपवास करना होता है। भोजन के साथ ही अपने बिस्तर का भी त्याग किया जाता है और व्रती फर्श पर कंबल या चादर के सहारे ही रात बिताता है।

❖ शुभा दुबे

# आने और जाने के बीच



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657

अब तुम्हें क्या बताऊं भैया, जब रोना शुरू करता हूं तो समझ नहीं आता कि कहां से शुरू करूं। इंसान रोने के लिए हर जगह इज्जत और सम्मान तो खोज नहीं सकता। अब तो लोग रोने को भी जश्न का प्रतीक मानने लगे हैं। आजकल तो रोने के लिए वाररूम की व्यवस्ता की जा रही है। जहां बड़े आदर और संयम से रोया जाता है। ऐसा रोना हमने पहले कभी नहीं देखा। वे रोने वालों को कह रहे हैं कि आगे बढ़ो, दुनिया आगे बढ़ रही है, विकास हो रहा है! फिर कहते हैं वापिस जाओ, बाप-दादा बुला रहे हैं, पीछे सब अच्छा है!! वेदों की ओर लौटना तो समझते हैं लेकिन ये नेता लोग न जाने कब हमें आगे बढ़ने के लिए कहते हैं और कब पीछे हटने के लिए। अरे, मुझे समझ नहीं आ रहा कि आगा अच्छा है या पीछा!! नेता जो करे वह सही और हम कुछ कर दें सब पागल-पागल कहना शुरू कर देते हैं। नहीं-नहीं, हम राजनीति पर बात नहीं कर रहे हैं और न ही करेंगे। हमें क्या करना है, एक पैर जमीन पर दूसरा पैर कब्र में जो हमारे सिर पर खड़ा होता है उसे यमराज ही नजर आते हैं। हमें क्या फर्क पड़ता है कि कुर्सी पर टुच्चा बैठे या लुच्चा? अगर आप आज जीवित हैं तो आपके लिए रामू काका हैं। क्या पता कल तुम मर जाओ और फिर जन्म लो तो रहीम चाचा बन जाओ। लोग कहते हैं कि लाखों योनियां हैं, आदमी कुत्ता या बिल्ली भी बन सकता है। क्या इसकी कोई गारंटी है कि कोई आदमी बन जायेगा? इसलिए हम राजनीति की बातें करके अपना और आपका कीमती समय क्यों बर्बाद करें? ...अब देखो, तुम इतने ध्यान से क्यों सुन रहे हो? क्या हमने तुम्हें डराया है? या आपने हमसे कोई कर्ज लिया है? ...अरे भाई आप इंसानियत के पक्षधर हैं, तभी हमारा दुख बांट रहे हैं। नहीं तो पता करो कि यहां से वहां तक कोई किसी के मन की बात इतना ध्यान से सुनता है भला। बकवास सुनने का समय किसी के पास नहीं है। बूढ़े लोग सारा समय, सारा दिन घर पर ही बैठे रहते हैं और एक पल बांटने वाला भी कोई नहीं है। एक समय था जब लोग फूल लेकर खड़े रहते थे। ...पर पुरानी बातें छोड़ो. ...हां, हम तो कह रहे थे कि आत्मा कैसी भी हो, सूख जाती है। बच्चों को शिक्षित किया जाए ताकि उनका जीवन बेहतर हो सके। वे मनुष्य बन जायेंगे और हममें से कुछ लोग मोक्ष भी प्राप्त कर लेंगे। अब जब धरम-करम का समय आया तो पंछी सारे फुर्र हो गए। वे पितृ- दिवस, मातृ दिवस के दिखावे वाले दिनों पर स्टिकर लगाकर ऐसा ढोंग करते हैं जैसे उनका दायित्व पूरा हुआ। यह सोचकर कि पिता को पूरे साल भर बुखार नहीं होगा। ...बताओ हमें क्या करना चाहिए! बुढ़ापा तो बुढ़ापा है, रुकेगा थोड़े न! जो आया है वह जाएगा भी! अमर बाबू पिछले महीने मर बाबू हो गए। बच्चे विदेश में, मजबूरी बनी रही, कोई नहीं आया। बूढ़े कंधों ने अपने ही जैसों में से एक कंधा देकर यह आस जताई कि कल कुछ हो जाएगा तो वे कंधे देंगे। हम में से एक ने चिता को आग लगाई... हमें नहीं पता कि किसी ने ऊपरी दुनिया का दरवाजा खोला या नहीं। न पूजा, न तेरहवीं, न फलां न ढंका। वे एक सफल व्यक्ति थे, लेकिन उन्होंने बहुत अपमानजनक तरीके से अपना देह छोड़ दिया। ऐसे भी कोई जाता है भला! हमने कैसी दुनिया बनाई है! ...जहां जीते जी इंसान को कोई नहीं पूछ रहा है। मरने पर च..च..च..च...करने के सिवाय कुछ नहीं रह जाता। यह जीने को भार और मरने को मुक्ति मानकर उत्सव के रूप में मनाना अपना दायित्व। जीवन आने और जाने के बीच भी कुछ होता है। वह कुछ के बीच जीना कभी-कभी बहुत दुश्वास कर जाता है।

> **नेता जो करे वह सही और हम कुछ कर दें सब पागल-पागल कहना शुरू कर देते हैं। नहीं-नहीं, हम राजनीति पर बात नहीं कर रहे हैं और न ही करेंगे।**

## सूडोकु नवताल- 6887

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6886 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**18 नवम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | वृश्चिक | 06.10 ब.से |
| चंद्र | मकर में | धनु | 08.30 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 10.35 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 12.21 बजे से |
| गुरु | मेष में | मीन | 13.54 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मेष | 15.25 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 17.05 बजे से |
| राहु | मीन में | मिथुन | 19.03 बजे से |
| केतु | कन्या में | कर्क | 21.16 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | सिंह | 23.32 बजे से |
| | | कन्या | 01.44 बजे से |
| | | तुला | 03.55 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 322 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पंचमी 09.19 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 00.07 बजे रात्र को समाप्त। **योग** गण्ड 02.17 बजे को रात्र समाप्त। **करण** बालव 09.19 बजे तदनन्तर कौलव 20.22 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 04.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 19° 06' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871801 **जूलियन दिन** 2460266.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 03 **विशेष** पांडव पंचमी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7949




**बाएँ से दाएँ**

1. दांपत्य संबंध विच्छेद-3
3. रहस्य का ज्ञाता-4
6. खुशबू, सुगंध-3
7. सौ, सैकड़ा, शतक-2
8. दुलारा, लाड़ला-2
10. नाम रखना-5
12. दाम, मूल्य, दर-3
15. अग्नि, आग-3
17. सम्मान देना -2,3
20. जन्नत, अप्सरा-2
22. दाम, कीमत-2
23. स्थान-3
24. अचरज भरा कार्य-4
25. गागर, घड़ा-3

**ऊपर से नीचे**

2. न्यूनता, कमी-5
3. अटक-अटक कर बोलने वाला-3
4. आवश्यकता-4
5. राजी करना, मान मनुहार करना-3
7. वहम, संदेह-2
9. भाग्यशाली (अंग्रजी-2)
11. मैला, दागदार-3
13. धोखेबाज, कपटी-3
14. मन मोहने वाला-5
15. अशांति फैलाने वाला, उपद्रवी-4
16. रक्त, खून-2
18. आनेवाला दिन-2
19. नृत्य करना-3
21. चांदी-3

### शब्द पहेली -7948 का हल



# आज का राशिफल

**मेष राशि** : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी।

**वृष राशि** : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**मिथुन राशि** : सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**कर्क राशि** : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**सिंह राशि** : यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**कन्या राशि** : शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**तुला राशि** : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृश्चिक राशि** : समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**धनु राशि** : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**मकर राशि** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**कुंभ राशि** : सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा।

**मीन राशि** : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

### पहले दिन ही लोगों का जोरदार समर्थन मिला विकसित भारत संकल्प यात्रा को

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए 21000 लोगों ने कराया पंजीकरण

**इसमें 250 से अधिक ग्राम पंचायतों में 100,000 से अधिक लोगों की सहभागिता रही**

**आरएनएम। नई दिल्ली**

भव्य शुरूआत के साथ प्रारंभ हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा अपने पहले दिन देश भर की 259 ग्राम पंचायतों में एक लाख से अधिक लोगों तक पहुंची। प्रधानमंत्री ने 15 नवंबर, को झारखंड के खूंटी से इस अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था । इसके तहत देश भर में महत्वपूर्ण जनजातीय आबादी वाले विभिन्न स्थानों से एक ही समयवैनों को रवाना किया गया।विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहले दिन राष्ट्रीय विकास के साझा विजन की दिशा में सशक्तिकरण और सामूहिक संबद्धता देखा गया। इस यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जागरूकता फैलाना एवं प्रमुख सरकारी योजनाओं की शत-प्रतिशतपरिपूर्णता हासिल करना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यात्रा के पहले ही दिन 21000 से अधिक लोगों ने पीएम उज्ज्वला योजना के लिए पंजीकरण कराया।

इस दौरान 1200 से अधिक माई भारत स्वयंसेवकों के पंजीकरण कराने के साथ-साथ 80,000 से अधिक लोगों ने विकसित भारत की प्रतिज्ञा ली। इस यात्रा में विशिष्टर व्यक्तियों - 3,448 महिलाओं, 1,475 छात्रों, 495 स्थानीय कलाकारों और 298 खेल हस्तियों के प्रयासों को मान्यता देते हुए और उन्हें प्रेरक शख्सियत के रूप में स्वीकार करते हुए उनकी ओर भी ध्याान आकृष्टु किया गया। लोग वीबीएसवाई आईईसी वैन की ओर उमड़ पड़े और इस दौरान आयोजित गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा साथ ही साथ मौके पर प्रदान की गई सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविरों में 16,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिनमें 6,000 से अधिक लोगों की टीबी के लिए और 4500 से अधिक लोगों की सिकल सेल रोग के लिए जांच की गई। ड्रोन प्रदर्शन बेहद सफल साबित हुआ।



वीबीएसवाई ने कृषि क्षेत्र में विकास से जुड़ा एक प्रदर्शन भी प्रस्तुत किया जिसका लाभ किसान अपने उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए उठा सकते हैं। 120 से अधिक ड्रोन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के प्रदर्शन का भी आयोजन किया गया, इसके साथ ही प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के साथ भी रचनात्मक संवाद हुआ।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रमुख सरकारी योजनाओं की शत-प्रतिशत परिपूर्णता के रूप में हासिल की गई उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया। 83 ग्राम पंचायतों में आयुष्मान कार्ड की शत-प्रतिशत परिपूर्णता है, 89 ग्राम पंचायतों में जेजेएम की शत-प्रतिशत परिपूर्णता है, 97 ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत जन धन संतृप्ति है और 124 ग्राम पंचायतों ने खुले में शौच मुक्त+ का दर्जा हासिल किया है। इस यात्रा के दौरान व्यक्तिगत सफलता की गाथाओं को भी शामिल किया गया और इसके अंतर्गत 200 से अधिक लाभार्थियों ने ₹मेरी कहानी, मेरी जुबानी₹ की प्रस्तुति की, जो उनके जीवन में सरकार की प्रमुख योजनाओं द्वारा किए गए परिवर्तन का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत सरकार की अब तक की सबसे व्यापक पहुंच वाली पहल है। समावेशी विकास के दृष्टिकोण पर आधारित इस यात्रा के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का निरंतर प्रयास किया गया है कि सरकारी योजनाओं का लाभ देश के हर कोने में शत- प्रतिशत परिपूर्णता तक पहुंचे। यह यात्रा व्यापक स्तर पर पहुंच बनाने के साथ-साथ सूचना-प्रसार और देश के विकास में सक्रिय हितधारक बनने के लिए नागरिकों को सशक्त बनाने हेतु इस उद्देश्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

आईईसी वैन द्वारा कार्यान्वित जमीनी स्तर की गतिविधियों और लोगों की भागीदारी के डेटा को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन द्वारा तैयार एक पोर्टल पर वास्तविक समय में दर्ज किया जाता है।

## रोशन लाल की एक पाती ने कैसे अरबपति सहाराश्री सुब्रत राय का पतन कर दिया

**▶▶ सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉ.लि. ने 232.85 लाख निवेशकों से 19,400.87 करोड़ रु और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट का. लि. ने 75.14 लाख निवेशकों से 6380.50 करोड़ रु. जुटाए थे**



**आरएनएम। नई दिल्ली**

सहारा चिट फंड कंपनी के विवादास्पद प्रमुख सुब्रत रॉय कैंसर व अन्य रोगों से मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में 14 नवंबर को अंतिम सांस ली। वही सुब्रत राय जो कुछ वर्ष पहले तक चिटफंड कंपनी, बड़ी-बड़ी टाउनशिप्स, हाउसिंग प्रोजेक्ट्स, एयरलाइंस आदि के मालिक थे। महंगी गाड़ियों का काफिला साथ चलता था। अभिनेताओं, अभिनेत्रियों, बड़े नेताओं से मेलजोल, उनको लखनऊ के सहारा सिटी में लाकर रोड शो कराने का शौक था। लेकिन इंदौर के एक निवेशक रोशनलाल की चिट्ठी ने उनको अर्श से फर्श पर ला दिया। हुआ यह कि चार जनवरी 2010 को इंदौर के रोशनलाल ने नेशनल हाउसिंग बैंक को हिंदी में चिट्ठी लिखी थी। रोशनलाल ने खुद को इंदौर का निवासी और सीए बताया। हालांकि, न तो कभी रोशनलाल मीडिया के सामने आए और न ही उन तक मीडिया पहुंच सका। रोशनलाल का दावा था कि उन्होंने सहारा ग्रुप की कंपनियों के बॉन्ड खरीदे हैं। नियमों का उल्लंघन कर बॉन्ड जारी किए गए हैं। सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉरपोरेशन और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कारपोरेशन ने यह बॉन्ड जारी किए थे। इनकी जांच कराने की मांग की गई थी। हालांकि, बाद में रोशनलाल का कुछ पता नहीं चला। सहारा ग्रुप के वकीलों ने रोशनलाल के पते पर पत्र भेजे लेकिन वह भी बैरंग लौट आए थे। मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि रोशनलाल के नाम से किसी कॉरपोरेट ग्रुप ने ही यह शिकायत की थी। रोशनलाल की कथित चिट्ठी को नेशनल हाउसिंग बैंक ने सेबी को भेजा। इस तरह के मामलों की जांच सिर्फ सेबी ही कर सकता था। सेबी को इसके एक महीने बाद अहमदाबाद के एक एडवोकेसी ग्रुप- प्रोफेशनल ग्रुप फॉर इन्वेस्ट प्रोटेक्शन ने भी चिट्ठी भेजी। इसके बाद सेबी की जांच शुरू हुई और एक-एक परत खुलने लगी। सेबी ने 24 नवंबर 2010 को सहारा ग्रुप की गतिविधियों पर रोक लगा दी। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो वहां से 15 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर के साथ निवेशकों को पैसा लौटाने का आदेश आया। निवेशकों को 24 हजार करोड़ रुपये लौटाने थे। रोशनलाल की चिट्ठी से शुरू हुई जांच के बाद सहारा ग्रुप की कारगुजारियां सामने आने लगी। सुप्रीम कोर्ट ने 2012 में फैसला सुनाया कि सहारा ग्रुप की कंपनियों ने सेबी के नियमों का उल्लंघन किया है। सहारा की कंपनियां अपने निवेशकों को उनका निवेश भी नहीं लौटा सकी। इस कारण सहारा के विवादास्पद प्रमुख सुब्रत रॉय को जेल भी जाना पड़ा। सुब्रत रॉय दो साल जेल में रहे। 2017 में अपनी माँ के मरने के बाद उनके श्राद्ध में शामिल होने के लिए पैरोल पर बाहर आए थे ।ऊंची पहुंच के कारण उनका पैरोल कभी खत्म ही नहीं हुआ । और कैंसर व अन्य व्याधियों के कारण मुंबई के अपने मित्र अनिल अंबानी की मां के नाम से बना कोकिलाबेन अंबानी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती सुब्रत राय की मौत चौदह नवंबर को हो गई । सहारा का कहना था कि वह निवेशकों को पैसा लौटाना चाहती है लेकिन उसका पैसा सेबी ने ब्लॉक कर रखा है। जबकि सेबी जिनके पैसे जमा है उनका विवरण मांग रही है। जो सहारा नहीं दे सका है।

इससे यह आशंका की जा रही है कि सहारा चिटफंड कंपनी में व उसके अन्य प्रोजेक्ट में कई बड़े राजनीतिकों का काला धन है। इसलिए इस तरह के खाताधारक सामने नहीं आ रहे हैं। और चिटफंड के करोड़ों खाता धारक तो बहुत ही गरीब हैं। पांच - दस रुपए रोज जमा करने वाले भी हैं। ऐसे के दस्तावेज या तो इधर - उधर गुम हो गये या वे इतने गरीब हैं कि किसी तरह से रोजी - रोटी करके अपना व बच्चों का पेट भरे, परिवार पालें या चिटफंड कंपनी के दफ्तर दौड़ते रहें। वे कहां दूर जाकर किससे कहें। अब तो चिटफंड कंपनी के तमाम कार्यालय बंद हो गये हैं। संसद में एक सवाल के जवाब में सरकार ने बताया था कि सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 232.85 लाख निवेशकों से 19,400.87 करोड़ रुपये और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने 75.14 लाख निवेशकों से 6380.50 करोड़ रुपये जुटाए थे।

**छीड़ाखान-रीठासाहिब मोटर मार्ग हादसा**

## मृतकों की संख्या बढ़कर 9 हुई



**एजेंसी। नैनीताल**

नैनीताल जिले के ओखलकांडा ब्लॉक के छीड़ाखान-रीठासाहिब मोटर मार्ग पर शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया था। जिसमें मरने वालों की संख्या बढ़कर 9 हो गई है।

हादसे की सूचना पर जिला प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचा और राहत बचाव कार्य शुरू किया। इस दर्दनाक हादसे में अब तक कुल 9 लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें से 6 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोगों ने ओखलकांडा अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। इसके अलावा 2 गंभीर रूप से घायलों को हल्द्वानी रेफर किया गया है। जिसमें से टैक्सी चालक ने धारी के पास दम तोड़ दिया। वहीं, एक व्यक्ति का ओखलकांडा में इलाज चल रहा है।

हादसे में मृतकों का घटनास्थल पर ही पोस्टमार्टम किया जायेगा। इसके लिए नैनीताल सीएमओ डॉ. भागीरथी जोशी ने एक टीम घटनास्थल पर भेजी है। बताया जा रहा है कि बाइक और टैक्सी वाहन की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसके बाद बाइक और वाहन दोनों 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरे। मृतकों में धनी देवी, तुलसी प्रसाद, रमा देवी, तरूण पनेरू, देवीदत्त, नरा पनेरू शामिल हैं। सभी एक ही परिवार/बिरादरी के बताए गए हैं, जो कि ग्राम डालकन्या के रहने वाले हैं। इसके अलावा दो सगे भाई जो बाइक पर सवार थे उनकी भी ओखलकांडा अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। जिसमें शिवराज सिंह और नवीन सिंह शामिल हैं।

### ओडिशा के अंगुल में सड़क दुर्घटना में 3 की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के अंगुल जिले के किशोरनगर में एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि गुरुवार रात झारसुगुड़ा से एक निजी यात्री बस 'प्राची' भुवनेश्वर जा रही थी। कुछ तकनीकी खराबी आने के बाद वाहन किशोरनगर पुलिस थाना क्षेत्र के बरगापल्ली में रुक गया। चूंकि बस स्टाफ मरम्मत कार्य में लगा हुआ था, इसलिए यात्री वाहन से उतर गये। सड़क पार कर रहे कुछ यात्रियों को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। तीन घायलों को किशोरनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि कुछ अन्य को रायराखोल उपमंडल अस्पताल ले जाया गया। दो लोगों ने रायराखोल के अस्पताल में दम तोड़ दिया, जबकि एक यात्री की किशोरनगर अस्पताल में मौत हो गई। मृतकों की पहचान सुंदरगढ़ जिले के आनंद प्रधान, ब्रजराजनगर के घनश्याम बारिक और झारसुगुड़ा जिले के लाइकेरा के नयन कुमार नायक के रूप में की गई है। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत वहां से भाग निकला। किशोरनगर पुलिस इस संबंध में केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## चीन ने दुनिया का सबसे एडवांस व कई गुना तेज इंटरनेट नेटवर्क लांच किया

**इसकी स्पीड 1.2 टेराबाइट्स (1200 गीगाबाइट)/ सेकंड है**

**एक सेकंड में 150 मूवीज डाउनलोड किया जा सकता है**

**आरएनएम। नई दिल्ली**

चीन ने विश्व का सबसे अग्रिम(एडवांस) इंटरनेट नेटवर्क तैयार करके रोल आउट करना शुरू कर दिया है। दावा है कि यह मौजूदा नेटवर्क की तुलना में कई गुना ज्यादा फास्ट है। चीनी टेक मैन्युफैक्चरर हुआवे (के अनुसार यह नेटवर्क 1.2 टेराबाइट्स (1200 गीगाबाइट) प्रति सेकंड की रफ्तार से ट्रेवल कर सकता है। यह इतना तेज है कि इस नेटवर्क से एक सेकंड में 150 मूवी को डाउनलोड किया जा सकता है। लेकिन इतनी रफ्तार अभी ग्राहकों को जल्द ही नहीं मिलेगी। लेकिन एक काफी मजबूत और फास्ट इंटरनेट सेवा बिजनेस, फास्टर इंफॉर्मेशन ट्रांसफर, स्टॉक ट्रेडिंग एडवांटेज और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे कामों में जबरदस्त प्रभाव डालेगी। इसे अगली पीढ़ी के बैकबोन नेटवर्क कहा जा रहा है। इसमें बीजिंग की शिंघुआ यूनिवर्सिटी सेर्नेट की भी भागीदारी है। बैकबोन नेटवर्क ऐसा नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर है जो इंटरनेट ट्रैफिक को विभिन्न भौगोलिक स्थानों पर मूव करता है। नया नेटवर्क बीजिंग व साउथ के बीच 1800 मील की ऑप्टिकल फाइबर केबल्स पर चलता है। यह नेटवर्क पूर्वानुमानों से लगभग 2 साल पहले ही लॉन्च किया जा रहा है।

### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में गोलीबारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के बुद्धल इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सेना ने कहा, राजौरी जिले के बुद्धल के बेहरोट में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस का संयुक्त अभियान जारी है। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को उस इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद गोलीबारी शुरू हो गई। सुरक्षा बलों द्वारा इलाके को घेरने के बाद वहां छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। हाल के दिनों में पूरे जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच कई मुठभेड़ हुई हैं।

**प्रयास जारी** | **आईएनएस विक्रांत को मिला परिचालन का दर्जा**

# अब युद्ध मोड में तैनाती के लिए तैयार

**हिंद महासागर क्षेत्र में इस स्वदेशी युद्धपोत की तैनाती भारत की समुद्री ताकत बढ़ाएगी**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत ने पूर्ण परिचालन क्षमता हासिल कर ली है। अब युद्ध मोड में तैनात होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। भारतीय नौसेना इस जहाज को संचालन के लिए हिंद महासागर क्षेत्र और उससे आगे कहीं भी तैनात कर सकती है। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती उपस्थिति के बीच इस युद्धपोत की तैनाती भारत की ताकत बढ़ाएगी। प्रधानमंत्री ने पिछले साल 2 सितम्बर को भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत 'विक्रांत' राष्ट्र को सौंपा था, जिसे समुद्री जंग के लिहाज से तैयार किया जा रहा था। एडमिरल आर हरि कुमार ने हाल ही में कहा था कि आईएनएस विक्रांत को इसी साल नवंबर तक पूरी तरह से चालू करने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। तमाम तरह के परीक्षणों के दौर से गुजरने के बाद आखिरकार आईएनएस विक्रांत को पूर्ण परिचालन का दर्जा मिल गया है। फिलहाल पोत पर 30 विमानों के बेड़े में 18 मिग-29 और 12 कामोव हेलीकॉप्टर होंगे। अमेरिका से खरीदे गए एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर भी शक्तिशाली पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं के साथ बोर्ड पर होंगे। भारतीय नौसेना को आईएनएस विक्रांत के लिए 26 नए राफेल लड़ाकू विमान खरीदने पर विचार कर रही है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा था कि विक्रांत का संचालन शुरू होने के बाद ही 2023 में नए विमानवाहक पोत पर निर्णय लिया जाएगा। इसी के मद्देनजर नौसेना ने आखिरकार अपने दूसरे स्वदेशी विमानवाहक पोत 'आईएसी-2' की मेगा डील को मंजूरी देने के लिए केंद्र सरकार के पास प्रस्ताव भेज दिया है। भारत के लिए इस तरह के तीन विमानवाहक पोतों की जरूरत बताई जा रही है, ताकि भारतीय नौसेना हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तैनात सभी नौसेनाओं के साथ तालमेल बनाया जा सके। दूसरे स्वदेशी विमानवाहक पोत को 'आईएसी-2' के नाम से जाना जाएगा। सरकार से आईएसी-2 की मंजूरी मिलने के बाद यह कार्यक्रम केरल में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के माध्यम से कई हजार प्रत्यक्ष और कई गुना अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगा।






### मलायका मेरी 'पहली संतान' हैं: फराह खान




**फिल्म** निमार्ता-कोरियोग्राफर फराह खान ने उन्हें अपनी 'पहली संतान' बताते हुए कहा कि उन्होंने पहले मलायका अरोड़ा को खोजा और फिर दीपिका पादुकोण को। 'छैया छैया' गाने के लिए चलती ट्रेन में शूटिंग के अपने अनुभव के बारे में 'झलक दिखला जा' की जज मलाइका ने कहा, मुझे याद है कि चलती ट्रेन पर डांस करना कितना चुनौतीपूर्ण था। हम सभी डरे हुए थे। आपने यहां इस मूविंग प्लेटफॉर्म पर जो प्रयास किया, वह आपके लिए भी कठिन रहा होगा। यह एक बहुत अच्छा एलिमेंट है, जिसे आप लेकर आये। ये किस्से सेलिब्रिटी डांस शो 'झलक दिखला जा' में साझा किए गए, जहां कंटेस्टेंट्स आने वाले एपिसोड में कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। कुश्ती के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के लिए मशहूर संगीता फोगाट ने कोरियोग्राफर भरत घरे के साथ बॉलीवुड ट्रैक 'छैया छैया' में अपने अभिनय से अमिट छाप छोड़ी है। फराह खान, जिन्होंने मूल रूप से गाने की कोरियोग्राफी की थी, ने खुलासा किया कि उन्होंने मलायका को कैसे ढूंढा। उन्होंने कहा, हर कोई कहता है कि मैंने दीपिका को खोजा, लेकिन मैंने पहले मलायका को खोजा। वह मेरी पहली संतान है। गाने की शूटिंग से दो दिन पहले मैंने मलायका को यह गाना करने के लिए बुलाया।

### कॉफी विद करण' में ऐश्वर्या का जिक्र करने पर ट्रोल होने के बाद इमरान हाशमी ने दी सफाई

**अपनी** छवि के कारण हमेशा विवादों और चर्चा में रहने वाले इमरान हाशमी इस समय एक अलग कारण से चर्चा में हैं। हाल ही में इमरान ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने एक पुराने विवादित बयान पर बयान दिया है। ह्यकॉफी विद करणह्ण में इमरान को बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय को लेकर दिए गए बयान की वजह से काफी ट्रोल किया गया था। शो के रैपिड फायर राउंड में 9 साल पहले करण के सवालों का जवाब देते समय इमरान हाशमी ने दो बार ऐश्वर्या का जिक्र किया था। सवाल था, आप अभिषेक बच्चन से क्या चुराना चाहेंगे? करण के इस सवाल पर इमरान ने अभिषेक की पत्नी यानी ऐश्वर्या का नाम लिया और साथ ही ऐश्वर्या की तुलना प्लास्टिक से कर दी। बेशक ये सारी मौज-मस्ती करण के तोहफे के लिए ही थी, लेकिन उस वक्त इमरान को इस जवाब की वजह से काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था।

## 'बिग बॉस 17': सलमान खान ने लगाई अनुराग की क्लास, कहा 'मैं एक्सप्लेनेशन देता नहीं हूं'



**बॉलीवुड** सुपरस्टार सलमान खान 'बिग बॉस 17' के कंटेस्टेंट अनुराग डोभाल की क्लास लगाते नजर आएंगे। चैनल ने इंस्टाग्राम पर प्रोमो शेयर किया है। अनुराग ने बिग बॉस से कहा था कि वो चाहते हैं कि सलमान खान 'वीकेंड का वार' में उनकी 'ब्रोसेना' कहे जाने वाले फैनबेस की बात न करें। इसी के बारे में बात करते हुए, प्रोमो में सलमान कहते हुए नजर आएंगे, "आप में से कुछ लोग मुझे गलत समझ रहे हैं। बेशक समझे, मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।" उन्होंने आगे कहा, मैं किसी चीज का एक्सप्लेनेशन देता नहीं हूं। और मुझे कोई शौक नहीं है यहां पर ज्ञान दूं.. समझाऊं। मैंने आपको पैगा नहीं किया, आप मेरे बच्चे नहीं हो। आपकी बदतमीजियों में मुझे कोई दिलचस्पी नहीं है। जाओ भाड़ में जाओ।'

## गागर में सागर

### श्री चैती दुर्गा मंदिर में छठव्रतियों को पूजन सामग्री किट दिया जाएगा

**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की ओर से शनिवार को छठ व्रतियों के बीच के द्वारा भुतहा तालाब स्थित चैती दुर्गा मंदिर परिसर में पूजा सामग्री का वितरण किया जाएगा। जिसमें व्रतियों के बीच सूप, दउरा, नारियल ,गुड पूजन सामग्री, आटा,घी मिठाई इत्यादि का वितरण पूजा समिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू,वरिष्ठ संरक्षक शेखर गुप्ता, आयोजक संजय सिंह, आकाश रजक, नमन भारतीय के द्वारा किया जाता है।

### जतरा पूजा के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में किया गया बदलाव

**रांची।** राजधानी रांची के कांके रोड के मिसिरगोन्दा जतरा टांड़ में 18 नवम्बर को जतरा पूजा का आयोजन किया गया है। जतरा पूजा के अवसर पर हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होते हैं। इस अवसर पर 18 नवम्बर को दो बजे अपराह्न से जतरा पूजा समाप्ति तक कांके रोड में रिलायन्स मार्ट से चांदनी चौक तक की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव की ओर से शुक्रवार को आदेश जारी किया गया है।

**ऐसा रहेगा ट्रैफिक व्यवस्था:** रिलायन्स मार्ट कांके रोड से सीसीएल गांधी नगर मुख्य गेट तक दांए लेन जतरा झांकी के लिए निर्धारित किया गया है। चांदनी चौक कांके रोड से राममंदिर चौक कांके रोड की ओर आने-जाने वाले वाहन बांए लेन से होकर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।

### राजधानी रांची में बाइक सवार अपराधी छात्र से मोबाइल छीनकर हुए फरार

**रांची।** मोरहाबादी के न्यू बिरसा नगर सरईटांड़ के रहने वाले अक्षय कुमार मुंडा से बाइक सवार अपराधियों ने मोबाइल की छिनतई कर ली। इस घटना को अपराधियों ने उस समय अंजाम दिया, जब मोरहाबादी शाम में वाक कर घर लौट रहे थे। इस संबंध में अक्षय ने लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। मूलरूप से रेलाडीह के रहने वाले अक्षय मोरहाबादी के सरईटांड में रह रहे थे। अक्षय ने पुलिस को बताया कि वह दस नवंबर को मोरहाबादी राम दयाल सिंह मुंडा ग्राउंड से पैदल अपने कमरे में लौट रहा था। सरना स्थल के पास जब वह परहुंचे तो पीछे से एक बाइक पर सवार दो अपराधी पहुंचे, उनके हाथ से मोबाइल छीना और फरार हो गए। हालांकि वह अपराधियों का पीछा भी किए, लेकिन अपराधी भागने में सफल रहे। इसके बाद वह लालपुर थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया।

### मुड़मा घटना हेमंत सरकार की तुष्टीकरण का नतीजा : भाजपा

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के निदेर्शानुसार प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने मांडर के मुड़मा गांव का दौरा किया। साहू के साथ भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रभारी एवं पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, सन्नी टोप्पो, कमलेश राम, मादी उरांव सहित अन्य शामिल थे। साहू ने टूटे मंदिर एवं देवी देवता की प्रतिमाओं को भी देखा तथा ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। साहू ने मौके पर रांची के एसएसपी से बात कर ऐसी घटनाओं पर चिंता व्यक्त की तथा घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को चिन्हित कर अविलंब गिरफ्तार करने और सख्त सजा देने की मांग की। साहू ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधते हुए कहा कि जब से हेमंत सरकार बनी है सनातन संस्कृति पर हमले हो रहे। राज्य में लगातार मंदिर और हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियों को तोड़ा जा रही। उन्होंने कहा कि यह सब राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति का परिणाम है।

### जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक संपन्न

**रांची।** शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश कार्यालय रांची जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक संपन्न हुई. जिसकी अध्यक्षता रांची जिला कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने किया. मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण के प्रभारी सह प्रदेश कांग्रेस के महासचिव शिवकुमार भगत जी उपस्थित थे। इस अवसर में जिला अध्यक्ष ने छठ महापर्व की विशेष बधाई देते हुए बैठक की शुरूआत की एवं सभी नवनियुक्त प्रखंडों के प्रभारी का स्वागत करते हुए कहा कि आप कांग्रेस पार्टी के जुझारू योद्धाओं में से हैं और आने वाले दिनों में आपको अपनी विशेष कार्य क्षमता का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा आप सभी को प्रखंड अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों के साथ मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए सभी मंडल एवं पंचायत और बूथ स्तर के तेज तर्रार कार्यकताओं का चयन करें एवं उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देने का कार्य करें. और जिन सम्मानित कार्यकताओं के पास समय का अभाव है उनकी भी एक लिस्ट बनाएं ताकि उनके उचित कार्यभार दिया जा सके। उन्होंने आगे कहा जो जिस लायक जहां उचित लगे वहां काम कर सकते हैं। किसी भी कार्यकर्ता को अतिरिक्त भार नहीं दिया जाएगा परंतु जिसे जो कार्य भार दिया जाएगा वो अपनी जिम्मेवारी को ईमानदारी पूर्वक निभाएं। डिजिटल मेंबरशिप अभियान को कैंप लगाकर कर करें।

# श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 554वें प्रकाश पर्व पर प्रभातफेरी निकाली गयी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा शुक्रवार को श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 554वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में चौथे दिन सुबह 5 बजे गुरुद्वारा साहिब से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी दर्शन दिऊडी गेट से निकल कर विजय कटारिया, चुन्नी लाल पपनेजा, गोपाल दास सरदाना, नानक चन्द्र अरोड़ा, मुकेश तलेजा, राजकुमार मक्कड़, नंद किशोर अरोड़ा की गली होते हुए वापस दर्शन दिऊडी गेट पहुंचकर विसर्जित हो गई। फेरी में बबली दुआ, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, मंजीत कौर, रेशमा गिरधर, नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, बबिता पपनेजा, पाली मुंजाल ने 'कल तारण गुरु नानक आया.....एवं 'सुनी पुकार दातार प्रभ गुरु नानक जग माहे पठाइया...तथा दर्शन देख जीवां गुर तेरा, पूरण करम होये प्रभु मेरा...जैसे कई शबद गायन के साथ संगत को वाहेगुरु का जाप भी कराया। सरदार भूपिदंर सिंह ने निशान साहिब उठाकर फेरी की अगुवाई की तथा मनीष मिढा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने अरदास की। श्रद्धालुओं ने रास्ते की साफ-सफाई तथा पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी कर फेरी का श्रद्धा भाव से स्वागत किया. प्रभात फेरी के समापन पर गुरुद्वारा साहब में श्रद्धालुओं के लिए चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया। फेरी में अर्जुन दास मिढा, अशोक गेरा, हरगोबिंद सिंह, मोहन काठपाल, अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिढ़ा, मोहन काठपाल, महेंद्र अरोड़ा, रवनीत सिंह, राकेश गिरधर, रमेश तेहरी, जीतू अरोड़ा, रमेश गिरधर, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, राजेन्द्र मक्कड़, रमेश पपनेजा, इन्दर मिढ़ा, हरीश तेहरी, भरत गाबा, पंकज मिढ़ा, पाली मुंजाल, अमर मदान, बसंत काठपाल, हरीश मिढ़ा, हरविंदर सिंह, प्रकाश गिरधर, गौरव मिढ़ा, अमन डावरा, पियूष मिढ़ा, उमेश मुंजाल, गुलशन मिढ़ा, कमल धमीजा, कमल मुंजाल, मनीष गिरधर, सूरज झंडई, रौनक ग्रोवर, अमन सचदेवा, ज्ञान मादन पोत्रा, प्रवीण मुंजाल, प्रमोद चुचरा, ज्ञान दुआ, चंदन गिरधर, मोहित मुंजाल, संतोष बजाज, ममता थरेजा, श्वेता मुंजाल, अमर मुंजाल, कमलेश मुंजाल, गोविंद कौर, भजना देवी डावरा, देवकी मुंजाल, दुर्गी मिढ़ा, हरपाल कौर मिढ़ा,उषा झंडई, नेहा मिढ़ा, प्रेमी काठपाल, शीतल अरोड़ा, हरनाम थरेजा, ममता थरेजा, सुषमा गिरधर, नीतू किंगर,स्वीटी सिडाना, जूली गाबा, इशिका काठपाल, रजनी तेहरी, ममता सरदाना, गुड़िया मिढ़ा, गूंज काठपाल, चांद नागपाल, रवि नागपाल, कमलेश मिढ़ा समेत अन्य शामिल थे।

## प्रधानमंत्री के झारखंड आगमन से कांग्रेस- झामुमो में हताशा : आदित्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा राज्य की जनता विशेषकर आदिवासी समाज के प्रति आभार प्रकट करती है, जिन्होंने लाखों की संख्या में खूंटी पहुंचकर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। साथ ही भाजपा रांची की महिलाओं और युवाओं का भी आभार प्रकट करती है, जिन्होंने रात 11 बजे ठंड में सड़कों पर घंटों तक खड़े होकर प्रधानमंत्री का स्वागत और अभिनंदन किया। आदित्य साहू शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित कर जनजाति गौरव दिवस के उत्साह में इसकी महत्ता में चार चांद लगा दिए। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता, प्रदेश का जनजाति समूह उनके इस सम्मान को कभी भूल नहीं पाएगा। आने वाली पीढ़ियां उसे युगों तक याद करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती, राज्य स्थापना दिवस और जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की धरती से देश के जनजाति समाज को 24 हजार करोड़ की पीएम जन मन जनजाति न्याय महाअभियान की का शुभारंभ किया।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए केंद्र सरकार के निर्देशों का पालन सुनिश्चित हो : चौधरी

**रांची।** केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवा लाभार्थी कल्याण संघ भारत केन्द्रीय प्रक्षेत्र के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य गणेश प्रसाद चौधरी ने रांची प्रक्षेत्र के केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवा के अतिरिक्त निदेशक को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग केन्द्रीय सरकार स्वस्थ्य सेवा (सीजीएचएस) के महानिदेशालय के आदेश विगत 11 जुलाई, 2017 के अनुसार 80 वर्ष और उससे अधिक आयु के लाभार्थियों को केन्द्रीय सरकार स्वस्थ्य सेवा के तहत विशेष प्रावधानों के दिशानिर्देश तथा विवरण के अनुसार पालन नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में पहले के दिशानिदेर्शों की निरंतरता में, 80 वर्ष और उससे अधिक आयु के लाभार्थियों को केन्द्रीय सरकार स्वस्थ्य सेवा के तहत विशेष प्रावधानों कतार में खड़े हुए बिना केन्द्रीय सरकार स्वस्थ्य सेवा वेलनेस सेंटर में डॉक्टर से परामर्श देना,केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवा के डॉक्टर महीने में कम से कम एक बार फोन पर उनकी भलाई के बारे में पूछताछ करेंगे/यदि वे 5 किलोमीटर के दायरे में रहते हैं तो उनके घर का दौरा महीने में एक बार करेंगे। बिना बारी के प्राथमिकता के आधार पर चिकित्सा दावों का निपटान करना है ,जो नहीं किया जाता है तथा वे सब लगभग एक साल से लंबीत है। दावों का निपटान करना जल्दी करने का अनुरोध किया गया है। गैर-सूचीबद्ध अस्पताल में उसी विशेषज्ञ से उपचार का पालन करें, जहां से वह पहले उपचार ले रहा था - बढ़ती उम्र और चिकित्सक को बदलने में कठिनाई को देखते हुए एक विशेष मामले के रूप में सीजीएचएस दरों और दवाओं के संग्रह तक सीमित प्रतिपूर्ति के अधीन एवं सीजीएचएस दिशानिदेर्शों के अनुसार होना चाहिए।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, कहा-

# 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र मनाना है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




**बिरसा मुण्डा आजादी के नायक थे। देश की आजादी में उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया ह**

**जन समूहों को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई गई**

विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को सुंदरपहाड़ी, प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत में पहुंची। यहां केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए सुयोग्य लाभुकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराया गया। बतौर मुख्य अतिथि माननीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एवं उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 15 नवंबर 2023 को बिरसा मुण्डा की जयंती पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ रांची के खूंटी से किया गया है। बिरसा मुण्डा आजादी के नायक थे। देश की आजादी में उन्होंने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मंत्री ने कहा कि जनजनताति गौरव दिवस के अवसर पर बिरसा मुण्डा की स्वाधीनता को स्मरण कर आजादी के आन्दोलन में जनजातीय समाज के संघर्ष को याद किया गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि गांव व शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले हर पात्र व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाए जो व्यक्ति योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं, उनके जीवन स्तर में किस तरह का सुधार हुआ। यह जानकारी उनके जुबानी से ही सुनी जाए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संकल्प लिया है कि 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाया जाएगा। पीएम ने भारत को विकासशील नहीं, बल्कि भारत को विकसित देश बनाकर एक विकसित राष्ट्र के रूप में बनाना चाहते हैं। उन्होंने उपस्थित जन समूहों को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान माननीय मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना, टेरा फिल्टर, आयुष्मान कार्ड, एलपीजी गैस कनेक्शन, निशुल्क खाद्य सामग्री, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, एनआरएलएम समूह की महिलाओं चेक, मनरेगा जॉब कार्ड का वितरण,व वृद्धापेंशन प्रमाण-पत्र का वितरण किया। मंत्री के द्वारा जानकारी दी गई कि जनजातीय नायक बिरसा मुंडा की जयंती के दिन, जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा झारखंड के खूंटी जिले से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को हरी झंडी दिखाई गई है। इस यात्रा का लक्ष्य आम लोगों को केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना एवं उन्हें लाभ प्राप्त कराना है। मौके पर उपस्थित विधायक गोड्डा अमित मंडल के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में जानकारी दी गई, साथ ही साथ उपस्थित लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया।

**गुमला के जारी एवं बेंडोरा पंचायत में हुए कार्यक्रम :** विकसित भारत संकल्प यात्राइ योजना तहत आज गुमला जिला अंतर्गत जारी प्रखंड के जारी पंचायत एवं चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बेंडोरा पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## डेंगू से बचाव के लिए तालाबों में हो दवा का छिड़काव : आलोक दूबे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




समाजसेवी आलोक कुमार दूबे ने नगर प्रशासक रांची नगर निगम से छठ घाटों की सफाई एवं नदी, तालाबों के अंदर कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव कराने का अनुरोध किया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि राजधानी के सभी छठ घाट, नदी, तालाब, जलाशय को युद्ध स्तर पर सफाई की जाए, लाइट की व्यवस्था होनी चाहिए एवं पैदल छठ घाट जाने वाली छठ व्रतियों के लिए गड्ढे एवं टूटे सड़कों पर डस्ट गिराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बड़ी नदियों में विशेषकर स्वर्णरेखा,हटिया डैम,कांके डैम सहित अन्य नदियों में गोताखोरों की व्यवस्था की जाए एवं डेंजर जोन चिन्हित कर सुरक्षा के इंतजाम किए जाऐं। सभी तालाब,नदी शहर के गंदे पानी जाने से दूषित हो गई हैं, ऐसे में छठ व्रतियों के स्नान करने एवं पानी में खड़े होने मात्र से डेंगू, मलेरिया, शरीर में खुजली जैसी गंभीर बीमारियां हो रही हैं। ऐसे में यह अति आवश्यक है कि सभी नदियों, तालाबों में कीटनाशक दवाइयां, ब्लीचिंग पाउडर डाले जाएं,फोगिंग कराये जाऐं ताकि लोग सुरक्षित रह सके। महोदय शहर के कई इलाकों में अब कृत्रिम तालाब का भी निर्माण हो रहा है, जहां हजारों की संख्या में छठ व्रती उन कृत्रिम तालाबों में छठ पूजा करते हैं।कृत्रिम तालाबों में भी टैंकर से पानी, ब्लीचिंग पाउडर, साफ सफाई, लाइट, फोगिंग एवं छठ पूजा संपन्न होने के बाद उन कृत्रिम तालाबों को भरने की व्यवस्था होनी चाहिए। रांची नगर निगम ने पिछले त्योहारों के आयोजन में मुकम्मल इंतजाम किए हैं जिसके लिए महानगर दुर्गा पूजा समिति,काली पूजा समिति एवं छठ पूजा समिति रांची की जनता की ओर से आपका विशेष रुप से धन्यवाद करती है। आशा है लोक आस्था एवं नेम निष्ठा के छठ महापर्व में भी आपके नेतृत्व में राजधानी वासियो को पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

### झारखंड की जमीन, जंगल और खनिज की हो रही है लूट : डा. अशोक ढावल

**रांची।** माकपा के पोलित ब्यूरो सदस्य डा. अशोक ढावले ने कहा कि झारखंड की धरती से ही हमारे राष्ट्रीय आंदोलन की शुरूआत हुई थी। 1855 में सिदो - कान्हो के नेतृत्व में आयोजित संताल हूल ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की आधारशिला रखने का काम किया। लेकिन आज झारखंड की जमीन, जंगल और खनिज की लूट हो रही है और कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। इसलिए एक और उलगुलान की तैयारी करनी होगी। ढावले शुक्रवार को बुंडू में आयोजित विशाल उलगुलान रैली और जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महाराष्ट्र के किसान लांग मार्च की चर्चा करते हुए बताया कि पचास हजार किसानों ने नासिक से 200 किलोमीटर दूर मुंबई के लिए कूच किया जिससे महाराष्ट्र की भाजपा सरकार घबरा गई और उन्हें किसानों की सभी मांगों को मानना पड़ा। उसी प्रकार देशव्यापी किसान आंदोलन ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन कृषि कानूनों को वापस कराने में जीत हासिल की।

## 'भाभी जी घर पर हैं' धारावाहिक के मास्टर जी मतदाताओं को करेंगे प्रेरित

# कलाकार को जल्द ही नामित किया जाएगा झारखंड राज्य के लिए मतदाता जागरूकता आइकन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार शुक्रवार को छोटे पर्दे के चर्चित टीवी सीरियल 'भाभी जी घर पर हैं' के हजारीबाग निवासी कलाकार विजय सिंह ने उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। उन्हें जल्द ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के द्वारा झारखंड राज्य में निर्वाचन संबंधी जागरूकता के कार्यों के लिए स्टेट आइकन नियुक्त किया जायेगा। झारखण्ड के ही रहने वाले विजय सिंह 'भाभी जी घर पर हैं' धारावाहिक में संस्कारी मास्टर जी की भूमिका में लोगों को संस्कार सिखाते नजर आते हैं। अब जल्द ही वे झारखंड में मतदाता जागरूकता के लिए स्टेट आइकॉन के रूप में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर एक्टर विजय सिंह ने कहा कि उन्हें खुशी है कि वे अपने गृह राज्य के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने और राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए काम आ सकेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव तक वे अपने आडियो वीडियो संदेशों के माध्यम से लोगों को मतदाता पंजीकरण व मतदान के लिए जागरूक और प्रेरित करते रहेंगे।

## झारखंड पवेलियन में सराहे जा रहे झारखंडी परिधान

# सिल्क की साड़ी व सिल्क के सूट ने झारखण्ड पवेलियन में बिखेरे रंग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



**परिधानों को बेचने वाले आशीष सत्यव्रत साहू ने बताया की उनके द्वारा भेचे जा रहे कपड़े पारम्परिक और ओर्गानिक हैं**

प्रगति मैदान का भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला अपने शीर्ष पर है। मेले में आने वाले लोग प्रदर्शनी देखने के साथ साथ खरीदारी का भी खूब लुफ्त उठा रहे है। झारखण्ड पवेलियन में लगे ट्राइबल परिधान लोगो को खूब पसंद आ रहे है। झारखण्ड में तसर सिल्क बहुत मात्रा में उत्पादित किया जाता है ऐसे में पवेलियन में सिल्क की साड़ियां और सूट के स्टाल पर खासी भीड़ दिखी ट्राइबल लोगो की अपनी अलग ही संस्कृति होती है, जिसकी झलक उनके कपड़ो पर देखी जाती है यहां मिलने वाली साड़ियों पर ट्राइबल आर्ट का ही प्रिंट देखा जा रहा है। ट्राइबल परिधान की बिक्री कर रहे दामु बोदरा ने बताया की उनके स्टाल पर सिल्क और कॉटन की पारम्परिक साड़ियां है, जिसकी कीमत 1000 से 3500 है, उन्होंने बताया की हम अपने कपड़ो पर प्राकृतिक रंगो द्वारा अपने ही कारीगरों द्वारा पेंटिंग या कढ़ाई करवाते है, जिससे की पहनने वाले को उसके नेचुरल लुक का आभास होता है। साथ ही हमारी कोशिश है की हम अपनी लोक संस्कृति को अपने काम के माध्यम से लोगो तक पहुचाये, जिसमे ट्राइबल डांस, इंस्ट्रूमेंट, प्रकृति की झलक मिलती है। ट्राइबल महिलाएं शादी के पहले हरे रंग की साड़ी और शादी के बाद लाल रंग की साड़ी पहनती है, जिसकी बिक्री यहां की जा रही है। जोहार ग्राम के नाम से झारखण्ड के पारम्परिक परिधानों को बेचने वाले आशीष सत्यव्रत साहू ने बताया की उनके द्वारा भेचे जा रहे कपड़े पारम्परिक और ओर्गानिक है। ये कपड़े झारखण्ड के आदिवासी समुदाय जैसे खड़िया, मुड़ा, उरांव आदि उपयोग करते हैं। पवेलियन में झारखण्ड की पिनदना साडी जो की प्रदेश महिलाये विशेष अवसरों पर पहनती है, वीरू गमछा पुरुषों के लिए और कुखना शाल (जो की मोटा कपडा होता है) सेबने आधुनिक परिधान की बिक्री कर रहे है। इसके अलावां उनके पास जैकेट, ओवरकोट, शर्ट, टोपी, मास्क और बेतरा लुगा (जिसे महिलायें बच्चो को साथ लेने के लिए उपयोग करती है) उपलब्ध है। उनकी पैकिंग भी झारखण्ड के स्टेट ट्री सखुआ के पत्तो के साथ किया जाता है। उन्होंने बताया की उन्होंने अपनी शुरूआत मार्च 2019 में जिला उद्योग केंद्र के प्रोजेक्ट पास होने के बाद शुरू की थी जिसमें बाद उन्हें सरकार की तरफ से 15 प्रतिशत की सब्सिडी भी मुहैया कराइ गई थी। वर्तमान में वे सभी कपडे स्थानीय बुनकरों से खरीदते है जिससे उनके संस्थान के साथ लगभग 30 बुनकर परिवारों को भी रोजगार मिलता है।

## पृष्ठ एक के शेष

**पलामू में नदी का अस्तित्व मिटने के...**

मिलीभगत से नदी की भी जमीन बेच दी है। स्थानीय जानकारों की माने तो रानीताल डैम से होकर निकलने वाली नदी करीब बीस किलोमीटर की दूरी तय कर कोयल में जा मिलती है। रानीताल से यह नदी जैसे-जैसे आगे बढ़ती है। इसके घाट के नाम बदलते जाते हैं। कहीं संगड़वा तो कहीं छठवा नदी। कहीं मान्धाता तो कहीं शिवा नदी। कहीं चूड़िहरवा तो कहीं हददवा नदी। इसी तरह इस एक नदी के घाट के महत्व के आधार पर नाम बदलते जाते हैं। इस नदी के विभिन्न घाटों पर कई मंदिर बने हुए हैं तो कई घाटों पर छठ पूजा होता है। इतना ही नहीं कई स्थानों पर इंसान की अंतिम यात्रा पहुंचती है व दाह संस्कार किया जाता है। यानि इसी नदी के घाट पर श्मशान घाट भी है। पितृ पक्ष में लोग इस नदी में आकर अपने पितरों का तर्पण करते हैं। विभिन्न व्रत व त्यौहार के मौके पर महिलायें नदी में स्नान करती हैं। कहा जा रहा है इतने सनातनी धार्मिक व सामाजिक महत्व के बाद भी इस नदी के संरक्षण की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। नतीजा आने वाले कम ही समय में उपरोक्त क्रियाकर्म के संपादन पर भी घोर संकट उत्पन्न होगा। इसके अलावे पर्यावरणीय नुकसान व जल संकट से भी मानव जीवन प्रभावित होगा।

**किसके सर सजेगा ताज...**

गांधी और ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे कई नेताओं के बयान सुर्खियों में रहे। इस दौरान मूर्खों का सरदार और कंस मामा जैसे कई बयानों पर बात हुई। जहां एक तरफ पीएम मोदी का राहुल गांधी का नाम लिए बिना 'मूर्खों का सरदार' वाला बयान सामने आया तो वहीं प्रियंका गांधी का शिवराज सिंह चौहान को कंस मामा कहना भी चर्चा में था। जहां प्रियंका गांधी ने कहा था कि रिश्ते निभाने से मामा बनते हैं, वरना तो कंस भी मामा थे।

**इन बयानों की रही चर्चा :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि कांग्रेस पार्टी 'मोदी, चौहान, ईडी, सीबीआई और आईटी' जैसे पांच पांडवों से लड़ रही है। इस पर शिवराज सिंह चौहान ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि कांग्रेस ने स्वीकार कर लिया है कि वे कौरव थे और इसलिए लड़ाई सही और गलत के बीच थी। इस बयान पर काफी सियासी बातें हुईं। जहां एक ओर प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत में लोगों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे मेड इन चाइना मोबाइल वाले बयान पर मूर्खों का सरदार वाली बात कही वहीं प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि पीएम को सलमान खान की फिल्म तेरे नाम की तरह मेरे नाम बनाना चाहिए।

**जब प्रियंका गांधी ने...**

भाजपा कोई नया चेहरा सिंधिया के रूप में लाती है या कमल छाप की राह पर हिन्दुत्व का नया झंडा बुलंद करने वाले कमलनाथ का दांव चलता है? इस चुनाव में खास बात यह भी थी कि संजना सिंह राजपूत मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में इस समय मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही थी,उनकी कोशिश थी कि विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने घरों से निकलकर अपने मताधिकार का उपयोग करें। संजना एक ट्रांसजेंडर हैं और सरकारी नौकरी पाने वाली प्रदेश की पहली ट्रांसजेंडर हैं। संजना को 2018 में प्रदेश सरकार के सामाजिक न्याय और निशक्त कल्याण विभाग में पदस्थ किया गया था।



# भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया फाइनल से पहले होगा एयर शो

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल मैच से पहले एक एयर शो करेगी, जो 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके लिए तैयारी भी शुरू हो गई है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में आईएएफ सूर्य किरण टीम को प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के समापन समारोह के लिए रिहर्सल करते हुए दिखाया गया है।

गुजरात के डिफेंस पीआरओ ने घोषणा की है कि सूर्य किरण एरोबैटिक टीम मेगा-फाइनल की शुरूआत से पहले 10 मिनट का शो करेगी। एक बयान में कहा, 'एयर शो की रिहर्सल शुक्रवार और शनिवार को होगी।' भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम के पास आमतौर पर 9 विमान होते हैं और इसने देश भर में कई हवाई शो भी किए हैं। टीम का ट्रेडमार्क विजय निर्माण, बैरल रोल युद्धाभ्यास और आकाश में विभिन्न आकृतियों के निर्माण में लूप युद्धाभ्यास का प्रदर्शन करना है।

समापन समारोह में सितारों का जमावड़ा होने की उम्मीद है जिसमें लोकप्रिय अंतरराष्ट्रीय कलाकार प्रस्तुति देंगे। ब्रिटिश पॉप गायिका दुआ लीपा के शामिल होने की भी जानकारी सामने आई है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारत ने बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में वनडे विश्व कप 2023 के पहले सेमीफाइनल में केन विलियमसन की अगुवाई वाली न्यूजीलैंड को 70 रनों से हरा दिया। मेगा टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में पांच बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ करीबी मुकाबले में तीन विकेट से जीत हासिल कर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, जो 19 नवंबर को खेला जाएगा।

गौर हो कि यह 2003 के फाइनल की पुनरावृत्ति होगी जहां भारत और ऑस्ट्रेलिया एक-दूसरे के सामने होंगे, हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 2003 में वह फाइनल जीता था, और इस बार मेन इन ब्लू का लक्ष्य इस साल के वनडे विश्व कप फाइनल में अपना बदला लेने का होगा।

### पीएम मोदी भी देखेंगे भारत - ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला, कई बॉलीवुड सितारे भी रहेंगे मौजूद

रविवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल मुकाबला नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच को देखने पीएम मोदी स्टेडियम में जाएंगे। वहीं अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इस दौरान पीएम मोदी के साथ ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स भी मौजूद रहेंगे। पीएमओ ने पीएम मोदी के मैच देखने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी के अलावा अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बिजनेसमैन मुकेश अंबानी और गौतम अडानी भी मौजूद रहेंगे। वहीं फाइनल मैच को देखने के लिए बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और अजय देवगन के भी आने की संभावना है।

# श्रीलंका सरकार ने अर्जुन रणतुंगा की टिप्पणी पर जताया खेद

### बीसीसीआई सचिव जय शाह को लेकर दिया था विवादित बयान

**एजेंसी। नई दिल्ली**




श्रीलंका सरकार ने श्रीलंका के विश्व कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा की टिप्पणियों के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव और एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष जय शाह से खेद व्यक्त किया है। श्रीलंकाई समाचार एजेंसी द्वारा श्रीलंकाई मंत्री कंचना विजेसेकेरा ने खेद व्यक्त किया है।

श्रीलंकाई सरकार ने एसीसी अध्यक्ष जय शाह से खेद व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, 'हम अपने संस्थानों की कमियों के लिए एसीसी अध्यक्ष या अन्य देशों पर उंगली नहीं उठा सकते। कंचना ने कहा, यह एक गलत धारणा है।' इस सप्ताह की शुरूआत में रणतुंगा ने क्रिकेट विश्व कप 2023 में अपनी हार के बाद श्रीलंकाई क्रिकेट को बर्बाद करने के लिए शाह की आलोचना की थी। अर्जुन रणतुंगा ने कहा था, 'एसएलसी अधिकारियों और जय शाह के बीच संबंधों के कारण वे (बीसीसीआई) इस धारणा में हैं कि वे एसएलसी को कुचल सकते हैं और नियंत्रित कर सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'जय शाह श्रीलंका क्रिकेट चला रहे हैं। जय शाह के दबाव के कारण एसएलसी बर्बाद हो रही है। भारत में एक आदमी श्रीलंकाई क्रिकेट को बर्बाद कर रहा है।' श्रीलंका क्रिकेट विश्व कप अंक तालिका में 2 मैच जीतकर और 7 हारकर 9वें स्थान पर रही। विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद बोर्ड के प्रशासन में व्यापक सरकारी हस्तक्षेप के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था।

# भारत, ऑस्ट्रेलिया बड़े अवसरों के लिए अजनबी नहीं : स्टार्क



**एजेंसी। नई दिल्ली**

वर्ल्ड कप-2023 का फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत टीम इंडिया से होगी। यह पहला मौका नहीं होगा जब ये दोनों टीमें एक हाई प्रेशर मैच के लिए मैदान में उतरेगी, क्योंकि 2003 में एक दूसरे के खिलाफ फाइनल मुकाबले खेलने के अलावा यह टीमें पहले कई बार फाइनल मुकाबला खेल चुकी है। पिछले दो वनडे विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने फाइनल में पहुंचने के बाद कहा कि उनका चल रहे टूर्नामेंट में प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं रहा लेकिन उनके जोड़ीदार जोश हेजलवुड और उनके अन्य साथियों ने दमदार प्रदर्शन किया जिससे टीम को संतुलन मिला। दक्षिण अफ्रीका को दूसरे सेमीफाइनल के रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने हराकर फाइनल में जगह बनाई है, जहां उनका सामना भारत से होगा। खिताबी मुकाबले के बारे मे बात करते हुए स्टार्क ने क्रिकबज से कहा, भारत चल रहे वर्ल्ड कप की सर्वश्रेष्ठ टीम है और अब तक वो टूर्नामेंट में अजेय हैं। इसलिए, कोई टीम विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम को हराए बिना विश्व कप नहीं जीत सकती। साथ ही ऐसे खिताबी मुकाबले के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया अजनबी नहीं हैं क्योंकि वो ऐसे हाई वोल्टेज मुकाबले से पहले भी कई बार परिचित हुई हैं। यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। मदद कर रही परिस्थितियों के बीच नई गेंद से ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी और ओपनर्स द्वारा की गई बल्लेबाजी ने रोमांचक सेमीफाइनल में अंतर पैदा किया। मिचेल स्टार्क ने 34 रन देकर तीन विकेट लेते हुए अपना स्पेल पूरा किया और जब विजयी रन बने तब भी वह मैदान पर मौजूद थे।

# सूर्यकुमार को मिल सकती है भारतीय टीम की कप्तानी

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक्शन में आएंगे नजर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में भारतीय टीम का नेतृत्व कर सकते हैं क्योंकि विश्व कप के दौरान लगी चोट के कारण हार्दिक पंड्या बाहर हो गए हैं। सीरीज 23 नवंबर को विजाग में शुरू होगी और 3 दिसंबर को हैदराबाद में खत्म होगी। बीसीसीआई की वरिष्ठ राष्ट्रीय चयन समिति जल्द ही टीम चुनने के लिए बैठक करने वाली है और विश्व कप के करीब होने वाली श्रृंखला को देखते हुए दूसरी पंक्ति की टीम चुनी जाएगी।

टी20 प्रारूप में दुनिया के नंबर 1 बल्लेबाज सूर्यकुमार को भारत के वेस्टइंडीज दौरे के दौरान टी20 टीम का उप-कप्तान नियुक्त किया गया था, जहां उन्होंने कैरेबियाई और अमेरिका में पांच मैच खेले थे। विश्व कप के दौरान लगी टखने की चोट से पांड्या अभी तक उबर नहीं पाए हैं और उनका शुरूआती खेलना संदिग्ध है, ऐसे में अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति यादव को कप्तानी सौंप सकती है।



33 वर्षीय सूर्यकुमार ने इससे पहले कुछ साल पहले इमर्जिंग कप में मुंबई टीम और भारत की अंडर-23 टीम का भी नेतृत्व किया था। उनकी 360 खेलने की शैली ने उन्हें काफी लोकप्रियता दिलाई और कुछ ही समय में वह इस प्रारूप में दुनिया के सबसे घातक बल्लेबाज बन गए। रिपोर्ट के मुताबिक चयन समिति उन अधिकांश खिलाड़ियों को आराम देगी जो मौजूदा विश्व कप टीम का हिस्सा हैं। ईशान किशन और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे खिलाड़ियों को, जिन्हें विश्व कप में ज्यादा मैच खेलने का मौका नहीं मिला, उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज खेलने के लिए कहा जाएगा।

विश्व कप के बाद राहुल द्रविड़ का अनुबंध समाप्त होने के साथ बीसीसीआई ने वीवीएस लक्ष्मण को स्टॉप गैप व्यवस्था के लिए भारतीय टीम को प्रशिक्षित करने के लिए कहा है और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के सहयोगी स्टाफ को टीम की देखभाल करने के लिए कहा जाएगा।

# किक बॉक्सिंग एसोसिएशन का रेफरी सेमिनार आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शुक्रवार को झारखंड वाको किकबॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा संचालित किक बॉक्सिंग रेफरी सेमिनार स्थानीय एन के काम्प्लेक्स डॉ फतेहुल्लाह रोड रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुआ। जिसमें रांची जिला किक बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा बिमल आनन्द नाग, गुलाम जावेद, नौसाद खान, कमल किशोर कच्छप, कलीम खान, इबरार अंसारी, पूनम सिंह, ब्लमदीना तिग्गा, कुमारी प्रिया, अधिवक्ता प्रिया कुमारी, लालचंद लोहार, संदीप कुमार गोप ने हिस्सा लिया और सफलता प्राप्त किया। इस अवसर पर झारखंड एमेच्योर किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बी सी ठाकुर ने कहा रांची जिला किक बॉक्सिंग एसोसिएशन को और मजबूती प्रदान करने और रांची के खेल गांव में 25 से 26 नवम्बर को आयोजित खेलो इंडिया महिला लीग एमेच्योर किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता को देखते हुए यह सेमिनार आयोजित किया गया था। जिसमें सभी लोग सफल हुए उनको बधाई। इस अवसर पर बिनय सिन्हा दीपू अध्यक्ष रांची जिला किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ने कहा रांची में किक बॉक्सिंग महिला लीग में रांची जिला के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन होने कि सम्भावना है और बेहतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि रांची के बच्चे राज्य एवं देश में रांची का नाम रौशन करें।

# विश्व चैंपियन अर्जेंटीना की उरुग्वे से 0-2 से सनसनीखेज हार

**एजेंसी। ब्यूनस आयर्स**

लियोनेल मेसी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना बोम्बोनेरा स्टेडियम में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर में उरुग्वे से 0-2 से हार गई, उरुग्वे की जीत का श्रेय रोनाल्ड अराउजो और डार्विन नुनेज के प्रत्येक हाफ में गोल को जाता है। उरुग्वे शुरू से अंत तक बेहतर था और जीत के साथ, 10 अंकों के साथ स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गया, अर्जेंटीना से दो अंक पीछे, जिन्होंने पहले चार गेम जीतने के बाद अपना पहला अंक खो दिया है। उरुग्वे विश्व कप चैंपियन के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक था। डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी की गलती के बाद 10वें मिनट में डार्विन नुनेज ने एक क्रॉस शॉट के साथ स्कोरिंग की शुरूआत लगभग कर दी। पिछले साल कतर में विश्व कप के दौरान सऊदी अरब के खिलाफ ग्रुप-स्टेज ओपनर के बाद से अर्जेंटीना ने कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं हारा है। फीफा विश्व कप 2022 फाइनल जीतने के बाद यह पहली बार था जब अर्जेंटीना ने कोई गोल खाया। नुनेज ने 87वें मिनट में काउंटर पर गोल किया जब उरुग्वे की रक्षापंक्ति ने मेसी को अपने बॉक्स के किनारे पर रोक दिया। अर्जेंटीना अभी भी पांच मैचों में 12 अंकों के साथ 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष पर है। उरुग्वे 10 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। कोलंबिया के नौ और वेनेजुएला के आठ अंक हैं। ब्राजील सात अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रियो डी जेनेरो के माराकाना स्टेडियम में विश्व कप चैंपियन की मेजबानी करेगा।



# चीन ने थाईलैंड को 2-1 से हराया

**बैंकॉक।** चीन ने गुरुवार को यहां 2026 विश्व कप क्वालीफायर राउंड 2 में थाईलैंड को 2-1 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रमुख डिफेंडर जियांग गुआंगताई के बिना चीनी मुख्य कोच अलेक्जेंडर जानकोविच ने बैक-लाइन पर झू चेनजी और जियांग शेंगलोंग को चुना। जबकि, वू लेई ने मिडफील्ड में वू शी के साथ ट्राइडेंट अपफ्रंट का नेतृत्व किया। 5वें मिनट में सुफानत मुएंता की स्ट्राइक चीन के गोलकीपर यान जुनलिंग को चकमा नहीं दे पाई जबकि दूसरे छोर पर जियांग का प्रयास पोस्ट के बाहर था। मेजबान ने 23वें मिनट में जवाबी हमले के माध्यम से गतिरोध को तोड़ दिया। कुछ ही मिनट बाद चीन जल्द ही बराबरी पर आ गया। ब्रेक के कुछ मिनट बाद साराच के ट्विस्टिंग हेडर को यान ने रोक दिया, और चीन ने 74वें मिनट में दो स्थानापन्न खिलाड़ियों के संयोजन के साथ टर्नअराउंड पूरा किया।

### 28 से दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का होगा आयोजन

# फिर से चुने गए मुख्य संरक्षक अर्चित आनंद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गुरगांई बुढ़ीबागी मैदान ओरमांझी में होगा। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच 28 से 30 नवम्बर तक होने वाली है। जिसमें कुल 16 टीमें भाग लेगी। विजेता टीम को 31000/रू० हजार नगद एवं शील्ड दिया जाएगा। उपविजेता टीम को 21000/रू० हजार नगद एवं शील्ड दिया जाएगा वही तृतीय एवम चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 5100/रू० नगद एवं फुटबॉल देकर सम्मानित किया जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग लेगी। टूर्नामेंट में इन्ट्री फीस 4100रू. है एवं इन्ट्री की अंतिम तिथि 24 नवम्बर है। संपर्क करें:- 9798944537, 6206893132, 7004783166, 6200229080 सभी मैच अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार खेला जाएगा। टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए गुरगांई मैदान में जयडीहा पंचायत के उप मुखिया निलाम्बर सिंह की अध्यक्षता में बैठक रखा गया। जिसमें शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के मुख्य सलाहकार एवं खेल प्रशंसक अर्चित आनंद के आदेशानुसार टूर्नामेंट का रूपरेखा तैयार किया गया। तथा बैठक कर आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक अर्चित आनंद जी चुनें गए। अध्यक्ष नीलांबर सिंह सचिव विनोद कुमार महतो कोषाध्यक्ष दीपक नायक उपाध्यक्ष सनी सिंह नकुल बेदिया उपसचिव जीवनलाल मुंडा अजय गंझू उपकोषाध्यक्ष चुने गए। वहीं सदस्य के रूप में राम प्रसाद सिंह जयबीर बेदिया, प्रदीप मुंडा, दिलीप मुंडा, नितेश मुंडा, टार्जन सिंह, नितेश पाहन, शंकर मुण्डा, बिजय मुण्डा, बाबुलाल गंझू, संतोष नायक, समीर मुण्डा, अशोक नायक, संदीप मुण्डा, संजय गंझू, अमर कुमार,पंकज मुण्डा, तुलेराम बेदिया, चुने गए।

# डब्लू डब्लू ई रेसलर रह चुके द ग्रेट खली बने पिता



**नई दिल्ली।** डब्लू डब्लू ई रेसलर रह चुके दिलीप राणा उर्फ द ग्रेट खली पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी ने बेटे को जन्म दिया है। एक वीडियो में खली ने नवजात बच्चे के साथ वीडियो में इस बात की जानकारी दी है। इसके बाद से लोग उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई दे रहे हैं। एक सोशल मीडिया पेज पर खली के साथ उनके नवजात बच्चे को दिखाया गया है। हालांकि खली ने यह जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा नहीं की है। डब्लू डब्लू ई के जरिए अपनी पहचान बना चुके खली वीडियो में एक नवजात बच्चे को गले लगाते नजर आ रहे हैं।

**उम्मीद**

### भीलवाड़ा किंग्स एलसीसी सीजन 2 के लिए पूरी तरह तैयार

# पठान बंधुओं व तिलकरत्ने दिलशान को बरकरार रखा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पिछले सीजन के उपविजेता भीलवाड़ा किंग्स लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के दूसरे सीजन के लिए पूरी तरह तैयार हैं, क्योंकि उन्होंने इरफान पठान, यूसुफ पठान और तिलकरत्ने दिलशान जैसे दिग्गजों को बरकरार रखा है, जिससे उनकी संभावनाएं बढ़ गई हैं।

आगामी एलएलसी सीजन में 19 मैच होने की उम्मीद है और यह 18 नवंबर से 9 दिसंबर तक खेला जाएगा जिसमें देश भर में रांची, जम्मू, देहरादून, विजाग और सूरत जैसे शहरों में मैच आयोजित किए जाएंगे।

भीलवाड़ा किंग्स का मुकाबला गुजरात जाइंट्स, इंडिया कैपिटल्स, मणिपाल टाइगर्स के साथ-साथ साउदर्न सुपर स्टार्स और अर्बनराइजर्स हैदराबाद से होगा।

किंग्स ने हाल ही में आयोजित नीलामी में 200 से अधिक खिलाड़ियों के पूल में से 12 खिलाड़ियों को लाया है, जिससे टीम और मजबूत हुई है।




भीलवाड़ा किंग्स के सीईओ गुरप्रीत सरीन ने कहा, जैसा कि हम आगामी सीजन की शुरूआत कर रहे हैं, मुझे विश्वास है कि हमने जो अखंडता, लचीलापन और सौहार्द की नींव बनाई है, वह हमें नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। हमारी टीम की सावधानीपूर्वक रचना उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, और मैं इसके लिए उत्साहित हूं। उस सामूहिक भावना का गवाह बनें जो मैदान के अंदर और बाहर भीलवाड़ा किंग्स को परिभाषित करेगी। आइए केवल जीत के लिए नहीं बल्कि उस अदम्य भावना के लिए खेलें जो हमें भीलवाड़ा किंग्स के रूप में परिभाषित करती है।

# हार को पचा पाना मुश्किल है : तेम्बा बावुमा

**एजेंसी। कोलकाता**

तमाम प्रयासों के बावजूद साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल के तिलिस्म को तोड़ नहीं पाई और उसे गुरूवार को ऑस्ट्रेलिया से तीन विकेट से हार का सामना करना पड़ा। विश्व कप से बाहर होने पर निराश दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने मैच के बाद कहा,"इस हार को शब्दों में बता पाना बहुत कठिन है। हमने बल्ले और गेंद से जिस तरह की शुरूआत की वही टर्निंग प्वाइंट रहा, हम वहां बुरी तरह हारे। परिस्थितियों और बेहतरीन आक्रमण ने हमारा टॉप ऑर्डर बिखेर दिया। उन्होंने हमें पूरी तरह दबाव में डाला। क्लासेन के आउट होने से पहले हम मोमेंटम हासिल कर रहे थे और सभी को पता है कि आखिरी के ओवरों में वह कितने खतरनाक हो सकते हैं।" बावुमा ने शतकधारी डेविड मिलर की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने दिखाया कि एक खिलाड़ी के रूप में वह क्या कर सकते हैं। मिलर ने 101 रन बनाये लेकिन दक्षिण अफ्रीका 212 रन पर सिमट गया। ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 215 रन बनाकर फाइनल का टिकट हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ने ऑस्ट्रेलिया को फाइनल के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा,"ऑस्ट्रेलिया को फाइनल के लिए शुभकामनाएं।



